चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 65, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू 16

गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है हुमा कुरैशी 15


## झगड़े के बाद पत्नी की गला घोंटकर हत्या फिर लेकर पहुंचा अस्पताल

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मौत के घाट उतारने के बाद पति उसे सरकारी अस्पताल ले गया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरी निवासी दिग्विजय शर्मा की पुत्री प्रतिभा (24) का विवाह फरवरी माह में मीठी बेरी निवासी दीपक शर्मा के साथ हुआ था। रविवार रात्रि पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी के चलते दीपक ने गला घोंटकर प्रतिभा की हत्या कर दी। इसके बाद देर रात्रि दीपक उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल से 22 अप्रैल की तड़के करीब तीन बजे सरकारी अस्पताल से डेथ मेमो प्रेमनगर थाना पुलिस को भेजा गया। मेमो की जांच को पहुंची पुलिस ने दीपक से घटना के बारे में जानकारी ली तो वह टालता रहा। लेकिन सख्ती करने पर उसने सबकुछ उगल दिया।



- दो माह पूर्व हुई थी शादी आरोपी पति गिरफ्तार रविवार को हुआ था विवाद

पुलिस के मुताबिक शादी के कुछ दिनों बाद ही पति-पत्नी में विवाद होने लगा था। आए दिन उनमें कहासुनी होती थी। रविवार को हुए विवाद के दौरान दीपक ने वारदात को अंजाम दिया। मृतका के शव का पंचनामा मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भरा गया। मृतका के पिता दिग्विजय शर्मा की तरफ से दामाद, बेटी के सास-ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के चलते हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

**40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने**

## डी . गुकेश के मोहरों ने चली खिताबी चाल, बने ग्रैंडमास्टर

टोरंटो, एजेंसी

भारत के 17 वर्ष के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। गुकेश ने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेला। विश्व चैंपियन के चैलेंजर का निर्धारण करने वाले इस टूर्नामेंट में उनके 14 में से नौ अंक रहे। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे।

चेन्नई के रहने वाले गुकेश ने कास्पोरोव का रिकॉर्ड भी तोड़ा। कास्पोरोव 1984 में 22 साल के थे जब उन्होंने रूस के ही अनातोली कारपोव को विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती दी थी। गुकेश ने जीत के बाद कहा बहुत राहत महसूस कर रहा हूं। मैं फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि के बीच मैच देख रहा था। इसके बाद टहलने चला गया जिससे मदद मिली। गुकेश को 88500 यूरो (78.5 लाख रूपये) ईनाम के तौर पर भी मिले। इस टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि पांच लाख यूरो है। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। आनंद ने एक्स पर लिखा, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है, मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। गुकेश को जीत के लिए ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर कारूआना और नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही।



> डी गुकेश की यह उपलब्धि से लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा होगी। भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। – **प्रधानमंत्री**

अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा वो 15 मिनट पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा तनावपूर्ण थे। मैं कमेंट्री सुन रहा था और फिर मैं अपने ट्रेनर के साथ टहलने निकल गया। उसके बाद मेरे पिता दौड़ते हुए आए। उन्होंने कहा कि मेरे पास बेहतरीन सहयोगी हैं। मैं उनके नाम नहीं लूंगा लेकिन उन्हें पता है कि मैं उनका कितना शुक्रगुजार हूं।


पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


# कांग्रेस-भाजपा में सियासी घमासान

## कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर आपकी कमाई पर : मोदी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि यह पार्टी देश पर माओवादी सोच थोपकर और जनता की कमाई पर कब्जा कर उसे लोगों में बांटना चाहती है। हालांकि मोदी ने इस बार यह वितरण मुसलमानों के बीच किये जाने की बात नहीं कही। प्रधानमंत्री ने अलीगढ़ और हाथरस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर तुष्टीकरण करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि इन दलों ने पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिये कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। प्रधानमंत्री ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। उसे पवित्र माना जाता है। कानून भी उसकी रक्षा करता है लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं, बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है। प्रधानमंत्री ने कहा कांग्रेस सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी।



- देश पर माओवादी सोच थोपकर जनता की कमाई पर पंजा मारना चाहती है कांग्रेस

## प्रधानमंत्री के झूठ के कारोबार का अंत नजदीक : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी और सूरत में भाजपा के उम्मीदवार के निर्विरोध जीतने को लेकर सोमवार को दावा किया कि देश में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान और आरक्षण रूपी सामाजिक न्याय की व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अब झूठ के कारोबार का अंत नजदीक है। इस बीच, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी देने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को राजस्थान की एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि देश में बेरोजगारी और महंगाई का पीक (उच्चतम स्तर) है और नरेन्द्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास मुद्दों से भटकाने की नई-नई तकनीक हैं। उन्होंने सूरत के घटनाक्रम को लेकर एक अन्य पोस्ट में कहा तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। कांग्रेस नेता ने कहा मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जहरीली भाषा में दुनिया भर की बातें बोलते हैं। उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। कहा कि 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती आ रही है। इससे अजा और अनुसूचित जनजाति की आबादी का वास्तविक आंकड़ा सामने आता है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक यह किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं।



- भाजपा बाबासाहेब के संविधान और आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही भाजपा

## चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की। जिसमें उन्होंने एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की और 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में गुरदीप सिंह सप्पल और सुप्रिया श्रीनेत शामिल थे। सिंघवी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने पांच-छह शिकायतों पर विशेष रूप से विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) पुत्री अंजली बिरला का भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार करने, सूरत लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद करने और मणिपुर में लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान हिंसा का मामला भी उठाया गया।

## पिथौरागढ़ में बोलेरो खाई में गिरी, 4 लोगों की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ से सोमवार की तड़के विवाह समारोह से लौट रही छलिया नर्तकों की बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर करीब दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। रेस्क्यू टीम ने घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों में दो सगे भाई शामिल हैं।

पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय से करीब तीस किमी दूर चमाली मोटर मार्ग पर बड़ाबे में विवाह समारोह था। विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सोमवार की तड़के करीब तीन बजे के आसपास बारात में शामिल छलिया नर्तकों का दल बोलेरो गाड़ी से चमाली की ओर वापस लौट रहा था। करीब चार बजे चमाली मोटर मार्ग के अंडाली बैंड के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। करीब साढ़े पांच बजे जिला प्रशासन को हादसे की खबर मिली। जिसके बाद पुलिस, एसडीआरएफ, राजस्व विभाग की टीम और 108 एंबुलेंस मौके की ओर रवाना हुई।



- विवाह समारोह से लौट रही थी छलिया नर्तकों की टीम

एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया और घायल जगदीश प्रसाद (40) पुत्र दीवानी राम, राजेंद्र राम (36) पुत्र नारायण राम, हिमांशु (19) पुत्र सुरेंद्र लाल सभी निवासी ग्राम डूंगरी रावत और प्रियांशु (18) पुत्र सुरेंद्र लाल निवासी ग्राम रोड़ी पाली को अस्पताल भेजा। संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि चार अन्य पवन कुमार (37) पुत्र जगत राम, अंगद कुमार (30) पुत्र जगत राम, कैलाश राम (42) पुत्र शोबन राम और अजय कुमार (31) पुत्र होशियार राम चारों निवासी ग्राम डूंगरी रावल की हादसे में मौत हो गई है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. आशु ने बताया कि हादसे के चारों घायलों की हालत भी काफी गंभीर है। जिनका उपचार किया जा रहा है।

## उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं, 12वीं के नतीजे 30 को

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित होंगे। रामनगर स्थित उत्तराखंड बोर्ड के मुख्यालय में सोमवार को बोर्ड सभापति महावीर सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में परीक्षाफल समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने परीक्षाफल समिति की बैठक के बाद बताया कि 30 अप्रैल को पूर्वाह्न 11.30 बजे सभापति परीक्षाफल की घोषणा करेंगे। इसके बाद बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षाफल अपलोड कर दिया जाएगा। प्रदेश में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 16 मार्च को संपन्न हो चुकी हैं। जिसके बाद 27 मार्च से 10 अप्रैल तक उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य भी पूरा हो चुका है।

**सुप्रीम कोर्ट ने रद किया बंबई हाईकोर्ट का फैसला**

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को 30 सप्ताह के गर्भ के समापन की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं।

न्यायालय ने कहा, स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है...हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है।

सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा, हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि पीड़िता 14 साल की है और यह दुष्कर्म का मामला है। कोर्ट ने इसे असाधारण मामला माना।

न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित एलटीएमजीएच के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। न्यायालय ने कहा, मेडिकल बोर्ड ने राय दी है कि नाबालिग की इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने से महज 14 साल की किशोरी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था।



- कहा, ये असाधारण मामला, डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन करने को कहा

उसने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से इस संबंध में रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा न करने की सलाह दी जाती है तो इसका उसकी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है।

गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम' (एमटीपी) के तहत, विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए भी गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं।

## केजरीवाल की जमानत के लिए पहुंचा था कोर्ट, लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए असाधारण अंतरिम जमानत का अनुरोध करने वाली एक विधि छात्र की जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता पर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। केजरीवाल आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। विवादों में घिरे आप नेता के वकील ने भी जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल खुद कानूनी उपाय करने में सक्षम हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने टिप्पणी की कि यह याचिका उचित विचार करके दायर नहीं की गई और अदालत उच्च पद पर आसीन किसी व्यक्ति को असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। पीठ ने कहा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज में कक्षा में जाता है? क्या याचिकाकर्ता की उपस्थिती अच्छी है? ऐसा लगता है कि वह कानून के सिद्धांतों का पालन नहीं कर रहा।



- नाराज कोर्ट ने पूछा क्या याचिकाकर्ता कॉलेज की कक्षा में जाता है

## सूरत लोस सीट से भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजेता

**नई दिल्ली।** सूरत लोक सभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नमांकन रद्द होने के बाद देर शाम निर्वाचन आयोग ने भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित किया है। कांग्रेस हाई कमान ने कहा है कि सूरत में कांग्रेस के मुख्य उम्मीदवार और डमी उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज होने के मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। लेकिन सूरत के निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी की रिपोर्ट को आयोग ने हरी झंडी दे दी है और मुकेश दलाल को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया है।

## खेत में फैला करंट, दो की मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** धान की बुवाई के दौरान खेत में मोटर के तार से करंट फैल गया। घटना में खेत स्वामी व एक महिला मजदूर की मौत हो गई। परिजन चुपचाप शवों को अपने-अपने घर ले गए। पुलिस मौके पर पहुंची तो खेत स्वामी के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में खेत स्वामी एवं महिला मजदूर का परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

बरेली मार्ग स्थित नितिन इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी वार्ड नंबर 2, आजादनगर निवासी राजकुमार खुग्गर अपने खेत में मजदूरों को लेकर धान की बुवाई करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में मोटर की सप्लाई के लिए डाली गई तार को उठाकर खेत की बाउंड्री वॉल पर रखने के दौरान खेत स्वामी राजकुमार खुग्गर (62) करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। इसी बीच तार से करंट खेत में पड़े पानी में भी प्रवाहित हो गया। इससे खेत पर काम कर रही महिला मजदूर ग्राम दोपहरिया, थाना पुलभट्टा निवासी 64 वर्षीय जयंती देवी सहित हिरवंथी राधा देवी, गीत देवी सहित एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। अस्पताल में चिकित्सकों ने राजकुमार खुग्गर एवं जयंती देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बीएस चौहान व अन्य मौके पर पहुंचे। मृतक राजकुमार के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। इसके चलते मौके पर हंगामा शुरू हो गया। उधर, महिला मजदूर जयंती देवी के निवास पर भी उनके 6 बच्चे तथा अन्य परिजन रोते बिलखते रहे।



जयंती देवी



राजकुमार

- धान की बुवाई के दौरान मोटर के लिए लगाए तार से फैला करंट

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आ रही हैं। राष्ट्रपति 23 अप्रैल को एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह व परमार्थ निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति यहां एमबीबीएस, एमडी व बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान करेंगी। 24 को राष्ट्रपति आईजीएनएफए में होने वाले आइएफएस के 2022-24 बैच के दीक्षा समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति विशेष विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगी और सीधे राजभवन जाएंगी। एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह व मुख्यमंत्री धामी राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे।

## सड़क पर जीवनसंगिनी का शव... घर आकर पति ने भी जान दी

**स्कूटी से जाते समय गई महिला की जान, स्टाफ नर्स के रूप में थीं सेवारत, तीन महीने पहले हुई थी शादी**

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर स्कूटी से ड्युटी करने जा रही महिला को तेज़ रफ्तार गाड़ी ने कुचल दिया। महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। महिला की मौत के बाद मौके पर पहुंचा उसका पति पत्नी का शव देखते ही सदमें में आ गया। वह घर पहुंचा व बिजली के तार के फंदे से लटककर जान दे दी।

सुरसा थाने के दाऊदपुर पचकोहरा निवासी योगेश कुमार पिहानी ब्लाक के टीकमपुरवा में शिक्षक थे। तीन महीने पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की 25 वर्षीय मणिकर्णिका के साथ उनका विवाह हुआ था। मणि कर्णिका टड़ियावां सीएचसी में स्टाफ नर्स के पद पर सेवारत थीं। मणिकर्णिका रोज़ की तरह सोमवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी पर आ रही थीं। उसी बीच लखनऊ-पलिया हाईवे पर पचकोहरा चौराहे पर एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने पहले ठोकर मारी व कुचलते हुए निकल गई। मणकर्णिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत के बाद सड़क पर जाम लगा दिया गया। मणिकर्णिका की मौत की खबर सुनकर पति योगेश पचकोहरा चौराहे पर पहुंचें। सड़क पर जीवनसंगिनी का शव देख वे सदमें में आ गए। किसी से कुछ बोले बिना वह अपने घर पहुंचे। कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर लिया।



मणिकर्णिका



योगेश

### मरने से पहले हाथ पर लिखा था...सॉरी

मणि कर्णिका और योगेश के बीच चाहत की नींव कितनी मज़बूत थी, इसका पता तब हुआ जब दोनों हमेशा-हमेशा के लिए दुनिया से चले गए। पहले पत्नी की हादसे में मौत और उसके कुछ ही देर में पति का दुनिया से अलविदा कहना हर एक को अखर गया। लेकिन जब मणि कर्णिका के बाद उसके पति योगेश कुमार का शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया, तो वहां उसके हाथ की खुली मुट्ठी पर 'सॉरी...जिएंगे, साथ मरेंगे' की लिखी हुई इबारत पढ़ कर हर दिन शवों को चीरने वाले हाथ कांप उठे। सॉरी के बाद उसने जो लिखा, उससे पता चलता है कि अपनी जीवन संगिनी के न रहने से उसकी ज़िंदगी बे-मकसद हो गई थी, बस इसी लिए उसने जीने की तमन्ना को दरकिनार कर खुद से मौत को गले लगा लिया।

### बेटे और बेटी की मौत से बेहाल हैं दोनों के माता पिता

**हरदोई।** सड़क हादसे का शिकार हुई स्टाफ नर्स मणि कर्णिका जहां अपने घर की इकलौती थी, वहीं योगेश भी घरवालों का इकलौता था। बेटी की मौत की खबर से उसके मायके में चीख-पुकार मची हुई थी, उसके कुछ ही देर बाद जब पता चला कि मणि कर्णिका की मौत के बाद योगेश ने भी आत्महत्या कर ली, इतना सुनते ही वहां हर तरफ मातम बरपा हो गया। दाऊदपुर के पुत्तूलाल का इकलौता लाडला योगेश कुमार बचपन से ही पढ़ने-लिखने में अव्वल रहता था। उसने ठान रखा था कि वह पढ़-लिख कर शिक्षक बनेगा और वहीं उसने साबित भी किया।

## सार-संक्षेप


बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे।

### शहीदों और बिछड़े साथियों को दी श्रद्धांजलि

**लालकुआं :** भाकपा (माले) के 56वें स्थापना दिवस पर मतदाताओं से लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए फांसीवादी ताकतों के खिलाफ मतदान करने की अपील की गई। यहां काररोड बिंदुखत्ता में भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस उत्साह से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों और बिछड़े साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित कर भाकपा माले के जिला सचिव कैलाश पांडेय ने कहा कि ठीक आज ही के दिन 22 अप्रैल 1969 को भाकपा माले की स्थापना हुई थी और 22 अप्रैल को ही दुनिया की पहली समाजवादी क्रांति और समाजवादी राज्य के पहले महान शिल्पी कामरेड लेनिन का भी जन्मदिन है। समारोह में मुख्य रूप से माले जिला सचिव पाण्डेय, डा. कैलाश पाण्डेय, बहादुर सिंह जंगी, विमला रौथाण, भुवन जोशी, पुष्कर दुबड़िया, ललित मटियाली, नैन सिंह कोरंगा, धीरज कुमार, बिशन दत्त जोशी, निर्मला शाही, त्रिलोक राम, ललित जोशी, स्वरूप सिंह दानू, मनोज, मदन धामी, शिव सिंह आदि शामिल रहे।

### नैनीताल में पर्यटकों की आमद से खिले व्यापारियों के चेहरे


पंत पार्क में चहलकदमी करते विदेशी पर्यटक।

**नैनीताल :** पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है, जिसके चलते सरोवर नगरी नैनीताल में देश के अलग-अलग राज्यों से हर रोज बड़ी संख्या में सैलानी सरोवर नगरी नैनीताल पहुंच रहे हैं, जिसके चलते स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर भी रौनक देखने को मिल रही है। सोमवार को भी नैनीताल में कई राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे थे। इस दौरान सैलानियों ने नैनी झील में नौकायन व बारा पत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का आनंद लिया। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार सोमवार को नगर का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# नए रंग रूप में नजर आएगा पिनरौ का ओपन थियेटर

## लोक संस्कृति को बचाने के लिए ऐपण कला से सजाया जा रहा थियेटर, ओम की आकृति में लगाए जाएंगे देवदार के 100 पौधे

एक्सक्लूसिव

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं संस्कृति से नई पीढ़ी को अवगत कराने और संस्कृति को बचाने के लिए विकासखंड भीमताल के पिनरौ स्थित मनरेगा से निर्मित ओपन थियेटर को इन दिनों ऐपण कला से सुसज्जित किया जा रहा है। यह कार्य होप संस्था के द्वारा कराया जा रहा है।

होप संस्था के कार्यकर्ता उमेश पलड़िया और संतोष पलड़िया ने बताया कि कुमाउनी लोक संस्कृति के अनुरूप इस कार्य को क्षेत्र के तीन युवक कर रहे हैं। वहीं बताया कि तीनों युवक स्थानीय निवासी हैं। राकेश, सुनील और संजय ऐपण को बना रहे हैं। वहीं अवगत कराया कि जहां एक ओर ओपन थिएटर भीमताल विधानसभा में अपनी एक विशेष पहचान अर्जित करेगा, वहीं इसमें ऐपण हो जाने से ग्रामीणों को अपना व्यवसाय करने का भी अवसर मिलेगा।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ओपन थिएटर आने वाले दिनों में पर्यटन के नए आयाम स्थापित करेगा। मालूम हो कि इन दिनों रिसॉर्ट व होटल आदि में कुमाऊनी संस्कृति से संबंधित कार्य को लेकर काफी मांग है। होटल व रिसॉर्ट स्वामी लोक संस्कृति आधारित चित्रकारी कराना तो चाहते हैं पर कलाकार नहीं होने के कारण नहीं करा पाते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो ओपन थियेटर एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को बाहर आसपास के क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर मिल सकें।


विकासखंड भीमताल के पिनरौ स्थित ओपन थियेटर को ऐपण से सजाया जा रहा। ● अमृत विचार

### पहली बार पेंटिंग ब्रश थामकर कर रहे हैं सटीक चित्रकारी

यदि आप के पास हुनर है तो कोई भी आपको इसके प्रदर्शन करने से वंचित नहीं कर सकता है। ऐसा ही कुछ इन दिनों ओपन थिएटर में ऐपण बनाने में लगे राकेश सुनील व संजय के साथ भी है। उमेश पलड़िया बताते हैं कि इन युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए उनकी रुचि के मुताबिक इस कार्य में लगाया गया है जबकि इनके द्वारा कभी भी चित्रकारी का कार्य नहीं किया गया। वहीं बताया कि इनको इस कार्य के करने से पहले ऐपण के संबंध में कुछ फोटोग्राफ उपलब्ध कराई गई थी जिसको देखकर तीनों युवक हू ब हू वैसी ही चित्रकारी कर ओपन थिएटर को सजा रहे हैं।

### बोले लोग


ओपन थिएटर क्षेत्र की एक पहचान तो है ही। इसके साथ ही साथ इस पर जो ऐपण आदि किया जा रहा है उससे यह अपनी विशेष पहचान बनाने में कामयाब रहेगा। **-उमेश पलड़िया**, कार्यकर्ता, होप संस्थान


क्षेत्र के युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने के लिए इस प्रकार के कार्य आने वाले समय में मील के पत्थर साबित होंगे। **-संतोष पलड़िया**

## 26 से 28 अप्रैल तक होगा विशेष आयोजन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** स्थानीय होप संस्था के कार्यकर्ताओं के अनुसार 26 से 28 अप्रैल तक ओपन थिएटर में स्वास्थ्य शिविर व अन्य गतिविधियों को लेकर कार्यक्रम आयोजित होना है। संस्था के अध्यक्ष अक्षत खन्ना, उमेश पलड़िया और संतोष पलड़िया ने बताया कि इस दौरान पुस्तकालय व जिम का शुभारंभ भी किया जाएगा।

मालूम हो कि होप संस्था पिछले 5 साल से भीमताल विधानसभा के भीमताल ब्लॉक में लोगों की सेवा में लगी हुई है। संस्था के अध्यक्ष असित खन्ना गुरुग्राम में जाने-माने चिकित्सक हैं। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आंखों की जांच अन्य जांच कृत्रिम अंगों का वितरण भी किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने अवगत कराया कि बरसात में पानी के लिए जागरूकता अभियान भी आयोजित होना है। बच्चों को विभिन्न विषयों से जोड़ने के लिए बच्चों की प्रतियोगिता विशेष कर कला प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। संस्था के पदाधिकारी के अनुसार संस्था के द्वारा क्षेत्र में देवदार के 100 पेड़ भी लगाए जाने हैं जिसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। वहीं अवगत कराया कि लगाए गए पेड़ों की देखभाल क्षेत्र की जनता करेगी ताकि आने वाले समय में क्षेत्र में पानी की किल्लत न हो। इन वृक्षों को ओम की आकृति में लगाया जाएगा ताकि इसको आसमान से भी देखा जा सके। स्थानीय लोगों की मानें तो उनका प्रयास रहेगा कि जब पेड़ बड़े हो जाएंगे तो काफी अधिक ऊंचाई से भी देखे जा सकें। वहीं आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र निष्प्रोज्य प्लास्टिक का कैसे उपयोग करें इसका प्रदर्शन रहेगा। इसके लिए प्लास्टिक का उपयोग के संदर्भ में विस्तृत व्याख्यान भी दिया जाना प्रस्तावित है।

### स्वास्थ्य शिविर लगेगा

- आंखों की जांच कर कृत्रिम अंगों का वितरण भी किया जाएगा
- पुस्तकालय और जिम का शुभारंभ भी किया जाएगा

# चुनाव बहिष्कार कर जिम्मेदारों पर जताया रोष

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में वर्ष 2019 की अपेक्षा इस वर्ष लोकसभा चुनाव में लगभग 5% कम मतदान होना तथा दो दर्जन से अधिक स्थानों पर मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए चुनाव बहिष्कार किया जाना, इस बात का संकेत दे रहा है कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण जिन उम्मीद और अपेक्षाओं को लेकर किया गया था, जिस राज्य निर्माण के लिए अनेक शहादत हुईं, अनेक संघर्ष हुए वह सपने आज भी अधूरे हैं। उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से आ रहीं चुनाव बहिष्कार की खबरें इस बात को साबित कर रही हैं कि इन 24 वर्षों में जो कुछ होना था वह नहीं हुआ है।

वरन हालात आज भी झकझोर कर रख देने वाले हैं। हम आज भी सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुख सुविधाओं से वंचित हैं। मतदान लोकतंत्र का महापर्व होता है। जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार होता है। लोगों में उत्साह और उमंग का संचार होता है कि हमारा एक-एक वोट लोकतंत्र में अपनी मजबूत सहभागिता निभाएगा।

हमारे एक-एक वोट की चोट दशा और दिशा दोनों को सही करने में मददगार साबित होगा। उत्तराखंड में मत प्रतिशत बढ़ाने के तमाम प्रयास किए गए विभिन्न जागरूकता वाले कार्यक्रम चलाए गए प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा स्वयंसेवी संगठनों के द्वारा भी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अपील की गई। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं में जागरूकता लाने मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत भरसक कोशिश भी की गई। अबकी दफा मत प्रतिशत को 75% तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन लक्ष्य तो दूर पिछला रिकॉर्ड भी बरकरार नहीं रखा जा सका और वर्ष 2019 की तुलना में इस बार का जो मत प्रतिशत रहा वह 5% कम रहा।

यह तस्वीर लोकतंत्र के लिए सुखद नहीं है। इससे भी बढ़कर दुखद पहलू यह है कि दो दर्जन से अधिक स्थानों पर चुनाव बहिष्कार किया गया। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने की बजाय बहिष्कार कर देना कहीं ना कहीं एक पीड़ा को दर्शाता है कि राज्य गठन को लेकर के जो यहां के क्रांतिकारियों ने आंदोलनकारियों ने सपने देखे थे उम्मीदें संजोई थी वह पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर सके हैं।

राज्य बनने के 24 वर्षों के बाद भी उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आ रही चुनाव बहिष्कार की खबरें बेहद कष्ट दायक है ऐसे में जरूरी है कि जिन लोगों को उत्तराखंड की जनता ने सेवा करने का मौका प्रदान किया है वे एक जिम्मेदार सेवक की भांति अपना कर्तव्य निभाएं तथा मूलभूत समस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। तभी चुनाव बहिष्कार जैसी कष्ट दायक पीड़ा से बचा जा सकता है।

### मत प्रतिशत घटा

- उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से आ रहीं चुनाव बहिष्कार की खबरें
- साबित हो रहा कि 24 वर्षों में जो कुछ होना था वह नहीं हुआ



## छह स्ट्रीट लाइट की चोरी में तीन गिरफ्तार

**नैनीताल:** शहर के मल्लीताल क्षेत्र में एक कमरे का ताला तोड़कर चोर छह स्ट्रीट लाइट ले उड़े। पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

मूल रूप से हरिद्वार निवासी मोहम्मद सलमान का ठंडी रोड क्षेत्र में लाइट लगाने का कार्य चल रहा है, जिसके लिए उसने सामान रखने के लिए मल्लीताल बड़ा बाजार में गोदाम बनाया है। आठ अप्रैल को उसके गोदाम के कमरे में लगा ताला टूटा मिला। भीतर स्ट्रीट लाइट गायब मिलीं। उसकी तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पंगोट क्षेत्र से तीन आरोपित हरीश राम निवासी स्टाफ हाउस मल्लीताल, संजय बिष्ट निवासी सूखाताल, अभिषेक गंगोला निवासी महरौड़ा को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से चोरी की स्ट्रीट लाइट भी बरामद हो गईं।

## अनुमति नहीं मिलने पर कई कार्यों के टेंडर रुके

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आचार संहिता लगने के बाद से पालिका के बहुत से काम रुक गए हैं, जिससे पालिका कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण नैनीताल डीएसए पार्किंग का टेंडर, भवाली में लगने वाला कूड़ा रिसाइकिल प्लांट का टेंडर और डोर टू डोर का टेंडर रुका हुआ है। पालिका की ओर से टेंडरों को लेकर पूरी तैयारी है, लेकिन पालिका को शासन से इन टेंडरों को जारी करने की अनुमति नहीं मिल रही है, जिससे पालिका के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पालिका कर्मचारियों को वेतन ना मिलने के कारण पालिका कर्मचारी भी परेशान हैं। पालिका कर्मचारियों का वेतन डीएसए पार्किंग टेंडर के भरोसे पर है। डीएस पार्किंग का टेंडर नहीं होने के कारण पालिका ही डीएसए पार्किंग का संचालन कर रही है, जिससे पालिका में कर्मचारियों की भी कमी हो रही है। वहीं गर्मी में सरोवर नगरी में पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ रही है। अगर डोर टू डोर का टेंडर भी समय से नहीं हुआ तो शहर में गन्दगी बढ़ने का खतरा भी बना हुआ है।

शासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण पालिका के बहुत से कार्य लंबित हैं, जिसके कारण पालिका कर्मचारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर पालिका को समय से सभी कार्यों की अनुमति मिल जाएगी तो कर्मचारियों और लोगों की समस्याओं को दूर कर दिया जाएगा। **-राहुल आनंद**, पालिका अधिशासी अधिकारी

### मंदिर से घंटियां चोरी होने पर ग्रामीणों में रोष

**नैनीताल :** शहर के समीपवर्ती पटवाडांगर क्षेत्र स्थित एपाल देवता मंदिर से चोरों ने घटिया चुरा लीं, जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीण रविवार को मंदिर में पूजा अर्चना को पहुंचे थे, जहां उनको कुछ घंटियां गायब मिलीं। दानपात्र का ताला टूटा और अन्य सामान भी बिखरा हुआ मिला। उन्होंने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# जाम में फंसे वाहन, देर रात स्थिति हुई सामान्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी की मुख्य सड़कों पर सोमवार की शाम जाम लग गया। नैनीताल, बरेली और रामपुर रोड पर लंबा जाम लग गया। जिस वजह से वाहनों को रेंग-रेंग कर चलना पड़ा।

शहर में शाम को आयोजन होने की वजह से वाहनों का लंबा जाम लग गया। नैनीताल और बरेली रोड पर घंटों जाम लग रहा। वही मुखानी रोड और नहर कवरिंग रोड पर भी यही हाल रहे।

करीब 1 किलोमीटर का सफर तय करने में वाहनों को 10 से 15 मिनट का समय लग रहा था। मुख्य चौराहों पर पुलिस तैनात थी जो जाम को खुलवाने का प्रयास कर रही थी। यह स्थिति रात को करीब 9:30 बजे तक बनी रही उसके बाद ही हालत सही हो पाए।

# बोट स्टैंड पर मादक पदार्थों के सेवन पर रोक

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के समीप कमल ताल वोट स्टैंड में साहसिक खेल कल्याण समिति की मासिक बैठक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चनोतिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जहां सभी गतिविधियों के नियमानुसार एवं सुव्यवस्थित संचालन पर चर्चा हुई तो वहीं वोट स्टैंड पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन करने वाले व्यक्ति पर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ। तय किया गया कि अनाधिकृत गाइड या अन्य व्यक्ति की ओर से बोर्ड स्टैंड पर पर्यटकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है तो इस संबंध में शिकायत को शीघ्र हेल्पलाइन नंबर जारी होगा। तय किया कि पर्यटकों से सिंचाई विभाग की निर्धारित दरों से ही गतिविधि का शुल्क लिया जाए। अधिक शुल्क लिए जाने पर शिकायत मिलने पर संबंधित संचालक के खिलाफ लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई समिति की ओर से की जाएगी। भीमताल से नौकुचियाताल मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए शीघ्र ही समिति सदस्यों का शिष्टमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात किए जाने को लेकर सर्वसम्मति बनी।

बैठक में ललित मोहन कनार्टक, नवल कुमार, विवेकानंद पाठक, सुरेश चंद्र, सतीश चंद्र, त्रिलोक, पूरन राम आर्य, राजेश पलड़िया, पवन पलड़िया आदि मौजूद थे।

### होगी कार्रवाई

- कमल ताल वोट स्टैंड में साहसिक खेल कल्याण समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

कार्यक्रम — पृथ्वी दिवस पर डीएसबी परिसर में व्याख्यान का आयोजन, प्लास्टिक को पृथ्वी के लिए बेहद खतरनाक बताया

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को करनी होगी पहल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस बर्गली ने विद्यार्थियों को पर्यावरण स्वच्छ रखने की सलाह दी। कहा कि हमें अपने पर्यावरण के संरक्षण को लेकर खुद से पहल करनी होगी। इस वर्ष की थीम प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक है।

प्रो. बर्गली ने कहा कि प्लास्टिक पृथ्वी के लिए बेहद खतरनाक है और इसे नष्ट होने में चार सौ साल से अधिक समय लगता है। विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक डॉ. ललित तिवारी ने कहा कि अर्थ का सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए। हमें पृथ्वी का संरक्षण करना चाहिए और सतत विकास पर ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान यहां पौधे भी रोपित किए गए। इस मौके पर प्रो. किरन बर्गली, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. अनिल बिष्ट, प्रो. कपिल खुलबे, डॉ. हर्ष चौहान, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. प्रभा पंत, डॉ. हिमानी कार्की आदि रहे। वहीं दूसरी ओर पृथ्वी दिवस के मौके पर ऑल सेंट्स कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने ग्रीन हाउस गैसों की संद्रता बढ़ने से ग्लोबल वार्मिंग और अपने स्तर पर इसके उपायों पर प्रकाश डाला। इस से पहले बच्चों को हर वर्ष 22 अप्रैल को दुनिया में पृथ्वी दिवस मनाने के बारे में जानकारी दी गई।


कुमाऊं विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में पौधे रोपते प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं।


हरमन माइनर डिग्री कालेज भीमताल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाते छात्र-छात्राएं।

### इको गार्डन की नींव रखकर कैम्पस को प्लास्टिक मुक्त बनाने का निर्णय

**भीमताल :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज जेएन कौल शिक्षण संस्थान भीमताल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों ने विश्व पृथ्वी दिवस 2024 की थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक को लेकर पोस्टर बनाए। विद्यार्थियों ने शिक्षण संस्थान में इको गार्डन की नींव रखी, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जायेगा। शिक्षण संस्थान को प्लास्टिक मुक्त कैम्पस बनाने का निर्णय लिया। शिक्षण संस्थान की प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने बताया कि पृथ्वी दिवस को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सतीश चन्द्र सौरियाल ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को समाप्त करना और उसके विकल्प की तलाश पर जोर देना है। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान भीमताल से बीना नेगी चौधरी, राजेन्द्र सिंह खाती, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. विनीता राय, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. पूनम मेहता, गणेश चन्द्र, डॉ. मंन्जू नेगी, डॉ. गीता आर्या, दीपक देशवाल, पूजा आर्या, शालिनी भारती, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, रामकृष्ण आर्य, पूजा, नितिन भगवाल, भुवन पलड़िया, दीपा देवी और तनूजा आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### आठ घंटे विद्युत आपूर्ति रही बाधित, लोग परेशान

**हल्द्वानी** : सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते जारी रोस्टर के दौरान सोमवार को लालकुआं धौलाखेड़ा और ऊंचापुल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति आठ घंटे के लिए बंद रही। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत न आने से लोगों को दिनभर गर्मी से जूझना पड़ा। वहीं लोगों के विद्युत उपकरण भी नहीं चल पाए। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाईयों को भी बिजली न होने से कामकाज में परेशानी झेलनी पड़ी। एसडीओ विद्या भूषण जोशी ने बताया कि ऊंचापुल से त्रिमूर्ति तक नहर कवरिंग और लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बंद की गई थी। इसके बाद आपूर्ति सुचारू कर दी गई।

### कार से शराब बेच रहे दो युवक पकड़े

**हल्द्वानी** : पुलिस ने कार से शराब बेच रहे दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस को सूचना मिली कि कुसुमखेड़ा चौराहा के पास दो युवक कार की डिग्गी में शराब रखकर बेच रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी से 48 पव्वे देसी शराब व दबंग मार्का के 288 पव्वे बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहित बिष्ट (29) व गौरव सिंह (32) बताया। दोनों युवक ग्राम बसानी थाना मुखानी के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव

**हल्द्वानी** : रानीबाग क्षेत्र में एक अधेड़ का शव पेड़ पर लटका मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में बने रानीबाग झूला पुल के आगे आम के बाग में स्थानीय लोगों को एक अधेड़ का शव पेड़ पर लटका दिखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और शिनाख्त कराई, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस के मुताबिक शव करीब 10 से 12 घंटे पुराना था। पुलिस ने आसपास के थाने और चौकियों में सूचना भिजवा दी है।

### युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी** : जगदम्बा विहार निवासी एक युवक दो दिन से लापता है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जगदंबा विहार निवासी रजनी मौर्य ने बताया कि उनका 27 वर्षीय पति नन्हें लाल मौर्य 20 अप्रैल को घर से काम पर जाने के लिए निकला था, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटा है। मुखानी पुलिस ने बताया कि युवक की तलाश शुरू कर दी है।


**पांच करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा प्रत्येक छात्रावास, हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज सहित कुल 41 कॉलेज हैं शामिल**

# प्रदेश के 41 राजकीय महाविद्यालयों को मिलेंगे छात्रावास

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : प्रदेश के 21 राजकीय महाविद्यालयों में छात्रावासों का निर्माण चल रहा है, जो जल्द बनकर तैयार हो जाएंगे। वहीं 20 महाविद्यालयों में छात्रावास बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसे जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। प्रत्येक छात्रावास के निर्माण में 5 करोड़ रुपये का बजट व्यय होगा।

नई प्रस्तावित योजना के तहत प्रदेश के 20 राजकीय महाविद्यालयों में छात्रावास बनने हैं, जिसमें अधिकांश महिला छात्रावास हैं। योजना के तहत एक हजार से अधिक छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों में छात्रावास बनाए जाएंगे। इनका निर्माण विशेष सहायता योजना के तहत होगा। इनमें एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी, पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर रामनगर, राजकीय महाविद्यालय हल्दूचौड़, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग, राजकीय स्नातकोत्तर चम्पावत, हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर खटीमा, सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर, राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में छात्रावास बनेंगे। इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालय सितारगंज, डॉ. पीतांबर दत्त बर्थवाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर, डॉ. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग, अनुसइया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि रुद्रप्रयाग, रामचंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर देहरादून, शहीद दुर्गामल्ल राजकीय स्नातकोत्तर डोईवाला और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर को भी छात्रावास निर्माण की सूची में शामिल किया गया है।



### 29 महाविद्यालयों में बनेंगे परीक्षा हॉल, शासन को भेजा प्रस्ताव

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : उच्च शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में परीक्षा हॉल बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसके लिए 29 महाविद्यालयों में परीक्षा हॉल बनाए जाएंगे। प्रस्तावित योजना के तहत एक हजार वर्ग फीट में बनने वाले परीक्षा हॉल में 90 छात्रों के बैठने की व्यवस्था होगी। जिसमें 3 हजार वर्ग फीट में 250 छात्र और दो मंजिला भवन में 500 छात्र परीक्षा दे सकेंगे। योजना के तहत स्नातकोतर महाविद्यालयों में 3 हजार वर्ग फीट में 500-500 क्षमता के दो मंजिला ब्लॉक बनाए जाएंगे। जिसमें एक हजार छात्र परीक्षा दे सकते हैं। साथ ही भवन में नियंत्रण कक्ष, शौचालय व भंडार कक्ष की व्यवस्था की जाएगी। इनमें राजकीय पीजी कॉलेज रानीखेत, राजकीय पीजी कॉलेज लोहाघाट, राजकीय डिग्री कॉलेज गरुड़, राजकीय डिग्री कॉलेज रुद्रपुर, राजकीय डिग्री कॉलेज देवीधूरा, राजकीय पीजी कॉलेज अगस्त्यमुनि रुद्रप्रयाग, राजकीय पीजी कॉलेज बेरीनाग, राजकीय पीजी कॉलेज रामनगर, राजकीय पीजी कॉलेज नई टिहरी सहित कुल 29 कॉलेज शामिल हैं।

> प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में छात्रावास और परीक्षा हॉल बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता के कारण प्रस्ताव रुके हुऐ थे, जल्द ही प्रस्ताव स्वीकृत होने की उम्मीद है।
> **- आरएस भाकुनी**, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखंड

## सिर पर रॉड से हमला करने वाले युवक पर मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : कैंटीन में खाना खाने के दौरान कुछ युवकों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीती 10 अप्रैल की रात रामपुर रोड मानपुर पश्चिम में कन्हैया बोरा (25) निवासी वार्ड 56 अपने दोस्त पंकज हर्बोला के साथ एक कैंटीन में खाना खा रहा था। इतने में नैनी विहार मानपुर पश्चिम निवासी कमल करायत वहां आ पहुंचा और कन्हैया से किसी बात पर उलझने लगा। विवाद बढ़ने पर कमल ने कन्हैया के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। कन्हैया के सिर से खून निकलने लगा। कमल जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया।

# पानी की आपूर्ति के लिए टैंकर बढ़ाएं तकनीकी समस्या का समाधान करें

**डीएम ने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को बैठक में दिए सख्त निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी वंदना ने जल संस्थान को जनता की मांग के अनुसार पानी की आपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत नहीं होनी चाहिए।

डीएम वंदना सिंह ने सोमवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में पेयजल की मांग और आपूर्ति को देखते हुए मूल्यांकन किया जाए, ताकि भविष्य में पानी की जरूरत पूरी की जा सके। पानी की आपूर्ति की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए।

जल संस्थान का कन्ट्रोल रूम एक्टिवेट होना चाहिए। बार-बार खराब होने वाले नलकूपों की सूची बनाई जाए, तकनीकी समस्या का चिन्हीकरण कर स्थाई रूप से समाधान किया जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि गर्मी में पेयजल किल्लत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पानी की आपूर्ति के लिए जल संस्थान और जल निगम को पर्याप्त मात्रा में टैंकर लगाने, पंप हाउस में पहले से मोटर सहित सभी उपकरणों की व्यवस्था बनाने को कहा। विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी नलकूपों में पर्याप्त वोल्टेज देने के निर्देश दिए, ताकि विद्युत की वजह से समस्या नहीं हो। डीएम ने कहा कि हल्द्वानी के जिन क्षेत्रों में दूषित पेयजल सप्लाई और डायरिया की शिकायत आ रही है, उन क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की जांच की जाए।



कैंप कार्यालय में जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

### नारायण नगर में पेयजल किल्लत, लोग परेशान

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : कुसुमखेड़ा स्थित नारायण नगर में पिछले एक सप्ताह से लोग पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। क्षेत्र में रहने वाली नीतू पंत ने बताया कि पेयजल किल्लत के कारण रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो गये हैं। नलकूप से आपूर्ति पूरी तरह ठप है। आसपास के क्षेत्रों से पीने का पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई समस्या जस की तस बनी हुई है। लोग निजी टैंकरों का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं। इधर, जल संस्थान के जेई पंकज उपाध्याय ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के कारण समस्या का समाधान नहीं हो पाया। मंगलवार को आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

## गर्मी का प्रकोप बढ़ा, लू के थपेड़ों से हाल बेहाल

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हैं। आने वाले दिनों में स्थिति और भी खराब होने के आसार हैं।



सोमवार को पूर्वान्ह से ही तेज गर्मी पड़नी शुरू हो गई थी। दोपहर के समय तेज लू के थपेड़े चले। हवा इतनी तेज थी कि लोगों को वाहन चलाने में भी दिक्कत आ रही थी। हवा के साथ ही धूल के गुबार भी उड़ रहे थे। सूरज ढलने के बाद ही लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिन में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक सप्ताह तक में मैदानी इलाकों में बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश हो सकती है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक उछाल आ सकता है। इधर, पर्वतीय क्षेत्रों में भी दिन के समय धूप तेज हो रही है। पहाड़ों में वनाग्नि की वजह से भी तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है।

## स्कूल बस सड़क पर खड़ी मिले तो तत्काल करें चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उन्होंने सड़क हादसों पर लगाम कसने के लिए परिवहन विभाग और पुलिस को समय-समय पर ओवरलोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरस्पीड के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए।

डीएम वंदना ने कहा कि हल्द्वानी और नैनीताल में परिवहन विभाग की ओर से नो पार्किंग जोन चिन्हित किए गए हैं। उन सभी नो पार्किंग जोन में दो दिन के अंदर साइन बोर्ड लगाए जाएं। नो पार्किंग जोन में खडे. वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की जाए। सड़क हादसों की रोकथाम के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रवर्तन की कार्यवाही नियमित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोकथाम लगे। रामनगर एआरटीओ को रामनगर क्षेत्र में नो पार्किंग जोन क्षेत्र चिन्हीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि शहर के निजी स्कूलों में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था होने के बावजूद स्कूल बसें शहर के बीच सड़कों पर खड़ी रहती हैं। इसकी वजह से आए दिन शहर में जाम लगता है। ऐसे स्कूलों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ दंडात्मक चालानी कार्यवाही की जाए। जिससे शहर जाम से मुक्त रहे। यदि नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े होने से जाम लगता है तो परिवहन और पुलिस के संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करें।

पीडब्ल्यूडी नैनीताल और हल्द्वानी को सड़कों के चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। तल्लीताल चौराहे पर पुलिस चौकी और अन्य विभागीय संरचनाओं की शिफ्टिंग तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एएसपी हरबंस सिंह, आरटीओ नन्द किशोर, लोनिवि ईई अशोक चौधरी, रत्नेश आदि मौजूद थे।




**सख्ती**

- डीएम ने परिवहन विभाग व पुलिस को दिए दिशा-निर्देश
- कहा- नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई करें

## प्रमाण पत्र बनाने को भटक रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**परेशानी**

- लेखपाल एक माह से प्रमाण पत्र बनाने का कर रहे हैं बहिष्कार, अमीन बना रहे प्रमाण पत्र

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव का मतदान समाप्त हो गया है, लेकिन लेखपालों का प्रमाण पत्र बनाने का बहिष्कार जारी है। इस वजह से प्रमाण पत्र समय से नहीं बन पा रहे हैं। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

जनपद में लेखपालों के 50 स्वीकृत पद हैं, इन पदों के सापेक्ष लगभग 22 लेखपाल ही तैनात हैं और 28 पद रिक्त हैं। लेखपालों को प्रमाण पत्र बनाने के साथ राजस्व संबंधी कई काम करने पड़ते हैं। इसको लेकर लेखपाल संघ की एक बैठक हुई थी। इसमें हरिद्वार की तर्ज पर अमीनों से प्रमाण पत्र बनवाने, नैनीताल-ऊधम सिंह नगर के राजस्व निरीक्षकों को एक-एक तकनीकी दक्ष पीआरडी कर्मी देने की मांग की गई थी। साथ ही प्रमाण पत्र बनाने का बहिष्कार का फैसला लिया गया था। लगभग 20 मार्च को जिलाधिकारी ने आदेश दिए थे कि अमीन आय, स्थाई, मूल निवासी समेत अन्य प्रमाण पत्र बनाएंगे। इधर, जिले में 20 ही अमीन हैं, जबकि काम का बोझ अधिक है। संभावना जताई जा रही थी कि मतदान के बाद लेखपाल प्रमाण पत्रों का बहिष्कार वापस लेकर काम संभाल सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। अभी भी अमीन ही प्रमाण पत्र बना रहे हैं। लालकुआं व हल्द्वानी तहसील में रोजाना 300 से 400 आवेदन विभिन्न प्रमाण पत्रों के आते हैं। ऐसे में जनता को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालांकि प्रशासन का दावा है कि अमीनों के जरिए काम हो रहा है।

एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि एक माह से अधिक समय से लेखपालों ने प्रमाण पत्र बनाने का बहिष्कार किया है, उनके स्थान पर अमीन प्रमाण पत्र बना रहे हैं। जनता को कोई भी परेशानी नहीं होने दी जा रही है। यदि किसी को शिकायत तो एसडीएम कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

## पांच घंटे देरी से पहुंची गरीबरथ एक्सप्रेस

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : जम्मूतवी स्टेशन से काठगोदाम रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली गरीबरथ एक्सप्रेस सोमवार को अपने निर्धारित समय से करीब पांच घंटा देरी से काठगोदाम पहुंची। गरीब रथ एक्सप्रेस रविवार को जम्मू तवी स्टेशन से रात 11.20 बजे चलकर सोमवार को दोपहर 1.35 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंचती है। करीब पांच घंटा लेट होने के कारण ट्रेन शाम 6.50 बजे काठगोदाम पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटा देरी से करीब 7.40 बजे काठगोदाम स्टेशन से रवाना करना पड़ा।

## खालसा इंटर कॉलेज में होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : एमबीपीजी कॉलेज में इन दिनों वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, जो 13 मई तक चलेंगी। इसके साथ ही 2 मई से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं, लेकिन कॉलेज में मतदान केंद्र बनाए जाने के कारण पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं है। संभावना जताई जा रही है कि खालसा इंटर कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षाएं कराई जा सकती हैं।

लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग ने एमबीपीजी कॉलेज के 40 कमरों को निर्वाचन के लिए अधिग्रहित किया है। जिसके चलते कॉलेज में परीक्षा कक्षों की कमी हो गई है।




आगामी 2 मई से सभी कक्षाओं के दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं, लेकिन वर्तमान में 37 कमरों में वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। कॉलेज प्रबंधन को सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए करीब 35 से 40 कक्ष चाहिए, लेकिन वर्तमान में मात्र 20 से 25 कक्ष ही उपलब्ध हैं। ऐसे में कॉलेज प्रबंधन के पास दूसरी जगह व्यवस्था कराने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि अनुमति मिलने पर कॉलेज परिसर में भी परीक्षाएं करायी जा सकती हैं। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार पूर्व में भी एक बार इस तरह की स्थिति सामने आयी थी, तब कॉलेज से बाहर परीक्षाएं आयोजित की गई थी। पूर्व में इस तरह की स्थिति आने पर परीक्षाएं रद्द की जाती थी, लेकिन अब परीक्षा परिणाम समय पर आएं और कक्षाएं समय पर चलती रहें, इसके लिए परीक्षाओं को रद नहीं किया गया है।

परीक्षाओं के संबंध में सोमवार को अपर सचिव उच्च शिक्षा ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से दूरभाष पर वार्ता की और नियमित रूप से शिक्षा सत्र चलाया जाए, इसके लिए समय पर परीक्षाएं आयोजित करने पर सकारात्मक चर्चा की।

**शिक्षा**

- दो मई से शुरू होंगी दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं
- पर्याप्त कक्ष न होने से एमबीपीजी कॉलेज प्रबंधन के पास नहीं है कोई अन्य विकल्प

> खालसा इंटर कॉलेज में परीक्षाएं आयोजित की जा सकती हैं। साथ ही अनुमति मिलने पर कॉलेज परिसर में परीक्षाएं करायी जा सकती हैं। इस संबंध में बैठक रखी गई है, जिसके बाद निर्णय लिया जाएगा।
> **- महेश सिंह**, परीक्षा प्रभारी, एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी

**आंकलन** | लोकसभा चुनाव में कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की भितरघात की चर्चा, जल्द हो सकती है कार्रवाई

# मतदान समाप्त होते ही भाजपा ने शुरू की 'भितरघातियों' की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव का मतदान समाप्त होते ही भाजपा ने 'भितरघातियों' की समीक्षा शुरू कर दी है। भितरघात से हुए नुकसान का आंकलन व वजह आदि सभी बिंदुओं को देखा जा रहा है।

लोकसभा चुनाव का बिगुल फुंकते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैनीताल संसदीय सीट के तहत रुद्रपुर में पहली चुनावी रैली की थी। उन्होंने प्रत्येक संसदीय सीट पर पांच लाख से अधिक मतों से जीत का दावा किया था। भाजपा के प्रदेश से बूथ स्तर के पदाधिकारी भी यही दावा कर रहे थे। चुनावी माहौल को देखते हुए लग रहा था कि भाजपा इस लक्ष्य को हासिल कर सकती है।

इधर, मतदान के चार-पांच दिन पूर्व पूरा माहौल ही बदल गया। विपक्षी दल का उम्मीदवार अचानक चर्चाओं में आ गया। मतदान के प्रतिशत में भी गिरावट दर्ज हुई, जिसने दिग्गजों के माथों पर चिंता की लकीरें बढ़ा दीं। वहीं, पहाड़ से मैदान तक कई स्थानों पर भितरघात की भी चर्चाएं चल रही हैं। इस भितरघात में कई पदाधिकारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। चर्चा यह भी है कि खुलेआम विरोध किया गया और मतदाताओं को भी बरगलाने की कोशिश की गई।

उधर, भाजपा ने मतदान के बाद समीक्षा शुरू कर दी है। इसमें चुनाव में सौंपी गई जिम्मेदारियों के निर्वहन, सक्रियता, संगठन के प्रति ईमानदारी से लेकर कई पहलुओं पर समीक्षा की जा रही है। अभी संगठन लोकसभा व आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट गया है। सूत्रों की मानें तो प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों तक इन भितरघातियों की रिपोर्ट पहुंच गई है। जल्द ही लोकसभा चुनाव निबटते ही निकाय चुनाव से पूर्व इन पर गाज गिर सकती है।

### हिमाचल प्रदेश जा सकते हैं पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि



**हल्द्वानी** : उत्तराखंड में पहले चरण में लोकसभा का मतदान 19 अप्रैल को हो गया है। अब पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश में मतदान होना है। ऐसे में इन चुनाव के लिए जिले से प्रांतीय स्तर के पदाधिकारियों को इन प्रदेशों में कई अहम जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। वहीं बड़े चेहरों को जनसभा, नुक्कड़ सभा, बैठकों आदि का जिम्मा दिया जा सकता है। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में चुनाव होने हैं, इसलिए यहां के 109 पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की सूची बनाई गई है।



> लोकसभा चुनाव में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की समीक्षा की जा रही है। इसकी रिपोर्ट हाईकमान तक जाएगी। लोकसभा चुनाव के सभी चरणों का मतदान पूरा होने के बाद ही इस पर कुछ होगा।
> **-प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल

# मादक पदार्थों का तस्कर है वेदांत को गोली मारने वाला आरोपी

संवाददाता, हल्द्वानी

**मामला**

- देहरादून पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में भेजा था जेल
- अब आरोपियों को नेपाल सीमा पर भी तलाश रही पुलिस

**अमृत विचार** : किशोर को गोली मारकर भागने वाले आरोपियों की पुलिस ने तलाश तेज कर दी है। आरोपियों की तलाश में पुलिस देहरादून, रामपुर से लेकर नेपाल सीमा तक सक्रिय है। बताया जाता है कि गोली मारने वाला मुख्य आरोपी पूर्व में मादक पदार्थों की तस्करी में जेल जा चुका है।

बीते शनिवार की देर रात टीपीनगर क्षेत्र के आनंदपुर गांव निवासी सुशील मौर्य के 16 वर्षीय भतीजे वेदांत को एक युवक ने गोली मार दी थी। जिसके बाद आरोपी युवक अपने साथी सुरेंद्र साही के साथ मौके से फरार हो गया। दोनों युवक घरवालों के परिचित थे और उनके घर आकर रूके हुए थे।

वेदांत को तमंचे से गोली मारने वाला मुख्य आरोपी किशन उर्फ बबलू देहरादून के ढिगारी का रहने वाला है, जबकि उसका साथी सुरेंद्र सिंह साही नेपाल का रहने वाला है। पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में देहरादून, रामपुर, बरेली और मुरादाबाद तक के चक्कर लगा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि सुरेंद्र नेपाल का रहने वाला है, हो सकता है कि दोनों आरोपी नेपाल भागने की फिराक में हों। इसलिए नेपाल बॉर्डर पर एसओजी को भेजा गया है।

साथ ही सीमा बल को भी सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार किशन उर्फ बबलू पहले से ही आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। देहरादून में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है और वह जेल भी जा चुका है। जब से किशन के आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में पता चला है तब से पुलिस किशन और उसके साथी के हल्द्वानी में रहने की भी जांच कर रही है। इधर, घायल वेंदात को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गर्मी की मार, उल्टी-दस्त व बुखार से लोग बीमार

## बेस अस्पताल और डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की ओपीडी में बढ़ी डायरिया के मरीजों की संख्या

- सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के वार्ड मरीजों से हुए पैक
- 10 दिनों में अचानक मरीजों की संख्या में हुआ इजाफा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी में इन दिनों डायरिया के मरीज बढ़ गये हैं। हालत ये है कि उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित गंभीर मरीजों को भर्ती तक करना पड़ रहा है।

डायरिया के बढ़ रहे मामले अब चिंता का सबब बन रहे हैं। अभी गर्मी शुरू ही हुई है और डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

गंभीर मरीजों को भर्ती करने तक नौबत आ रही है। यही हाल डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल का है। यहां मेडिसन विभाग की ओपीडी में इस समय जो मरीज आ रहे हैं, उनमें अधिकतर डायरिया से पीड़ित हैं। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि पिछले 10 दिनों में डायरिया के मामले अधिक बढ़ गये हैं। हालांकि स्थिति नियंत्रण में है। अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। वहीं राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि डायरिया को लेकर अस्पताल के चिकित्सक पूरी तरह से सक्रिय हैं।




बेस अस्पताल में भर्ती डायरिया के मरीज। ● अमृत विचार

### बच्चों में भी बढ़ रहा है खतरा

**हल्द्वानी :** बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी डायरिया का खतरा बढ़ रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि बच्चों में डायरिया की समस्या गर्मियों में बढ़ जाती है। माता-पिता को बच्चों का ध्यान रखने की जरूरत है। बाहर का खाना बच्चों को कतई न दें। साथ ही बच्चों के अंदर पानी की कमी न होने दें। उन्होंने बताया कि अभी बच्चों को भर्ती करने के मामले कम आ रहे हैं।

### ऐसे करें बचाव

- कटे फलों को तुरंत खाएं, उन्हें रखे नहीं।
- बाहर बिक रहे जूसों से परहेज करें।
- शरीर में पानी की कमी बिल्कुल न होने दें।
- फास्ट फूड समेत बाहर के खाने से परहेज करें।
- धूप में बाहर रहें तो पानी पीते रहें।
- दस्त होने पर ओआरएस पिएं।
- अधिक तबियत खराब होने पर चिकित्सक की सलाह लें।

### बेस अस्पताल प्रबंधन नहीं दे रहा रिपोर्ट

**हल्द्वानी :** डायरिया के अब तक मिले मामलों की संख्या बेस अस्पताल प्रबंधन जिला स्वास्थ्य विभाग को नहीं भेज रहा है। जिस वजह से मरीजों की सही संख्या का आंकलन क रने में परेशानी हो रही है। बेस अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 10 से 20 मरीज डायरिया के पहुंच रहे हैं। वहीं डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भी दोगुने मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं।

## दिवंगत शिक्षक के परिवार को आर्थिक मदद दी जाए

**रामनगर :** लोकसभा चुनाव के दौरान सामान जमा करने जा रहे अतिथि शिक्षक अरुण उप्रेती के परिवार को तत्काल 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मुहैया कराई जाए। यह मांग शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने स्व. अरुण उप्रेती के परिवार जनों से मिलने के बाद की। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने अरुण उप्रेती की पत्नी व बच्चों से भेंट कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मठपाल ने जानकारी दी कि स्व. अरुण उप्रेती राजकीय इंटर कालेज देवीपुरा, मालधनचौड़ में कार्यरत थे। 20 अप्रैल को चुनाव की सामग्री जमा कराने जाते वक्त उनकी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। वह अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।

उनके तीन छोटे बच्चे हैं। उनकी मृत्यु से परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया। इस दौरान नवेंदु मठपाल, डॉ. नंदन बिष्ट, खीम सिंह रजवार, नंदराम आर्य, हेम पांडे, बालकृष्ण चंद मौजूद रहे।

## अधर में लटका 3 नहरों को अंडर ग्राउंड करना

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग की ओर से रामनगर के शहरी क्षेत्रों से गुजरने वालीं तीन सिंचाई नहरों को अंडर ग्राउंड किए जाने की योजना फिलहाल परवान नहीं चढ़ पाई है। यह बात दीगर है कि सिंचाई विभाग द्वारा इन नहरों के लिए बजट तक बना लिया गया है।

मगर इन नहरों को अंडरग्राउंड करने के पीछे एक पेंच फंसा है। सिंचाई नहरों को अंडर ग्राउंड का काम तो विभाग करेगा। मगर इन नहरों के किनारे आने वाले विद्युत पोलों को हटाने व नहरों में गिरने वाले ड्रेनेज को रोकने का कार्य किसी अन्य विभाग को करना है जिसका अभी तक कोई पता नहीं है। बता दें कि रामनगर नहर, चिलकिया ओर जस्सगांजा इन तीन नहरों को कुल साढे.तीन किलोमीटर तक ही अंडर ग्राउंड किए जाने की योजना है। यानी शहरी क्षेत्र में जहां तक बसासत है वहीं तक इसे अंडर ग्राउंड किया जाना है। इससे शहर में यातायात के पड़ने वाले दबाव को कुछ राहत मिल सकती है। मगर इसके ड्रेनेज व विद्युत पोलों को हटाने की कवायद होनी बाकी है ताकि आंशिक रूप से ही सही कम से कम नहरों को कवरिंग किए जाने की कवायद शुरू हो सके।

> सिंचाई नहरों को कवरिंग किए जाने के लिए विभाग तैयार है, इसके लिए 49 करोड़ का बजट भी बनाया गया है, मगर नहरों के किनारे से विद्युत पोलों को हटाने की कवायद व ड्रेनेज की व्यवस्था जिसे सौंपी जाएगी उसके द्वारा अपना कार्य पूरा करने के उपरांत विभाग सिंचाई नहरों को अंडर ग्राउंड बनाने की तैयारियां कर लेगा।
> **-राजीव खनोलिया,** सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

### कच्ची शराब के साथ दबोचा

**रामनगर :** पीरूमदारा चौकी के पुलिसकर्मियों ने आमपोखरा दूध डेयरी के पीछे कालोनी से हरीश चन्द्र पुत्र स्व. गुसाई राम निवासी भवानीपुर खुल्बे आमपोखरा स्थाई निवासी कुम गडार मालधन चौड़ को 45 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा कायम किया गया।

## हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन में उमड़े भक्त

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** हनुमान जयंती के दौरान श्री बाला जी मंदिर में दूसरे दिन सोमवार को भी रामभक्त उमड़े, जिन्होंने मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इसके उपरांत हवन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंगलवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मन्दिर परिसर में हनुमान चालीसा के दौरान महंत डॉ. शुभम गर्ग ने कहा कि वैसे तो आप किसी भी दिन किसी भी समय हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं, लेकिन अगर मंगलवार और शनिवार को सात बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं तो ये आपके लिए बहुत शुभ हो सकता है। इस दौरान देवेंद्र बिष्ट, विशाल पंचुरी, विष्णु देवल, उमेश अग्रवाल, आयुष, सोनी जोशी, प्रशांत, आशु कालरा, अनुज, नवनीत शर्मा, अरुण डोरवी, सौरव सक्सेना मौजूद रहे।



बाला जी मन्दिर में हवन करते श्रीराम भक्त। ● अमृत विचार

## बैंड बाजे के साथ निकाली बालाजी महाराज की शोभायात्रा



हल्द्वानी में शोभायात्रा के दौरान काली माता की झांकी निकालते कलाकार। ● अमृत विचार



बालाजी की शोभायात्रा का जेल रोड चौराहे पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करतीं कायस्थ समाज की महिलाएं।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर सोमवार को रूपनगर स्थित बालाजी मंदिर से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

वहीं कलाकारों ने झांकियों से लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में सबसे आगे भक्त बालाजी महाराज का ध्वज लेकर चल रहे थे। उसके बाद मोटरसाइकिलों पर सवार युवा, रथ पर सवार भगवान गणेश, राम व हनुमान की वानर सेना की झांकी चल रही थी। यात्रा के दौरान कोमल ग्रुप ने काली माता, बांके बिहारी और जगत जननी माता के पांच स्वरूपों के दर्शन वाली झांकी निकाली, जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गये। वहीं बैंड बाजा के साथ बालाजी महाराज के भव्य दरबार की यात्रा निकाली गई। जेल रोड चौराहे पर कायस्थ महासभा व सिंधी चौराहे पर भक्तों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। इधर मंगलवार (आज) को श्री बालाजी महाराज का सुबह 5 बजे श्रृंगार होगा। इसके बाद 8 बजे से सुंदरकांड पाठ और पूर्वाह्न 11 बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा। शाम 7 बजे से विशाल बालाजी महाराज का जागरण होगा। जिसमें मेहंदीपुर से आए श्री बालाजी महाराज के जल के छींटे सभी भक्तों को दिए जाएंगे। शोभायात्रा के दौरान ध्वज पूजन मंदिर व्यवस्थापक पुर्नचंद पाठक, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, पूरनचंद पाठक, अपूर्व जोशी, अतुल कुमार गुप्ता, दीपचंद तिवारी, खेमानंद बृजवासी, दर्शन लाल अरोड़ा, संजीव अग्रवाल, गजेंद्र सिंह बोरा, संजय कुमार अग्रवाल, प्रतीक, प्रखर शर्मा, हेम कोठारी, बंटी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### हनुमान मंदिर में अखंड रामायण के पाठ में उमड़े रामभक्त

**गरमपानी :** पवित्र शिप्रा नदी के तट पर स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया। भजन मंडली ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय कर दिया। पुरुषोत्तम भगवान राम व अंजनी पुत्र हनुमान के जयकारों से गरमपानी खैरना क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। हनुमान मंदिर में धर्माचार्य नितेश उप्रेती ने यजमान देवेश कांडपाल, प्रमिला कांडपाल तथा योगेश पंत, पूजा पंत से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। आसपास के डोबा, मझेड़ा, रामगढ़, छड़ा, लोहाली रातीघाट आदि क्षेत्रों से रामभक्त हनुमान मंदिर पहुंचे। पुरुषोत्तम भगवान राम व रामभक्त हनुमान के जयकारों से समूचा माहौल गुंजायमान हो उठा। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। शाम को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

## बूथ दूर होने से भी घटा मतदान

- पंचायत चुनाव के उलट दूसरे गांव में मतदान केंद्र होने से लोगों को हुई परेशानी
- घिरौली के 160 में से 52 जबकि घोड़ियां टापू के 90 में से महज 26 लोगों ने किया मतदान

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** प्रदेश में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मतदान प्रतिशत घटने पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं, हालांकि मतदान प्रतिशत कम होने के कई कारण रहे हो पर गांवों से मतदान केंद्रो के कई किलोमीटर की दूरी भी इसका एक प्रमुख कारण रहा है। अकेले बेतालघाट ब्लॉक के ही कई गांवों से कई किमी दूर मतदान केंद्र बनाए जाने से तमाम मतदाताओं ने मतदान से ही दूरी बना ली।

बेतालघाट ब्लॉक के घंघरेठी ग्राम पंचायत के खूपा तोक के मतदाताओं के लिए करीब तीन किमी दूर सोनली गांव में बनाया गया जबकी घिरोली व घोड़ियां टापू के भी सैकड़ों मतदाताओं को भी कई किमी दूर घोड़ियां हल्सों गांव में मतदान करने को पहुंचना पड़ा। गांवों से काफी दूर बने मतदान केंद्रों के कारण कई मतदाता मतदान करने को रवाना ही नहीं हुए। खासकर बुजुर्गों व बीमार लोगों ने मतदान से दूरी बनाना ही उचित समझा। गांवों की विकट भौगौलिक परिस्थितियों को ध्यान में न रख दूरदराज बनाए गए मतदान केंद्रों से लोगों मतदान से ही मोहभंग हो गया। कुल मतदाताओं में से आधे से भी कम लोग मतदान करने पहुंचे। घिरौली से 160 मतदाताओं में से महज 52 लोग ही घोड़ियां हल्सों बूथ तक पहुंचे जब की घोड़ियां टापू के 90 में से महज 26 लोगों ने मतदान किया। ग्राम प्रधान घंघरेठी कुंदन नेगी, महेंद्र कुमार, नवीन चंद्र आर्या, कुलदीप चंद्र आदि के अनुसार भीषण गर्मी में गांव से मतदान केंद्र दूर होने पर मतदाताओं ने मतदान से किनारा कर लिया। मतदान प्रतिशत कम होने का यह भी एक प्रमुख कारण रहा। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने पंचायत चुनावों की तर्ज पर ही लोकसभा व विधानसभा चुनाव का मतदान केंद्र गांवों में बनाए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

### रामनगर से लखनऊ के लिए 26 से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रामनगर :** गर्मियों की छुट्टी में रेलयात्रियों की भीड़भाड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने 26 अप्रैल से रामनगर से लखनऊ के बीच द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी शुरू करेगा। 05043और 05044 नंबर के साथ यह रेलगाड़ियां 26 अप्रैल से 29 जून तक शुक्रवार एवं शनिवार को चलेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रामनगर से ट्रेन शुक्रवार सुबह 9 बजे चलेगी। ट्रेन काशीपुर, बाजपुर, लालकुआं, पंतनगर, किच्छा, भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, गोला गोकरननाथ, सीतापुर से होकर शाम 7 .15 बजे लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ से शुक्रवार रात 9 बजे यह ट्रेन रामनगर रवाना होगी, जो शनिवार सुबह 7 .05 बजे रामनगर पहुंचेगी।

## जन स्वास्थ्य वाटिका में पकने लगे हिसालु

संवाददाता, लालकुआं


**संरक्षण**

- वन अनुसंधान केंद्र ने नर्सरी में तीन वर्ष पूर्व लगाए थे पौधे
- कई बीमारियों में रामबाण औषधि है हिसालु

**अमृत विचार :** वन अनुसंधान केंद्र में तीन वर्ष पूर्व लगाये गये हिसालू के पौधों में अब फल लगने लगे हैं।

वन अनुसंधान केंद्र के रेंज अधिकारी मदन सिंह बिष्ट ने बताया कि लालकुआं स्थित अनुसंधान केंद्र में 3 वर्ष पूर्व एक जन स्वास्थ्य वाटिका बनायी गयी, जिसमें औषधीय महत्व के ढाई सौ से अधिक प्रजातियां रोपित किए गए। जिसमें पहाड़ पर उगने वाले हिसालू, किल्मोड़ा, धिघारू भी लगाये गये। इन सभी पौधों में फल आने लगा है। हिसालू का वानस्पतिक नाम "रुबस एलिप्टिकस" है। इसे 'हिमालयन रसभरी' भी कहा जाता है। यह फल खाने में बड़ा स्वादिष्ट होता है। अधिकारी बिष्ट ने बताया कि तराई की जलवायु में यह पौधे काफी स्वस्थ्य हैं, जिसमें काफी फल आ रहे हैं हालांकि यहां हिसालू पहाड़ की अपेक्षा कम स्वादिष्ट है। हिसालू मधुमक्खी एवं तितलियों के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण प्रजाति है। इसके फल, पत्ते एवं जड़ का पेट के रोगों में औषधि महत्व भी है। उन्होंने बताया कि विशुद्ध रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में 1200 मीटर से 1800 मीटर की ऊंचाई पर उगने वाली वनस्पति हिसालू और घिंघारू तराई क्षेत्र के लालकुआं में फल फूल रहे हैं।

ये एक चमत्कार जैसा है। दरअसल वन अनुसंधान केन्द्र लालकुआं में विगत तीन वर्ष पूर्व पर्वतीय इलाकों में उगने वाले हिसालू और घिंघारू को भी रोपित किया गया। जिसका परिणाम यह है कि घिंघारू के बाद अब हिसालू पर फल लग कर अब पक रहे हैं। बिष्ट ने बताया ये फल औषधि गुणों से भरपूर हैं, हृदय रोगियों के लिए यह फल रामबाण है, इसके अलावा पेचिश, मधुमेह में भी लाभदायक है।



लालकुआं वन अनुसंधान केंद्र में लगाए गए हिसालू के पौधे पर आए फल।

**चेतावनी** संयुक्त संघर्ष मोर्च की बैठक में प्रस्ताव हुआ पास, उग्र आंदोलन का किया ऐलान

## बाघ नहीं पकड़ा तो विधायक के घर के बाहर देंगे धरना

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बासीटीला गांव में विचरण कर रहे हमलावर बाघ को अभी तक नहीं पकड़े जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने 28 अप्रैल को विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किए जाने का ऐलान किया।

संयुक्त संघर्ष मोर्चे की बैठक में बाघ को मारे जाने का अधिकार जनता को दिये जाने व जंगली जानवरों और बंदरों से इंसानों, फसलों व मवेशियों की सुरक्षा की मांग पर जोर दिया गया। तय हुआ कि इन मसलों को लेकर ग्रामीण 28 अप्रैल को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। ग्राम बासीटीला में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा किसरकार द्वारा जंगल को लेकर बनाए गए काले कानूनों के कारण हम ग्रामीणों की जान माल खतरे में है। उत्तराखंड में बाघ व तेंदुओं का आतंक चरम पर है। और सरकार जनता को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो रही है। प्रमोद तिवारी को विगत 18 अप्रैल को अपना शिकार बनाने वाला बाघ गांव में ही घूम रहा है उसे न तो अब तक पकड़ा गया है और न ही मारा गया है। समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि बाघ और तेंदुए अब उत्तराखंड में विलुप्त प्रजाति नहीं रह गए हैं अब ये लोगों के गांव और घरों तक आ रहे हैं। उत्तराखंड में बाघ की संख्या 560 से भी ज्यादा है तथा तेंदुओं की संख्या 3000 से भी ज्यादा है। अतः इन्हें वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की संरक्षित अनुसूची 1 से बाहर किया जाए। आनन्द सती ने जंगली जानवरों के हमले में मारे गए प्रमोद तिवारी समेत अन्य व्यक्तियों के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा तथा मृतक आश्रित को नियमित सरकारी नौकरी देने की मांग की।

इस दौरान कुबेर सिंह, सुखबिंदर सिंह, ग्राम प्रधान हीरा सिंह, जोगा सिंह, मनदीप सिंह, हंसी देवी, तारा दत्त, तीरथ सिंह, रमेश जोशी, अजमेल सिंह, रेखा जोशी, जयंती नेगी, अनिल कड़ाकोटी बसंतबल्लभ, माया नेगी, पीसी जोशी, रोहित रुहेला, सोवन तड़ियाल, मुनीष कुमार, सरस्वती जोशी, संजय मेहता, ललिता रावत, चिंताराम, ललित पांडे, मो. आसिफ आदि मौजूद रहे।



संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक में पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

## दोपांखी में वन वे व्यवस्था से लग रहा जाम, यात्री परेशान

संवाददाता, गरमपानी

- दोनों ओर से वाहन आमने सामने आने से लग रहा जाम, पर्यटक व यात्रियों को हो रही परेशानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर दोपांखी क्षेत्र में जाम लगने से यात्री वाहन रेंग रहे हैं। घंटों तक वाहन जाम में फंस जा रहे हैं। वाहनों की लंबी कतार बाजार क्षेत्र तक पहुंच जा रही है। दोपांखी क्षेत्र में वन वे आवाजाही होने से लगातार जाम लगने से हाईवे पर आवाजाही करने वाले पर्यटकों व यात्रियों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। व्यापारियों ने व्यवस्था में सुधार न होने पर गहरा रोष जताया है।

पर्यटन सीजन नजदीक होने से कुमाऊं की लाइफ लाइन पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में चार वर्ष पूर्व आपदा से ध्वस्त दोपांखी क्षेत्र में स्थित बिगड़ने लगी है।

वन वे आवाजाही से लंबा जाम लग जा रहा है। एनएच प्रशासन ने दोपांखी क्षेत्र में चौड़ीकरण को किया गया कार्य भी अधूरा छोड़ दिया जिससे हालत बद से बदतर हो चुके हैं। वाहन चालक जल्दी निकलने के फेर में दोपांखी क्षेत्र में सामने सामने वाहन फंसा दे रहे हैं। वाहनों के आमने सामने फंसने से यातायात व्यवस्था बिगड़ जा रही है। आवाजाही करने वाले यात्री व पर्यटकों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी नेता सुरेश जोशी, मनीष तिवारी, विरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह नेगी, मनोज नैनवाल, हीरा सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह, दयाल सिंह, रघुराज सिंह बर्गली आदि ने दोपांखी क्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त न किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है।

जाम के लिए एनएच प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप लगाया कि जाम के साथ ही दुर्घटना का खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। बावजूद एनएच के अधिकारी अनदेखी पर आमादा है जिसका खामियाजा आवाजाही करने वालों को भुगतना पड़ रहा है।

### हवा के साथ उड़कर ग्लेशियरों तक पहुंचते हैं कार्बन कण, तेज हो जाता है ग्लेशियरों का वाष्पीकरण

# वनाग्नि से निकल रहे कार्बन कणों से ग्लेशियर खतरे में

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वनों में लग रही आग जीव-जंतुओं के साथ ही हिमालयी पर्यावरण के लिए भी खतरा बन रही है। अप्रैल माह में ही उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के जंगल धधक उठे हैं। आग की वजह से उठ रहे कार्बन कण दूर तक उड़कर ग्लेशियर तक पहुंच रहे हैं। इससे ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हो जाती है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी है। वन विभाग के अनुसार अब तक करीब 436 हेक्टेयर वन आग से प्रभावित हो चुके हैं। प्रदेश भर में अभी तक वनाग्नि की 373 घटनाएं हो चुकी हैं। हिमालयी वैज्ञानिकों के अनुसार इस बार अप्रैल माह की शुरुआत से ही वनाग्नि की घटनाएं हो रही हैं। हाल-फिलहाल बारिश होने की कोई संभावना नहीं है।

अलनीनो वर्ष होने की वजह से पहाड़ों में भी तापमान में उछाल आ रहा है। आने वाले दिनों में वनाग्नि की घटनाएं और अधिक बढ़ सकती हैं। वनाग्नि की वजह से बड़ी संख्या में कार्बन कणों का उत्सर्जन होता है।

कार्बन कणों का व्यास 0.5 माइक्रोन तक होता है। यह हवा के साथ उड़कर हिमालय में ग्लेशियरों पर जाकर बैठ जाते हैं। कार्बन कणों का रंग काला होता है। इनके ग्लेशियरों पर पहुंचने से ग्लेशियर गर्मी को और तेजी के साथ सोखने लगते हैं। जिससे ग्लेशियरों का पिघलना और भी तेजी के साथ बढ़ जाता है।



#### बादल फटने की घटनाएं बढ़ने के लिए प्रदूषण जिम्मेदार

**हल्द्वानी :** प्रदूषण और वनाग्नि की वजह से हिमालयी क्षेत्र का तापमान तेजी के साथ बढ़ता है। जिस वजह से गर्म हवाओं का उत्सर्जन जरूरत से अधिक होता है। इस तरह का मौसम बादल फटने की घटनाओं के लिए भी जिम्मेदार होता है। हिमालयी क्षेत्रों में विगत कुछ वर्षों में बादल फटने की बढ़ रही घटनाओं का यही कारण है।

#### बोले वैज्ञानिक

"वनाग्नि हिमालयी पर्यावरण के लिए बहुत खतरनाक है। इससे कार्बन कणों का उत्सर्जन तेजी के साथ बढ़ता है, जो ग्लेशियरों के लिए बहुत ही नुकसानदायक है।

**- डॉ. जेसी कुनियाल,** हिमालयी वैज्ञानिक, गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा

# हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष योग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आज मंगलवार को पूर्णिमा उपवास और हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान राम के परम भक्त हनुमान का जन्म त्रेता युग में चैत्र माह की पूर्णिमा को हुआ था। तब से प्रत्येक वर्ष चैत्र पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस साल हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार होने से पर्व की महत्ता और भी विशेष हो गई है।

हनुमान जन्मोत्सव पर चित्रा नक्षत्र, बज्र योग, शुभ योग और मालव्य योग होने से कष्ट दूर होंगे व कार्य सफल होंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि जिन जातकों का चंद्रमा कमजोर स्थिति में है, मुख्यतः चंद्रमा छठे, आठवें व बारहवें भाव में विराजमान है और चंद्रमा की युति राहु, केतु या शनि के साथ है, ऐसे जातक पूर्णिमा का उपवास शुरू करना चाहते हैं तो चैत्र पूर्णिमा से शुरू कर सकते हैं।

#### पूर्व दिशा में भगवान हनुमान की प्रतिमा स्थापित करें

ब्रह्म मुहूर्त में उठकर दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर स्नान करें। हाथ में गंगाजल लेकर व्रत का संकल्प लें। पूर्व दिशा में भगवान हनुमान की प्रतिमा स्थापित करें और गंगाजल से स्नान कराकर लाल, भगवा चोला अर्पित करें। साथ ही घी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करें। बजरंग बली को सिंदूर, कुमकुम, अक्षत और लाल पुष्प चढ़ाएं। गुड़, चना, बेसन और बूंदी के लड्डू का भोग लगाएं।

#### इन मंत्रों का जाप करें

1–ॐ नमो हनुमते रूद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा। 2– ॐ नमो भगवते हनुमते नमः।

#### शुभ मुहूर्त

पूर्णिमा तिथि प्रारंभ मंगलवार 23 अप्रैल सुबह 3.27 बजे से बुधवार 24 अप्रैल सुबह 05.20 बजे तक।
चंद्रोदय का समय सायंकाल 6.25 बजे रहेगा।
अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.53 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक।

# धधके जंगल, सांसों में भर रहा जहरीला धुआं

### जंगलों से निकलने वाला धुआं इंसानों के लिए बना जानलेवा, हवा में पीएम 2.5 के स्तर में पांच गुना तक की वृद्धि

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** गर्मियां शुरू होते ही नैनीताल समेत कुमाऊं भर के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। नैनीताल के लदियाखान, ज्योलिकोट, मंगोली, खुरपाताल, देवीधुरा, भवानी, भीमताल मुक्तेश्वर समेत आसपास के जंगलों में इन दिनों भीषण आग लगी है, जिससे अमूल्य वन संपदा जलकर खाक हो रही है तो वहीं दूसरी ओर वायुमंडल और इंसानों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जंगल आग उगल रहे हैं।

वनाग्नि के कारण चारों तरफ धुआं छाया हुआ है, जिससे हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 के स्तर में करीब पांच गुना बढ़ोत्तरी हो गई है, 20 से 25 रहने वाला पीएम 2.5 सौ के ऊपर पहुंच गया है। इन हालातों ने वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों को चिंता में डाल दिया है। 15 फरवरी से 15 जून तक का फायर सीजन प्रदेश के जंगलों के लिए बेहद संवेदनशील होता है। शीतकाल में यदि अच्छी वर्षा और बर्फबारी हो जाए तो जंगलों में आग लगने की अवधि पीछे खिसक जाती है। मगर इस वर्ष वर्षों और बर्फबारी की बेरुखी के परिणाम गर्मी की शुरुआत में ही नजर आने लगे हैं। अप्रैल की शुरुआत से ही अनियंत्रित रूप से सामने आ रही वनाग्नि की घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी हैं। बीते वर्ष नवंबर से अब तक प्रदेश में 350 से अधिक वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे पहाड़ों पर चारों और धुआं छाया हुआ है। एरीज के पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि वनाग्नि की तेजी से बढ़ती घटनाओं से वायु प्रदूषण में लगातार वृद्धि हो रही है। आग लगने के बाद उत्सर्जित होने वाले तमाम कारकों के कारण हवा में पीएम 2.5 के स्तर में करीब पांच गुना तक बढ़ोत्तरी ही गई है।



धू-धूकर जलते नैनीताल क्षेत्र के जंगल। ● अमृत विचार

#### प्रदूषण के कण नमी को अवशोषित कर लेते हैं

डा. नरेंद्र सिंह के मुताबिक गर्मी के साथ हवा नमी को बूंदों में बदलकर बादलों का निर्माण करती है, मगर पीएम 2.5 में शामिल अन्य प्रदूषक वायुमंडल की नमी को अवशोषित कर लेते हैं। जिससे बादल बनने की प्रक्रिया में भी बाधा उत्पन्न होती है।

#### जंगलों की आग और धुआं खतरनाक साबित हो रहा

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग जहां एक तरफ वायुमंडल के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है तो वहीं इंसानों के स्वास्थ्य के लिए जंगलों की आग और धुआं बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एस दुग्ताल बताते हैं कि जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं से सांस की खतरनाक बीमारी, कैंसर समेत कई घातक बीमारियां हो सकती हैं। बुजुर्गों के लिए जंगलों का धुआं बेहद खतरनाक है लिहाजा इससे बचाव किया जाना चाहिए।

#### लालकुआं वन क्षेत्र में भी धधक रहे जंगल

**हल्द्वानी :** तराई पूर्वी वन क्षेत्र में जंगल आग से धधक रहे हैं, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। मंगलवार की दोपहर तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई। जिससे चारों ओर धुआं छा गया। वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। डीएफओ हिमांशु बागरी ने बताया कि जंगल में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

#### घातक है पीएम 2.5 बढ़ना

एरिज के पर्यावरण विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह के मुताबिक वायुमहल में 2.5 माइक्रोन अथवा उससे कम व्यास वाले सुक्ष्म कणों को पीएम 2.5 के रूप में जाना जाता है। नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में सामान्य दिनों में यह 20-25 तक रहता है। मगर लगातार जंगलों में आग की घटनाओं के कारण रविवार की यह करीब 105 रिकार्ड किया गया है।

#### जंगल बचाने के ठोस उपाय नहीं होने से नाराजगी

**गरमपानी :** गांवों से सटे जंगल आग की चपेट में आकर राख होते जा रहे हैं, बावजूद इसकी सुध नहीं ली जा रही। वन संपदा को नुकसान के साथ ही गांवों पर भी खतरा बढ़ता जा रहा है। भुजान-रिची तथा चापड़ मोटर मार्ग से सटे जंगल के आग गांव तक पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जंगलों के आग की चपेट में आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। एक के बाद एक जंगल आग से राख होते जा रहे हैं। जंगली जानवर व वन संपदा के साथ ही मवेशियों के लिए जंगल में पाई जाने वाली चारा पत्ती भी जलकर खाक होती जा रही है। पशुपालक मवेशियों के लिए बाजार से मंहगे दामों पर चारा खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।



लोहाघाट के छमनिया तोक में अराजक तत्वों की ओर से नाप भूमि में लगाई गई आग। ● अमृत विचार

# अराजक तत्वों ने सुंई के छमनियां में लगाई आग

संवाददाता, लोहाघाट/चम्पावत

#### शर्मनाक

- आग के आबादी में पहुंचने से हड़कंप, फलदार पेड़ भी जले
- बाराकोट से लगे जंगलों में भी लगी भीषण आग

**अमृत विचार:** विकास खंड लोहाघाट के ग्राम सभा सुंई पऊ के छमनिया तोक में अराजक तत्वों ने नाप खेतों में आग लगा दी। तेज हवाओं के साथ आग आबादी तक आ पहुंची, जिससे लोग में दहशत फैल गई। लोगों ने जंगलों में आग लगाने वाले अराजक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा बाराकोट क्षेत्र से लगे जंगलों में भी भीषण आग लगने से वन विभाग और लोगों में खासा हड़कंप मचा हुआ है।

रविवार की देर शाम छमनिया में अराजक तत्वों ने लोगों के नाप खेतों में उगी झाड़ियों में आग लगा दी। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया और आग तेजी से आबादी की ओर बढने लगी। कुछ ही देर में आग पूर्ति निरीक्षक कार्यालय और लोगों के घरों के पास पहुंच गई। भीषण आग को देखते हुए लोगों में हड़कंप मच गया। आग से कई फलदार पेड़-पौधे भी जलकर राख हो गए। ग्रामीण जीएस पंत के नेतृत्व में महेश चंद्र, आयुष ओली, सुनील ओली भुवन चंद्र ने पेड़ की टहनियों और घरों से बाल्टियों में पानी ले जाकर आग पर काबू पाया। आग लगने से बगीचों की सुरक्षा बाड़ के साथ नींबू, संतरा, सेब के अलावा छायादार पेड़ पौधों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

### जंगल में धधकी आग

**नैनीताल, अमृत विचार :** शहर के समीपवर्ती एरीज क्षेत्र के जंगलों में आग लग गई। तेज हवाओं के साथ आग ने विकराल रूप ले लिया। लोगों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

सोमवार सुबह एरीज क्षेत्र के जंगलों में लगी आग ने देखते ही देखते बड़े क्षेत्र को चपेट में ले लिया। आग आबादी क्षेत्र तक पहुंची तो लोगों में भी हड़कंप मच गया। लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, मगर हवाएं तेज होने के कारण लोग आग पर काबू नहीं पा सके, जिसके बाद लोगों ने अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी।

सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने पानी की बौछार कर कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग बुझाने में हमनाम सिंह, अमरदीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, अरविंद कुमार समेत अन्य फायर कर्मी मौजूद रहे।



रामपुर रोड स्थित अग्रसेन भवन व एचएन इंटर कालेज के पास टेढ़ा हुआ खंभा।

# जर्जर हुए बिजली पोल हादसों को दे रहे दावत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के तमाम चौराहों और घनी आबादी के बीच लगे अधिकांश विद्युत पोल जर्जर हालत में हैं, जो हादसों को दावत रहे हैं। लेकिन विद्युत विभाग ने पुराने और जर्जर हो चुके पोलों को अब तक बदलने की जहमत नहीं उठाई है।

हल्द्वानी व आसपास के कई क्षेत्रों में विद्युत पोल जर्जर हालत में हैं, जो कभी भी हादसे का सबब बन सकते है। बनभूलपुरा, राजपुरा, गांधीनगर, सिंधी चौराहा, टीपीनगर चौराहा समेत अनेक आबादी वाले क्षेत्रों में विद्युत पालों के तार लटक रहे हैं। कई जगह तो विद्युत पोल झुक गये हैं।

राजपुरा निवासी बबलू चौहान ने बताया कि तिकोनिया रेलवे क्रांसिग के पास लगे विद्युत पोल से तार लटक रहे हैं। दो से तीन माह में तारों में फाल्ट भी होते रहते हैं। इसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

विद्युत विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पुराने पोल और जर्जर तारों को बदलने के लिए विभाग के पास अभी कोई योजना नहीं है। आचार संहिता खत्म होने के बाद ही इस दिशा में आगे कार्रवाई की जायेगी।



आईटीआई मोड़ के पास भी खंभे से खतरा।

#### ठंडे बस्ते में प्रस्ताव

**हल्द्वानी :** विद्युत विभाग की ओर से पूर्व में जर्जर पोल और तारों को बदलने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन विभाग शासन को प्रस्ताव नहीं भेज पाया। जिसके चलते प्रस्ताव ठंडे बस्ते में पड़ा है। विभाग की ओर से तारों व पोलों को बदलने के लिए कोई नया प्रस्ताव नहीं तैयार किया गया है।

# पुल में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

ब्यूरो, भीमताल

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने ओखलकांडा ब्लॉक के स्याली के समीप गौला नदी के निर्माणाधीन पुल में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने डीएम नैनीताल से निर्माण सामग्री की जांच कराने की मांग की है।

विधायक कैड़ा ने कहा कि स्याली, रिखाकोट, टांडा, घिगरानी, सुई आदि गांवों के ग्रामीणों पिछले कई वर्षों से स्याली के समीप गौला नदी में पुल बनाने की मांग कर रहे थे। पुल नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात के समय जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती थी। इस वजह से महिलाओं, बच्चों को दिक्कतें होती थीं। काश्तकार उपज घोड़े पर लादकर सड़क तक लाते थे। साल में छह माह तक यह समस्या बनी रहती थी।

उन्होंने बताया कि राज्य योजना के अंतर्गत 1.55 करोड़ से स्याली के बीच गौला नदी में सिमलिया-साननी मोटर मार्ग को जोड़ने के लिए स्टील गार्डर पुल का प्रस्ताव पास कराया गया। डेढ़ वर्ष पूर्व निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक साल पूर्व पुल का निर्माण शुरू हुआ था। विधायक कैड़ा ने आरोप लगाया कि पुल का जिम्मा जिस ठेकेदार को दिया गया था वह एक वर्ष में पुल का निर्माण नहीं कर सका। पुल में घटिया सामग्री लगाई गई, जिससे पुल बनने से पहले ही टूट गया। यदि गुणवत्तापूर्ण सामग्री इस्तेमाल की जाती तो पुल इतनी जल्दी धाराशायी नहीं होता। आगामी 15 जून से फिर से मानसून आ जाएगा और ग्रामीणों को परेशानी होगी। वहीं, संबंधित विभाग व ठेकेदार लापरवाह बना हुआ है।



ओखलकांडा ब्लॉक के स्याली के समीप गौला नदी में निर्माणाधीन पुल। ● अमृत विचार

#### जांच की मांग

- विधायक कैड़ा ने नैनीताल डीएम से की जांच की मांग
- ठेकेदार व विभागीय लापरवाही से ग्रामीणों को होगी परेशनी



रामपुर रोड से निकलने वाली सिंचाई विभाग की नहर में फैली गंदगी।

### सिंचाई विभाग अगले माह कराएगा नहरों की सफाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग मई माह से नहरों की सफाई का कार्य शुरू करेगा। इसके तहत 7.5 किलोमीटर लंबी गौलापार और अन्य क्षेत्रों की नहरों की सफाई की जाएगी। नहरों की सफाई में करीब 15 लाख रुपये की लागत आयेगी। बरसात के समय जलभराव और पानी की निकासी को लेकर सिंचाई विभाग ने नहरों की सफाई के लिए अभी से कवायद शुरू कर दी है। नहरों के चोक होने से बरसाती पानी की निकासी सही से नहीं हो पाती है, जिसके चलते जल भराव की स्थिति बन जाती है। वर्तमान में नहरों की सफाई न होने से खेतों में सिंचाई के लिए जाने वाले पानी के साथ कूड़ा-कचरा भी पहुंच रहा है। इससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसको लेकर सिंचाई विभाग मई माह से मुख्य नहरों के साथ ही 22 अन्य नहरों की सफाई का कार्य शुरू करेगा।

# गर्मी बढ़ते ही बाजारों में सजने लगे एसी, कूलर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गर्मी की दस्तक के साथ ही बाजार में जगह-जगह इलेक्ट्रोनिक्स की दुकानें पंखें, कूलर, फ्रिज और एयर कंडीशनर से सज चुकी हैं। नए-नए डिजाइन और फीचर के एसी व कूलर लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। दुकानदारों को गर्मी बढ़ने के साथ ही कामकाज में तेजी आने की उम्मीद है।

दुकानदारों के अनुसार कूलर व एसी की बिक्री शुरू हो गई है, लेकिन अभी बाजार में तेजी नहीं है। रोजाना अनुमानित 50 से 60 कूलर और 15 से 20 एसी बिक रहे हैं। रेलवे बाजार स्थित एक फर्म के मैनेजर राजीव बिष्ट ने बताया कि पिछले साल की तुलना में कूलर व एसी के दामों में अधिक अंतर नहीं है। कूलर की बॉडी, मोटर व पेंट की क्वालिटी के हिसाब से अलग-अलग कीमतें निर्धारित हैं। सामान्य टिन वाले कूलर के दाम 3000 रुपये और कंपनियों के 5000 हजार रुपये से शुरू हैं। रूम कूलर की कीमत 4000 रुपये से शुरू होकर 36 हजार रुपये तक है। कमरे के अंदर रखे जाने व चलते समय आवाज कम करने की वजह से अधिकतर ग्राहक रूम कूलर को पसंद कर रहे हैं। बाजार में 25 से 150 लीटर तक के रूम कूलर मौजूद हैं। टीन वाले कूलर पर एक साल और रूम कूलर पर 1 से 3 साल तक की वारंटी मिल रही है।

बाजार में अलग-अलग गुणवत्ता वाले एसी भी मौजूद हैं।

## मास्टर प्लान पर की विस्तृत चर्चा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डीएम वंदना ने हल्द्वानी शहर को नये स्वरूप में विकसित करने के लिए आवास व नगर विकास विभाग की ओर से आरईपीएल कंपनी की ओर से तैयार किए मास्टर प्लान पर विस्तृत चर्चा की।

आरईपीएल कंपनी के प्रतिनिधि ने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि नगर में बनाए जाने वाले बाहरी एवं आंतरिक रिंग रोड, आईएसबीटी बस टर्मिनल, वन दृश्य रोड, सीवरेज और स्वच्छता, जल आपूर्ति आदि प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी। डीएम ने विभिन्न सरकारी विभागों के समन्वय से प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम शिवचरण द्विवेदी, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, एसडीएम परितोष वर्मा आदि मौजूद रहे।

# आपराधिक वारदातें बढ़ने से भय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के शिष्टमंडल ने सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक से मुलाकात की। संगठन के महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल व प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहर में चोरी और आपराधिक वारदातें बढ़ गई हैं, जिससे लोगों में डर बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि अकसर युवा सड़कों में तेज गति से मोटरसाइकिल चला रहे हैं। इन पर कोई नियंत्रण नहीं होने की वजह से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। नियम विरुद्ध कारों में हूटर बजाने से आम लोगों में भ्रम की स्थिति बन गई है। नौजवान प्रतिबंधित नशे के शिकार होते जा रहे हैं। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने कोतवाल से इस पर रोक लगाने और युवाओं को प्रतिबंधित नशा उपलब्ध कराने वाले लोगों पर रासुका के तहत कार्यवाही करने की मांग की है। कहा कि यदि समस्या का हल नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन को मजबूर होंगे। इस दौरान केंद्रीय संयोजक धर्म यादव, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, राजेंद्र अग्रवाल, नगर महामंत्री ऋषभ पाठक, विजय शर्मा, प्रमोद गोल्डी, मेहबूब अली, गौरव अग्रवाल, प्रभजोत चंडोक, रामप्रसाद कश्यप, चमन गुप्ता, राकेश दुआ आदि मौजूद रहे।



कोतवाल से मुलाकात करता व्यापार मंडल का शिष्टमंडल। ● अमृत विचार

#### बोले व्यापारी

- कोतवाल से मिला प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल का शिष्टमंडल

## सार संक्षेप

### विधायक बेहड़ ने किया अग्निकांड का निरीक्षण



किच्छा में अग्निकांड पीड़ित से वार्ता करते विधायक बेहड़ व अन्य कांग्रेसी।

**किच्छा :** विधायक तिलकराज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत दो क्षेत्रों में हुई अग्निकांड की घटना का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पीड़ितों से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विगत दिवस विधानसभा अंतर्गत बंडिया क्षेत्र में वार्ड नंबर 5, किच्छा निवासी रामवीर सिंह की चाय की दुकान तथा निकट स्थित झोपड़ी में आग लगने के बाद हजारों का माल जलकर राख हो गया था तथा झोपड़ी में एक बकरी तथा चार मुर्गियों की जलकर मौत हो गई। जबकि एक बकरी गंभीर रूप से झुलस गई। तमाम कांग्रेसियों के साथ मौके पर पहुंचे विधायक बेहड़ ने पीड़ित दाताराम को ढांढस बंधाया। दूसरे मामले में ग्राम गिद्धपुरी निवासी किशन लाल सिंधी के खेत में शनिवार की शाम आग लगने के चलते खेत में खड़ी करीब 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना में करीब 7 लाख का गेहूं जला था। विधायक बेहड़ ने किसान किशनलाल सिंधी एवं उनके परिवार से भेंट कर घटना को लेकर दुख जताया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मौके पर राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, गुलशन सिंधी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, मनोज सिंधी, धर्मेंद्र सिंधी आदि मौजूद रहे।

### तेंदुए के हमले में दो लोग घायल



**काशीपुर :** तेंदुए के हमले में दो लोग घायल हो गए। ग्राम शिव नगर ढकिया नंबर एक निवासी सूरजपाल पुत्र छिद्दा सिंह खेत की तरफ से आ रहे थे। यादराम के गन्ने के खेत में छुपे तेंदुए ने अचानक निकलकर उसकी कमर पर हमला कर दिया। जिसकी टक्कर से वह खेत की मेंढ पर गिर गया। तेंदुए ने उसके गले पर हमला करने का प्रयास किया। इस दौरान उसने अपना बायां हाथ लगा दिया। तेंदुए ने उसका हाथ चबा दिया। सूचना पर परिजनों ने लहुलुहान सूरजपाल को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसका इलाज कर छुट्टी कर दी है। उन्होंने बताया कि गन्ने के खेत में तेंदुआ काफी देर से छुपा था। बराबर खेत में मशीन से गेंहू कटाई हो रही है। तेंदुआ घुसने से कटाई कार्य भी बंद हो गया है। काफी लोग उसे देख रहे थे। अचानक उस पर हमला कर दिया। कुछ देर पहले ही ग्राम हरिनगर निवासी 16 वर्षीय विनीत पर भी हमला कर दिया है। तब तक लोगों ने शोर मचा दिया। वह गेहूं के खेत में छुप गया है।

# पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

## स्कूलों में हुए कई कार्यक्रम, बाजपुर में निकाली गई रैली, जसपुर में गोष्ठी, खटीमा में पोस्टर व अन्य प्रतियोगिताएं, पौधरोपण किया

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** आरएलएसएम डिग्री कॉलेज किशनपुर, जसपुर में पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ संस्था के सचिव विनय चौहान एवं प्राचार्य डॉ. भुवनेश कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। संस्था सचिव विनय चौहान ने गोष्ठी को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भूमिका व मोहम्मद दानिश ने किया। इस अवसर पर विवेक कुमार, दीपक कुमार, गीता चौधरी, राजवीर, प्रीति वर्मा आदि मौजूद रहे।

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में रोवर रेंजर और वनस्पति विज्ञान विभाग ने मिलकर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई और ग्राम रानीनागल में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। प्रभारी प्राचार्य डा.रीता सचान ने पृथ्वी को बचाने के लिए सालभर पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और सकारात्मक कार्य करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर रोवर प्रभारी डा.आदर्श चौधरी, रेंजर प्रभारी डा.जया कांडपाल, डा.सूरज पाल सिंह, डा.विकास रंजन, डा.मनुहार आर्या, डा.प्राची फर्त्याल आदि मौजूद रहे।





बाजपुर के ग्राम रानीनागल में जन-जागरूकता रैली निकालते पीजी कॉलेज के विद्यार्थी। ● अमृत विचार





खटीमा के सोर वैली पब्लिक स्कूल में अपने पोस्टरों के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल (हैप्पी मैम) और सोर वैली पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नोजगे पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर चित्रकला, पोस्टर, बैच क्राफ्ट, स्लोगन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को नाटक के माध्यम से अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए कौन-कौन से उपाय करने चाहिए बताया गया। प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने पर्यावरण की सुरक्षा संबंधी जानकारियां दीं। इस अवसर पर एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, मधुमिता मुखर्जी, रश्मि पाहवा, मंजू भट्ट, मोनिका चंद, मनु चावला, मंजू रावत, मनदीप कौर, गीता धामी, सुमन जोशी, राजकुमारी, पूर्णिमा आदि थे।



पंतनगर में कार्यक्रम के तहत पौधरोपण करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



खटीमा में पौधों का रखरखाव करते नोजगे पब्लिक स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

इधर सोर वैली पब्लिक स्कूल अमाऊं में विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों द्वारा पेंटिंग बनाई गई एवं विद्यार्थियों ने विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में विचार व्यक्त किए। इस दौरान "सेव वाटर सेव प्लेनेट " के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ममता धौनी, उप-प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, सरस्वती भट्ट, सुरेखा रावत, रीतिका चंद, कांता चौहान, बबीता खोलिया, शालू गौरव, आशा बिष्ट, गीता कोहली, नीरज गंगवार, दीप भारद्वाज, सोनाली राना, गायत्री बसेड़ा आदि रहे।

उधर अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में एयर फोर्स एनसीसी कैडेट द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। एनसीसी ऑफिसर एनएस रौतेला ने कैडेट्स को पर्यावरण संरक्षण करने के विभिन्न तरीके बताते हुए पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार कटिहार ने एनसीसी कैडेट्स को पेड़ पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की शपथ दिलाई।

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि स्थित गृह विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान के छात्रों की ओर से स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के आयोजन सहित विवि परिसर में सरस्वती शिशु मंदिर, बालनिलयम और कैंपस स्कूल में पौधरोपण किया गया। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के डॉ. पंकज कुमार, सह प्राध्यापक डॉ. छाया शुक्ला, डीन डॉ. अल्का गोयल, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. विंध्यवासिनी, डॉ. सीमा क्वात्रा, डॉ. अनुपमा पांडे, तुलसी प्रसाद भट्ट, डॉ.एसके सेंगर व डॉ. मंजू जोशी मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर आयुक्त**
**नगर निगम रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)**
दूरभाष : 05944-242400, E-mail : nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit : www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांक : मैमो/कर अनु./2023-24 दिनांक : 23 03.2024

**"भवनकर नामान्तरण सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री दिनेश बाबू पुत्र स्व० श्री रमेश चन्द एवं श्री अवधेश कुमार पुत्र स्व० श्री रमेश चन्द, द्वारा एक आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया है, कि आवेदक द्वारा भवन सं. -169/18 A रम्पुरा रुद्रपुर, को उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, के आधार से प्राप्त किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उत्तरजीवी प्रमाण-पत्र एवं माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, शपथ पत्र संलग्न किया गया है। नगर निगम भवनकर अभिलेखानुसार उक्त भवन सं०-169/18 A रम्पुरा रूद्रपुर, श्रीमती मोरकली पत्नी स्व० श्री रमेश चन्द, के नाम पर वर्तमान में दर्ज है। उक्त सम्पत्ति नजूल सम्पत्ति है। अतः बोर्ड प्रस्ताव सं०-17/2424/4/अधि०अनु०/ बोर्ड बैठक / 2022-23 पी० बी० दिनांक 18-11-2022 के अनुसार प्रस्ताव सं.-17 के अनुपालन में नजूल भूमि पर उत्तरजीवी एवं वारिसान के आधार पर मात्र गृहकर वसूली हेतु उक्त भवन को नगर निगम अभिलेखों में श्रीमती मोरकली पत्नी स्व० श्री रमेश चन्द, का नाम खारिज कर श्री दिनेश बाबू पुत्र स्व० श्री रमेश चन्द एवं श्री अवधेश कुमार पुत्र स्व० श्री रमेश बन्द, के नाम नामातरित कर दिया जाये। उक्त भवनकर नामान्तरण मात्र भवनकर प्राप्ति हेतु किया जा रहा है, जिससे भवन का स्वामित्व अप्रभावित रहेगा।

अतः समस्त सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भवन कर का नामान्तरण में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना की जारी होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति स्पष्ट तर्क संगत साक्ष्यों सहित नगर निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, बाद मियाद समाप्ति पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्र० कर अधीक्षक
नगर निगम रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

# उत्पीड़न के खिलाफ भड़के बगवाड़ा मंडी के व्यापारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बगवाड़ा मंडी के व्यापारियों ने प्रशासन पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए विरोध जुलूस निकाला और एसडीएम का घेराव कर उत्पीड़न बंद करने की मांग उठाई। उन्होंने आगाह किया कि यदि चुनाव की आड़ में प्रताड़ित किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा की मौजूदगी में व्यापारी एफसीआई गोदाम किच्छा बाईपास मार्ग पर इकठ्ठा हुए। जहां से विरोध जुलूस की शक्ल में वह डीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम का घेराव किया।



रुद्रपुर में एसडीएम को घेराव करते व्यापारी। ● अमृत विचार

उनका कहना था कि बगवाड़ा मंडी में चुनाव प्रक्रिया संचालित की जा रही है। उस वक्त ईवीएम वितरण की बात कहकर मंडी के आढ़तियों को कुछ दिन का समय दिया था। आरोप था कि मतदान होने के बाद जब व्यापारियों ने कारोबार शुरू करने की बात कही, तो अधिकारियों ने गोलमोल जवाब देकर टाल दिया। पता चला कि मंडी को स्ट्रांग रूम बना दिया गया है, जो चार जून को मतगणना के बाद खुलेगा। इस कारण कारोबारी दो माह तक कारोबार नहीं कर सकते हैं। आरोप था कि व्यापारियों को आचार संहिता व निर्वाचन नियमों का खौफ दिखाकर डराया धमकाया जा रहा है। दो माह तक कारोबार ठप होने से व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पडेग़ा। उन्होंने प्रशासन से आपसी सहमति बनाकर कारोबार करने की अनुमति देने का मुद्दा उठाया। जिस पर एसडीएम ने कहा कि डीएम से वार्ता कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान राजीव मिड्ढा, वीरेंद्र सोनकर, रजत मुंजाल, शिव कुमार नारंग, सुरजीत चौहान, आशीष छाबड़ा, इकरार हुसैन, बलदेव सिंह, सोनू मनोचा, अरुण ग्रोवर, पंकज ग्रोवर, सतनाम सिंह, धर्मपाल कश्यप, केतन गुगलानी आदि मौजूद रहे।

**लामबंद**

- विरोध जुलूस निकालकर पहुंचे डीएम कार्यालय
- एसडीएम को किया घेराव, स्ट्रांग रूम का है मामला

### चौबीस घंटे रहेगा स्ट्रांग रूम बगवाड़ा में पहरा

**रुद्रपुर :** जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गई है। सभी ईवीएम और वीवीपैट व अन्य अभिलेखों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार नवीन मंडी बगवाड़ा परिसर में रख दिया गया है और बगवाड़ा मंडी को स्ट्रांग रूम घोषित कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना चार जून को होगी। मतगणना दिवस तक अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस अभिरक्षा में स्ट्रांग रूम रहेगा। सभी सील्ड युक्त ईवीएम स्ट्रांग रूम में पूर्णत : सीसीटीवी व सुरक्षाबलों की निगरानी में रहेगी। कहा कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम में नियमित एवं प्रभावी अनुश्रवण के लिए स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए चक्र वार निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने अधीनस्थों को कंट्रोल रूम के नंबर को प्रसारित करने को कहा है।

**कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर**
**04-नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र**

पत्र संख्या : 302 **अनुबन्ध-33** दिनांक : 21 अप्रैल, 2024

**मतगणना की तारीख, समय और स्थान के सम्बन्ध में समस्त निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थीयों एवं उनके प्रस्तावक/समस्त राजनैतिक दलों को सूचना**
**04-नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जनपद ऊधमसिंह नगर।**

लोक प्रतिधिनित्व अधिनियम 1961 के नियम 51 के अनुसरण में, मैं उदय राज सिंह, रिटर्निंग आफिसर नोटिस देता हूँ कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार मतगणना की तिथि दिनांक 04 जून, 2024 समय प्रातः 8:00 बजे से मतगणना 04-नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु मतगणना स्थल निम्नानुसार निर्धारित किया गया है।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सं. व नाम | मतगणना का स्थान | मतगणना का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नैनीताल | 56- लालकुआं | एम.बी.पी.जी. कॉलेज, हल्द्वानी | दिनांक : 04 जून, 2024 समय : प्रातः 08:00 बजे |
| 2 | | 57- भीमताल | | |
| 3 | | 58- नैनीताल | | |
| 4 | | 59- हल्द्वानी | | |
| 5 | | 60- कालाढुंगी | | |
| 6 | ऊधमसिंह नगर | 62- जसपुर | बिगवाड़ा मण्डी परिसर, किच्छा रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर | |
| 7 | | 63- काशीपुर | | |
| 8 | | 64- बाजपुर | | |
| 9 | | 65- गदरपुर | | |
| 10 | | 66- रुद्रपुर | | |
| 11 | | 67- किच्छा | | |
| 12 | | 68- सितारगंज | | |
| 13 | | 69- नानकमत्ता | | |
| 14 | | 70- खटीमा | | |

अतः 04-नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समादिष्ट जनपद नैनीताल की 05 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जनपद ऊधमसिंह नगर की 09 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के सम्बन्ध में सूचना।

(उदय राज सिंह)
रिटर्निंग ऑफिसर /
04- नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

**मामला** स्क्रैप को लेकर पहले भी चुकी है कई वारदात

# पुलिस ने नहीं संभाला मोर्चा तो रुद्रपुर में हो सकता है गैंगवार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** विधायक का नाम लेकर स्क्रैप उठान में 33 फीसदी रंगदारी मांगने का ऑडियो वायरल होने के बाद जहां शहर की राजनीति गरमा गई है। वहीं समय रहते पुलिस प्रशासन ने मोर्चा नहीं संभाला, तो कहीं न कहीं पूर्व सभासद और दूसरे गुट के बीच वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो जाएगी और यही लड़ाई आपसी गैंगवार में तब्दील भी हो सकती है, क्योंकि इससे पहले भी स्क्रैप कारोबार को लेकर गोलीबारी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

बताते चलें कि भदईपुरा के पूर्व सभासद एवं हिस्ट्रीशीटर राजेश गंगवार और स्थानीय विधायक के करीबी किरन विर्क की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। इसमें स्क्रैप कारोबार को लेकर विधायक के नाम की चर्चा हुई और 33 फीसदी कारोबार में फिरौती मांगने का आरोप प्रत्यारोप शुरू होने लगा। ऑडियो वायरल होने के बाद जहां राजनीतिक गलियारों में सियासत गरमा गई है। वहीं पूर्व सभासद राजेश और दूसरे गुट के स्क्रैप कारोबारी मोहन स्वरूप ने एक दूसरे के खिलाफ फिरौती मांगने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। चूंकि मामला अब पुलिस के पाले में चला गया है। दोनों पक्षों ने जांच का मुद्दा उठाया। इसके बाद स्क्रैप की लड़ाई में पुलिस का किरदार अहम हो चुका है। यदि पुलिस ने समय रहते दोनों ही तहरीर पर निष्पक्ष जांच कर इस जंग पर रोक लिया,तो कानून व्यवस्था कायम रहेगी। वरना कही ऐसा न हो कि हिस्ट्रीशीटर व पूर्व सभासद राजेश और दूसरे गुट मोहन स्वरूप के बीच वर्चस्व की जंग शुरू हो जाएं। क्योंकि जहां पूर्व सांसद पर कई संगीन अपराधिक मामले दर्ज है और हिस्ट्रीशीटर की सूची में नाम शुमार है। वहीं दूसरे गुट पर सत्ताधारी नेताओं का हाथ होने की चर्चा भी तेज है और दूसरा गुट भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है। जानकारों का मानना है कि सिडकुल स्थापना के वक्त भी स्क्रैप कारोबार को हथियाने के लिए कई गुटों में गोलीबारी भी हो चुकी है।

## पार्षद धामी हत्याकांड के मुख्य गवाह ने सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

- पूर्व सभासद गंगवार पर लगाया धमकाने का आरोप

**अमृत विचार :** पूर्व सभासद व हिस्ट्रीशीटर की बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद पेशबंदी का खेल शुरू हो गया है। इसके बाद भदईपुरा के चर्चित पार्षद प्रकाश धामी हत्याकांड के मुख्य गवाह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर धमकाने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र आते ही पुलिस ने आरोपी के घर पर दबिश दी और पूर्व सभासद की गैरमौजूदगी में परिवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

भदईपुरा के रहने वाले विशाल धामी ने बताया कि अक्टूबर 2020 में उसके चाचा पार्षद प्रकाश धामी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में जहां मुख्य साजिशकर्ता पूर्व सभासद राजेश गंगवार और उसके भाई अन्नू गंगवार सहित शूटर जेल गए थे। बताया कि हत्याकांड का मुख्य गवाह वह खुद है। आरोप था कि रविवार को वह अपने घर जा रहा था कि पहाड़गंज पुलिया के समीप पूर्व सभासद अपने साथियों के साथ खड़ा था और उसे रोककर हत्याकांड की गवाही बदलने का दबाव बनाया। आरोप था कि गवाही नहीं बदलने पर जान से मारने की धमकी दी। मृतक के भतीजे ने पुलिस को तहरीर देकर का र्रवाई की मांग की। उधर,कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर आने के बाद पुलिस पूर्व सभासद के घर पर जांच के लिए गई थी। जहां पूर्व सभासद पुलिस को देखकर फरार हो गया और आरोपी के परिवार से पूछताछ की गई। पुलिस मामले की जांच कर आरोपों की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की जाएंगी।

> स्क्रैप कारोबारी मोहन स्वरूप की तहरीर प्राप्त होने के बाद प्रकरण की जांच सिडकुल चौकी प्रभारी को सौंप दी है। इसके अलावा पूर्व सभासद का शिकायती पत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है। प्राप्त होने के बाद आरोपों की जांच होगी। वहीं ऑडियो को भी जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच होने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> -राजेंद्र सिंह डांगी, थानाध्यक्ष पंतनगर।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 9756032977, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### कच्ची शराब के साथ दबोचा

**खटीमा :** सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने रविवार को टीम के साथ गश्त के दौरान यूपी सीमा से लगे गांव वनगवां से वहीं के निवासी जसपाल सिंह को 65 पाउच लगभग 25 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### शाकिब बने युवा कांग्रेस प्रदेश संयुक्त सचिव



**जसपुर :** शाकिब चौधरी को युवा कांग्रेस प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया है। उन्होंने अपने मनोनयन पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव नईम प्रधान, प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान, प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, प्रदेश सह प्रभारी नवनीत कौर व समस्त कांग्रेस जनों ने आभार व्यक्त किया है।

### रोडवेज की 11 और बसों का संचालन शुरू

**काशीपुर :** चुनाव में लगाई गई काशीपुर डिपो की 11 बसों का विभिन्न रूटों पर संचालन शुरू कर दिया गया है। रविवार की शाम को डिपो परिसर में 11 बसें आ गई थीं। सोमवार को एआरएम अनिल सैनी ने बताया कि सोमवार को दिल्ली समेत कई रूटों पर बसों का संचालन किया गया। बताया कि डिपो में 35 बसों का संचालन होता है।

# बच्चे का गला रेतकर बच्चे को झाड़ियों में फेंका

## जूस के स्टॉल में काम करने वाले युवक ने साथी व्यक्ति के बच्चे पर किया जानलेवा हमला, बच्चे की हालत नाजुक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** चैती मेले में जूस का स्टॉल लगाने वाले व्यक्ति के 13 महीने के बेटे का उसके साथ काम करने वाले युवक ने गला रेत दिया और उसे झाड़ियों में फेंक दिया। युवक बच्चे को घुमाने के बहाने अपने साथ लेकर गया था। गंभीर अवस्था में बच्चे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सहारनपुर के बासठकुटा रोड राशिद गार्डन निवासी मोहम्मद नदीम ने 9 अप्रैल से चैती मेले में अपने 10-12 साथियों के साथ जूस के अलग-अलग स्टॉल लगा रखे हैं। चैती मेले में नदीम अपनी पत्नी जीनत और 13 महीने के बच्चे आहद के साथ आया हुआ है। स्टॉल पर उसके साथ उसके गांव का ही आशु निवासी रहमानी चौक, हबीब गढ़ रोड, सहारनपुर काम कर रहा था।रविवार को नदीम अपने स्टॉल पर व्यस्त था और जीनत सभी लोगों के लिए खाना बना रही थी। इस बीच रात करीब आठ बजे आरोपी आशु उनके बेटे आहद को घुमाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। देर रात वह नशे की हाल में लौटा तो उसके साथ आहद नहीं था। इस पर परिजनों ने बच्चे के बारे में पूछा, तो आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

नदीम ने मामले की सूचना पुलिस को दी और बच्चे की तलाश शुरू कर दी। सुबह 6 बजे बच्चा बाजपुर रोड पर झाड़ियों में किसी को रोता हुआ पड़ा मिला। इस पर उसने बच्चे को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे की सूचना उसके परिजनों को दी। इस दौरान बच्चे का साइड से गला कटा हुआ था और उसके शरीर पर मच्छरों के काटने के निशान थे। मौके पर पहुंचे परिजन हायर सेंटर के लिए रेफर करने पर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां बच्चे का इलाज चल रहा है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**पूर्व में भी एक युवक पर किया था जानलेवा हमला :** नदीम के साथ मेले में आए उसके सहयोगियों ने बताया कि आरोपी युवक नशे की हालत में जल्लाद बन जाता है और वह पूर्व में भी सहारनपुर में नशे की हालत में एक युवक पर जानलेवा हमला कर चुका है। जिसमें उसे पुलिस ने भी पकड़ा था।



अस्पताल में भर्ती घायल बच्चा।

"पुलिस की प्राथमिकता में बच्चे का बेहतर इलाज है। तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।" **-अनुषा बडोला**, सीओ काशीपुर

### आखिर क्यों किया गया मासूम की हत्या का प्रयास

**काशीपुर :** बच्चे को घुमाने के बहाने ले जाना और फिर उस पर जानलेवा हमला कर बच्चे को झाड़ियों में फेंक देना। आखिर यह दिल दहला देने वाला कार्य युवक ने क्यों किया। पुलिस भी इन सवालों के जवाब ढूंढती नजर आ रही है। प्रारंभिक तौर पर आशु द्वारा नशे ही हालत में बच्चे पर जानलेवा हमला करने की बात निकलकर सामने आ रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या वाकई आशु ने नशे में इस कृत्य को किया या फिर घटना के पीछे का कुछ और राज है। पुलिस पुरानी रंजिश व लेनदेन के एंगल को भी खंगाल रही है।

### 10-12 सालों से नदीम के साथ जुड़ा हुआ था आशु

**काशीपुर :** नदीम अपने परिवार व साथ में काम करने वालों के साथ जगह-जगह मेले इत्यादि जगहों पर जूस का स्टॉल लगाता है और उसके साथ अधिकतर उसके पहचान व गांव के ही युवक काम करते थे। चैती मेले में नदीम पिछले काफी समय से जूस का स्टॉल लगा रहा था। इस दौरान उसके साथ आशु भी काम करता था, जो पिछले 10-12 सालों से उसके साथ जुड़ा हुआ था। लंबे समय से जुड़े होने के साथ वह भी परिवार का एक हिस्सा बन चुका था। इस कारण नदीम और उसके परिवार का उस पर विश्वास भी बढ़ गया था। नदीम के साथ काम करने वाले मुस्तकीम ने बताया कि आरोपी आशु परिवार के अन्य लोगों की तरह ही रहता था। खाना पीना सब एक साथ होता था। नदीम की पत्नी भी आशु को बच्चे के चाचा के रूप में ही मानती थी। इसलिए अक्सर वह बच्चे को आशु को सौंप काम में लग जाती थी। बच्चा भी आशु की गोद में आकर खुश रहता था। रविवार को भी नदीम की पत्नी बच्चे को आशु चाचा की गोद में सौंप खाना बनाने में लग गई।

### फोन पर सुनाई दी थी परिजनों को बच्चे की आवाज

**काशीपुर :** आरोपी आशु बच्चे को घुमाने की बात कहकर करीब आठ बजे लेकर गया था। काफी देर बाद जब वह नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे कई बार फोन भी किए थे। इस पर वह आ रहा है, कहकर देर रात तक नहीं आया। इस दौरान फोन पर परिजनों को बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दे रही थी। लेकिन रात तीन बजे युवक जब नशे की हालत में लौटा, तो बच्चा उसके साथ नहीं था। बच्चे के बारे में पूछने पर युवक ने शराब के ठेके पर बच्चा भूल जाने की बात कही, तो कभी बच्चा गुम हो जाने की बात कही। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



लाखों खर्च कर बनाई सड़क कुछ माह में ही उखड़ी। ● अमृत विचार

# लाखों खर्च कर बनाई गई सड़क चंद दिनों में उखड़ी

संवाददाता, काशीपुर

**हालात**
- वार्ड 40 में बनाई गई है करीब दो किलोमीटर से अधिक की सड़क
- कई जगहों पर सड़क उखड़ने से निर्माण कार्यों पर उठ रहे सवाल

**अमृत विचार :** काशीपुर में लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़क उखड़ गई है। इससे सड़क निर्माण के कार्यों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों की मानें तो ठेकेदार ने नाली तक नहीं बनवाई है। इससे लोग पानी की निकासी को लेकर परेशान हैं।

नगर निगम के वार्ड नम्बर 40 में करीब दो किलोमीटर से अधिक की सड़क का निर्माण किया है। नगर निगम की देखरेख में कुछ ही माह पहले ठेकेदार ने पीचिंग के बाद डामर डाल दिया है। लेकिन सड़क निर्माण को दो से तीन माह ही हुए हैं। सड़क कई जगहों से उखड़ गई है। लोगों की मानें तो डामर बिछाने के बाद बड़े वाहनों की आवाजाही करा दी गई। इससे सड़क उखड़ गई है। पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लाडी ने बताया कि कई सालों के बाद सड़क का निर्माण कराया गया है। लेकिन सड़क के उखड़ जाने से आवाजाही को लेकर लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं नाली आदि नहीं बनाए जाने से लोग घरों के पानी निकासी को लेकर संशय में है। बताया कि कहीं-कहीं जगहों पर नाली बनाई गई है। वहीं एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मार्ग निर्माण नगर निगम ने कराया है। सड़क उखड़ने की जांच कराई जाएगी।

# दुर्घटना में घायल पुत्र की सुध न लेने का आरोप

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** युवक पर नाबालिक पुत्र को साथ ले जाने तथा दुर्घटना में घायल पुत्र की आरोपी द्वारा सुध न लिए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता मां ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष जगरूप सिंह गोल्डी के साथ कोतवाली पहुंची तमाम महिलाओं ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद जोशी को शिकायती पत्र दिया।

वार्ड नंबर 6 बेदी मोहल्ला निवासी कमलेश देवी ने कहा कि उसके 16 वर्षीय पुत्र मोहित को पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम दोपहरिया निवासी बबलू नाम का व्यक्ति अक्सर अपने साथ ले जाता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विगत 21 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे आरोपी बबलू उसके पुत्र मोहित को अपने साथ ले गया और दीवार में मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मोहित का गंभीर अवस्था में हल्द्वानी के अस्पताल में इलाज चल रहा है और मोहित आईसीयू में भर्ती है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती किए जाने के बावजूद बबलू ने परिजनों को कोई सूचना नहीं दी और फरार हो गया। जबकि अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज की एवज में दो लाख रुपये नगद जमा कराए जाने की बात कही जा रही है। पीड़िता मां ने आरोपी बबलू के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** एक दुष्कर्म पीड़िता पिछले कुछ दिनों से अपनी फरियाद लेकर थाने के चक्कर काट रही है।

सोमवार को एक ग्रामीण महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही एक युवक ने उसकी नाबालिग बेटी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि उसका पति मानसिक रोगी है। वह मजदूरी करती है और अक्सर घर से बाहर रहती है। उसने कहा कि उनकी गैरमौजूदगी में उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली रहती है। उसका आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने उसकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर, शादी का झांसा देकर उसकी नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया। आरोपी युवक उसकी बेटी को शादी की बात कहकर अपने घर ले गया। मगर युवक के परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया।

# गेहूं की नाल में आग लगने से नुकसान



गांव भगवंतपुर में गेहूं के नाल में लगी आग बुझाते ग्रामीण व दमकल कर्मी।

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** जसपुर क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी सतपाल सिंह के खेत में सोमवार को पड़े गेहूं के नाल में अचानक आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। गांव वासियों ने अपने स्तर से आग बुझाना शुरु कर दिया। लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग तेजी से गन्ने के खेत की ओर बढ़ रही थी।

सूचना मिलने पर फायर स्टेशन जसपुर से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में तत्काल फायर यूनिट घटनास्थल पहुंची। फायर यूनिट की तत्परता से लगभग एक बीघा गन्ने की फसल को आग की भेंट चढ़ने से बचा लिया गया। घटनास्थल पर पहुंची फायर यूनिट में रमेश चन्द्र, गोपाल प्रसाद, विशु कुमार, चन्द्र मोहन व सागर सिंह शामिल रहे।



जसपुर में फैक्ट्री के ट्रक में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### फैक्ट्री के बाहर खड़े ट्रक में लगी आग

**जसपुर :** पुराना अहमदनगर रोड स्थित पशुपति पशु आहार फैक्ट्री के बाहर सोमवार को खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में आग लगते देख फैक्ट्री के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री के कर्मचारी दौड़कर मौके पर पहुंच गए और उन्होंने अपने स्तर से ट्रक में आग लगी आग बुझाना शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर यूनिट तत्काल घटना स्थल पहुंची। आग पशुपति इंडस्ट्रीज के ट्रक यूके 18 सीए - 6237 की वायरिंग में आग लगी थी। फायर यूनिट ने आग पर काबू पाया। आग लगने से ट्रक में काफी नुकसान हो गया। फायर यूनिट रमेश चन्द्र, गोपाल प्रसाद, विशु कुमार, चन्द्र मोहन व सागर सिंह शामिल रहे।

# 300 क्विंटल अवैध रेत से भरा ट्रक पकड़ा

**किच्छा, अमृत विचार :** तराई पूर्वी वन विभाग हल्द्वानी के वन अधिकारी हिमांशु बांगरी एवं प्रभागीय वन अधिकारी गोला अनिल जोशी के दिशा निर्देशन में वन विभाग की टीम ने देर रात्रि सूचना के आधार पर 300 क्विंटल अवैध रेत अभिवहन करते एक ट्रक को पकड़ लिया। वन विभाग की टीम ने ट्रक को सीज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

वन विभाग को सूचना मिली कि किच्छा बरेली नेशनल हाईवे पर करीब 300 क्विंटल अवैध उप खनिज रेत लेकर एक ट्रक यूपी क्षेत्र में जा रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई वन विभाग की टीम ने पुलभट्टा वन बैरियर पर ट्रक संख्या यूपी 14 जीटी 6810 को रोक लिया। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर टीम ने ट्रक को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।

# मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नाम कटे होने की शिकायत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी देहरादून को शिकायती पत्र भेजकर विगत दिनों हुए लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटने की शिकायत की है। यह भी कहा है कि लोगों के नाम न होने के कारण मतदान का प्रतिशत भी प्रभावित हुआ है।

निवर्तमान कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत के नेतृत्व में लोगों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा। कहा कि लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटे होने की शिकायत सामने आई है। यह भी कहा कि ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब थे जो पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान कर चुके हैं। ज्ञापन देने वालों मे रमेश जोशी, अनिल ओली, दीवान सिंह, देवेंद्र भट्ट, यशोधर भट्ट, संजय खोलिया, गोविंद आदि मौजूद थे।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते निवर्तमान मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत।

# घर में काटा गया 110 किलो मांस बरामद

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर अवैध रूप से घर में काटी गई भैंस के 110 किलो मांस को बरामद किया। पुलिस ने भैंस के कटे हुए कई अंग तथा मांस काटने के उपकरण कब्जे में ले लिया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही टीम को सूचना मिली कि कुरैशी मोहल्ला क्षेत्र में जीबी पंत स्कूल वाली गली में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से भैंसों की गोकशी कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। घर के आंगन में भैंस कटी हुई अवस्था में पड़ी हुई थी जबकि नालियों में काफी अधिक मात्रा में खून बह रहा था। पुलिस ने वार्ड नंबर 15, कुरैशी मोहल्ला, थाना किच्छा निवासी आमिर नाम के व्यक्ति को मौके पर दबोच लिया।

पुलिस ने 110 किलोग्राम मांस, एक खाल आदि को कब्जे में ले लिया। पुलिस के संपर्क करने पर पशु चिकित्सा अधिकारी मृर्गेश चौधरी ने बताया कि वह अवकाश पर हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



जैसे हम अपने घर के आंगन को सुंदर बनाने के लिए क्यारियों व गमले में फूल पौधे लगाते हैं, वैसे ही प्रकृति भी अपने धरती रूपी आंगन को प्राकृतिक फूलों से सुंदर बनाती है। आजकल एक ऐसा ही प्राकृतिक सुंदर नजारा सड़क के किनारे दिखाई दे रहा है। यहां एक झाड़ी प्राकृतिक सुंदर चमकीले फूलों से लदी हुई है। जो प्रकृति की सुंदरता को बढ़ा रही है और अपनी मंद-मंद सुगंध वायुमंडल को महका रही है। यह प्राकृतिक नजारा जसपुर में ही नहीं बल्कि अन्य जगहों पर देखने को मिल रहा है। ● सुशील चौहान

**सूरतेहाल** | प्रतिमाह होते हैं 30 से 35 शवों का पोस्टमार्टम, तीन की है आवश्यकता, एक जवान पर डाला गया भार

# छह सालों से अकेले पीआरडी जवान के भरोसे पोस्टमार्टम हाउस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस छह सालों से एक मात्र पीआरडी जवान के भरोसे है, जबकि पोस्टमार्टम हाउस में तीन कर्मियों की आवश्यकता है। इसके कारण पीआरडी जवान को शवों के चीरफाड़ का भी कार्य करने को मजबूर होना पड़ रहा है। चौबीस घंटे ड्यूटी करने के कारण पोस्टमार्टम हाउस की व्यवस्था चरमराने लगी है।

पुराना जिला अस्पताल परिसर में मुख्यालय का पोस्टमार्टम हाउस बना हुआ है। जहां प्रतिमाह 30 से 35 शवों का पोस्टमार्टम किया जाता है। सुविधाओं व व्यवस्था के अभाव में चल रहे पोस्टमार्टम हाउस में पिछले छह साल से पीआरडी जवान मनीष कुमार अब अपनी ड्यूटी भूलकर शवों के चीर फाड़ में लग गए हैं,जबकि नियमानुसार पीएम हाउस में तीन प्रशिक्षित पोस्टमार्टम हाउस कर्मी के पद रिक्त पड़े हैं। बावजूद इसके अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने इस व्यवस्था पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं किया और चौबीस घंटे अकेले शवों का पोस्टमार्टम करने का भार अकेले पीआरडी जवानों के कंधों पर डाल दिया है। पीआरडी जवान कई बार विभाग को पोस्टमार्टम हाउस कर्मी में स्थाई नियुक्ति देकर समायोजित करने या फिर महज पीआरडी की ड्यूटी करने के लिए पत्राचार कर चुका है,लेकिन पत्राचार का अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया।



जिला मुख्यालय का पोस्टमार्टम हाउस। ● अमृत विचार

### पुरानी व्यवस्था में चरमराती व्यवस्था

पोस्टमार्टम हाउस में शव विच्छेदन के कार्य के लिए प्रशिक्षित चतुर्थ श्रेणी कर्मी का होना जरूरी माना जाता है,लेकिन मुख्यालय पर आज भी वर्षों पुरानी व्यवस्था चली आ रही है। बताया जा रहा है कि पुराना चीर फाड़ करने वाला कर्मी नये कर्मचारी को शवों का विच्छेदन करना सीखता है और यह परंपरा कई सालों से चली आ रही है। प्रशिक्षण देकर नियुक्ति देने की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग में अभी तक प्रारंभ नहीं हुई है।

### ड्यूटी पीआरडी, काम मिला चीरफाड़ का

**रुद्रपुर :** वर्ष 2019 में पीआरडी जवान मनीष कुमार को इस आशय से पोस्टमार्टम में ड्यूटी पर लगाया गया था कि वह पोस्टमार्टम के दौरान पुलिस और चिकित्सकों को सहयोग करेगा। व्यवस्था के अभाव में वर्तमान में पीआरडी जवान शवों का चीरफाड़ कर रहा है,जबकि उसे वेतन पीआरडी जवान का ही मिलता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब जवान प्रशिक्षित हो चुका है,तो उसे स्थायी नियुक्ति देकर पोस्टमार्टम कर्मी की ड्यूटी में क्यों नहीं समायोजित किया गया। इसके लिए वह कई बार अधिकारियों से गुहार भी लगा चुका है।



"कई बार स्वास्थ्य विभाग,जिला प्रशासन के अलावा शासन को पत्राचार किया गया। मेरी मांग है कि जब पोस्टमार्टम हाउस में पीआरडी की ड्यूटी का दायित्व ही नहीं पूर्ण हो रहा है और वर्तमान में वह शवों का चीर फाड़ कर रहा हूं तो ऐसे में पीआरडी जवान के दायित्व से मुक्त कर स्थायी नियुक्ति दी जाए। बावजूद इसके अभी तक कोई नियुक्ति नहीं दी,जबकि प्रतिमाह शव विच्छेदन का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। परिवार की जिम्मेदारी निभाने की खातिर मजबूर होकर कार्य करना पड़ रहा है।" **-मनीष कुमार**, पीआरडी जवान

"स्वास्थ्य विभाग के सिस्टम में चतुर्थ श्रेणी कर्मी व्यवस्था समाप्त हो गई है। पिछले लंबे समय से आउटसोर्स के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर पत्राचार किए जा रहे हैं। बावजूद इसके कोई भी चतुर्थ श्रेणी कर्मी नहीं मिला और कोई कर्मी तैयार भी नहीं हुआ। बावजूद इसके पीआरडी जवान अपना आवेदन भरेगा, तो प्रयास किया जाएगा, क्योंकि उसकी नियुक्ति पीआरडी कार्यालय से हुई है और वह वेतनधारक जवान है।" **-डॉ. मनोज कुमार शर्मा**, सीएमओ ऊधमसिंह नगर




महिलाओं को ऑटो में छूटा पर्स सौंपते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### ऑटो में छूटा पर्स पुलिसकर्मियों ने लौटाया

**काशीपुर, अमृत विचार :** पीरुमदारा निवासी दो महिलाओं का पर्स एक ऑटो में छूट गया। पर्स में 25 हजार रुपये थे। चौराहे पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए ऑटो को ढूंढ पर्स महिलाओं को लौटाया। सोमवार को एमपी चौक पर पहुंची रामनगर क्षेत्र के पीरूमदारा निवासी ललिता पुत्री प्रकाश चंद्र और रेखा पुत्री चंद्रपाल निवासी काशीपुर किसी काम से आई थी। काशीपुर पहुंचने पर ऑटो से उतरने के दौरान उनका पर्स ऑटो में ही छूट गया। इसमें 25 हजार रुपये थे। महिलाओं ने एमपी चौक पर ड्यूटी कर रहे दो पुलिस कर्मियों से आपबीती बताते हुए मदद की गुहार लगाई। इस पर पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए ऑटो को ढूंढ पर्स लेकर महिलाओं को सौंपा। जिसे पाकर महिलाएं काफी खुश नजर आई।

# महंगाई के कारण सिमटता जा रहा चैती मेले का दायरा

## हर साल महंगाई बढ़ने से दुकानें नहीं लगाने आ रहे व्यापारी, 25 से अधिक झूले लगे हैं मेले में, उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला है चैती

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मां बाल सुंदरी देवी के सम्मान में लगने वाले चैती मेले में महंगाई की मार पड़ने से कारोबारी परेशान हैं। स्थिति यह है कि कभी चैती मेले में 15 सौ से अधिक दुकानें लोग लगाते थे। अब चार सौ से अधिक ही दुकानें मेले में लग रही हैं। इससे प्रसिद्ध मेले का दायरा सिमटता जा रहा है।

उत्तर भारत का प्रसिद्ध चैती मेले में उत्तराखंड, यूपी समेत कई राज्यों के लोग कारोबार करने पहुंचते हैं। मेले में लगने वाले सिलबट्टा बाजार, ढोलक बाजार, नखासा बाजार में आने वाले लोग लाखों का कारोबार करते थे। महंगाई की मार चैती मेले में भी दिखने को मिल रही है। चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री बताते हैं मां बाल सुंदरी देवी के सम्मान में मेला हर साल लगता है।

देवी के दर्शन के बाद लोग मेला घूमकर खरीदारी करते हैं। बताया कि बुक्सा समाज के लोग मेला परिसर में कई दिनों तक रुकते हैं। इसके लिए लोग रहने, खाने तक का सामान मेले में लेकर आते हैं। स्थानीय लोग भी दुकानें लगाते थे, महंगाई के कारण स्थानीय के साथ ही बाहरी कई लोगों ने इस बार दुकान ही नहीं लगाई है। कई लोग तो दुकानों के रेट सुनकर लौट गए। बताया कि मेला प्रशासन लगवाता है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया की जाती है। दुकानों के अलावा मेले में 25 प्रकार के झूले भी लगाए गए हैं।

**15** सौ के करीब लगती थी पहले दुकानें, अब 400 से अधिक दुकानें ही लग रहीं मेले में

**05** हजार रुपये में मिलती थी पहले दुकान, आज वही दुकान 50 हजार में मिल रही


चैती मेले में खाली पड़ीं दुकानें। ● अमृत विचार


सोमवार को देवी के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### पांच हजार की दुकान मिल रही 50 हजार में

**काशीपुर :** चैती मेले में पहले जो दुकानें पांच हजार रुपये में मिलती थी, आज वही दुकान 50 हजार रुपये में मिल रही है। इससे आर्थिक नुकसान देखते कारोबारी चैती मेले में आने से बच रहे हैं। बताया कि इस बार तीन करोड़ से अधिक का टेंडर हुआ है।

### खाली पड़ी हैं कई दुकानें

इस बार चैती मेले में कई दुकानें खाली पड़ी हैं। हालांकि ठेकेदार ने टिनशेड आदि से दुकानें तो बना दी हैं। लेकिन महंगाई की वजह से लोग दुकानें नहीं खरीद रहे हैं। बताया कि जितने का कारोबार नहीं होगा, उससे अधिक की दुकानों की कीमत है।

### अंतिम दिन मां बाल सुंदरी के दर्शन करने उमड़े भक्त

**काशीपुर :** चैती मंदिर में अंतिम दिन मां बाल सुंदरी के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मां बाल सुंदरी देवी का डोला सोमवार की अर्धरात्रि नगर मंदिर पहुंचाया गया। सोमवार को चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मां बाल सुंदरी देवी के डोले को पारंपरिक रास्ते से चैती मंदिर सैकड़ों श्रद्धालु ले गए थे। सोमवार को देवी के दर्शन को सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की।

### चैती मेले में सिंदूर बना महिलाओं की पहली पसंद

**काशीपुर :** अमेठी, लखीसराय आदि जगहों से व्यापारी चैती में सिंदूर लेकर पहुंचे हैं। इससे मेले में सिंदूर महिलाओं की पहली पसंद बन गया है। आधा दर्जन से अधिक दुकानों में रोजाना 30 से 40 किलो सिंदूर बिक रहा है। इस बार चैती मेले में अमेठी के सिंदूर की डिमांड बढ़ रही है। ऐतिहासिक चैती मेले में इस बार अमेठी, हरिद्वार, बिजनौर के सिंदूर को मेले में आने वाली महिलाएं खूब खरीदारी कर रही हैं। मां बाल सुंदरी देवी के मंदिर में प्रसाद के साथ महिलाएं मां को श्रृंगार भी चढ़ाती हैं। इसी लिए सुहागन महिलाएं चैती मेले से सिंदूर की खरीदारी अधिक करती हैं, हिंदू धर्म में सिंदूर महिलाओं के लिए बेहद पवित्र माना गया है। विवाहित महिलाओं के लिए सिंदूर सुहाग का प्रतीक माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि सिंदूर लगाने से सुहाग हमेशा सलामत रहता है। यही कारण है कि सुहागन महिलाएं चैती मेले से सिंदूर की खरीदारी करती हैं। दुकानदारों की मानें तो रोजाना 30 से 40 किलो सिंदूर बिक रहा है। बताया कि सुबह से ही दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। इससे सिंदूर की बिक्री कर रहे व्यापारियों को बेहतर कारोबार होने की उम्मीद है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर की पूजा-अर्चना

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** संकटमोचन श्री हनुमान के जन्मोत्सव पर मोहल्ला बांकेनगर स्थित श्री बालाजी घाटा मंदिर में अखंड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य यजमान व प्रमुख सर्राफा व्यापारी विकास अग्रवाल ने सपरिवार बाबा की ज्योति प्रज्जवलित करके किया।

सोमवार को मंदिर के मुख्य पुजारी पं. पवन पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कराया। अखंड श्री हनुमान चालीसा पाठ का समापन 23 अप्रैल प्रातः 8.30 बजे आरती एवं हवन के साथ होगा। इसके पश्चात बाबा को स्नान करा सवामनी भोग लगाया जाएगा। संकटमोचन श्री बालाजी घाटा प्रचार समिति मोहल्ला बांकेनगर बाजपुर के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता 'छन्नू' ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को दोपहर बाद दो बजे से नगर में भव्य पद ध्वज यात्रा निकाली जाएगी, जोकि अनाज मंडी स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्यमार्ग, बेरिया रोड, राजीव कालोनी, मुख्यमार्ग, रामराज रोड, पहाड़ी कालोनी होते हुए मोहल्ला बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्री बाला जी घाटा मंदिर पहुंचेगी। इस मौके पर हरी सिंह यादव, राकेश मौर्य, रवि सरना, देवेश प्रताप सिंह, मानसी अग्रवाल, पूजा मौर्य आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में पूजा-अर्चना करवाते मुख्य यजमान विकास अग्रवाल। ● अमृत विचार

# जांच के दौरान पांच छात्राओं में निकली एनीमिया की बीमारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य के अंतर्गत एनीमिया मुक्त भारत योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजपुर की टीम द्वारा राजकीय इंटर कालेज बरहैनी में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें पांच छात्राएं गंभीर रूप से एनीमिक पाई गईं।

सोमवार को नैनीताल रोड स्थित राजकीय इंटर कालेज बरहैनी के विद्यार्थियों की हिमोग्लोबिन की जांच की गई, जहां 91 विद्यार्थियों में से 5 छात्राएं गंभीर रूप से एनिमिक पाई गई हैं जिन्हें अग्रिम चिकित्सीय सहायता के लिए उपजिला चिकित्सालय बाजपुर को संदर्भित किया गया। बताया गया कि 13 विद्यार्थी सामान्य और 36 सामान्य से कुछ अधिक एनिमिक पाए गए हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य टीम द्वारा एनीमिया से बचाव हेतु उचित खानपान इत्यादि परामर्श भी दिए गए।

बताया गया कि एनीमिया से बचने के लिए हरे पत्तेदार सब्जियां और फलों का सेवन करना चाहिए। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य कौशल कुमार मौर्य, शिक्षक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा, उपजिला चिकित्सालय बाजपुर से डा.अशोक तोमर, डा.विनीत कोठरी, डा.आकांक्षा चौहान, डा.नेहा भट्ट, उस्मान रजा, रविंद्र कुमार, रेनुका आदि मौजूद रहे।


राजकीय इंटर कॉलेज बरहैनी में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करती टीम।

### ईद मिलन समारोह मनाया गया

**काशीपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के तत्वावधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को सेवइयां खिलाकर व गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चौबे ने कहा कि ईद का त्यौहार सौहार्द का प्रतीक है और इस त्यौहार में देश के विकास और तरक्की की कामना की जाती है।

इस मौके पर संजय चौधरी, आनंद रस्तोगी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, प्रदीप चौहान, भास्कर त्यागी एडवोकेट, सचिव नृपेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल बल, अब्दुल सलीम, अफसर अली, मोहम्मद अलीम, रईस अहमद, मुजीब अहमद, आदि उपस्थित थे।

# किक बॉक्सिंग में 23 स्वर्ण, 6 रजत पदक, 6 कांस्य पदक जीते

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड एमेच्योर किक बाक्सिंग एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय द्वितीय राज्य स्तरीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन गत 20, 21 अप्रैल को बैडमिंटन हाल परेड ग्राउंड देहरादून में करवाया गया जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर किकबाक्सिंग एसोसिएशन के नेतृत्व में जिलेभर से 17 खिलाड़ियों ने बालक/बालिका वर्ग के मुकाबलों में प्वाइंट फाइट, लाइट कांटैक्ट, म्यूजिकल फार्म जैसे कई इवेंट्स में हिस्सा लिया।

जूनियर व सीनियर कैटेगिरी एवं विभिन्न आयु व भार वर्ग चिल्ड्रन, कैडेट आदि में खिलाड़ियों ने 23 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक, 6 कांस्य पदक जीते। वहीं जिला किकबाक्सिंग के महासचिव यतेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार राष्ट्रीय निर्णायक, तकनीकी निदेशक एवं राष्ट्रीय किक बाक्सिंग रेफरी मिंटू कुमार सैनी ने बताया कि सभी पदक विजेता खिलाड़ी आगामी मई माह में पुणे महाराष्ट्र में प्रस्तावित वाको इंडिया चिल्ड्रेंस, कैडेट राष्ट्रीय किकबाक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

अभिभावक मुदित अग्रवाल, अक्षी अग्रवाल, डा.रिचा पंडित, नीतम शर्मा, सांत्वना श्रीवास्तव, नेहा सूरतकार, सौरभ श्रीवास्तव, अजय कुमार, भुवन खोलिया, भीमेंद्र चंदेल आदि ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।


बाजपुर में अपने प्रशिक्षकों के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### पूर्व सांसद गुड़िया की पुण्यतिथि पर कल होंगे कार्यक्रम

**काशीपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद सत्येन्द्र चंद्र गुड़िया की 14वीं पुण्यतिथि बुधवार 24 अप्रैल को मनाई जाएगी। बाजपुर रोड स्थित सत्येन्द्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड लॉ कॉलेज में स्व. गुड़िया को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे और विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन होगा।

ज्ञात हो कि 24 अप्रैल 2010 को गुड़िया का निधन हो गया था। उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष उनकी पत्नी विमला गुड़िया तथा सुपुत्री डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय द्वारा एससी गुड़िया आईएमटी कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। आयोजन के तहत यज्ञ और स्मृति भोज भी होगा।


गदरपुर के ग्राम सकैनिया में आयोजित कार्यक्रम में चर्चा करते चिकित्सक।

### एनीमिया मुक्त भारत एवं पोषण पर कार्यक्रम आयोजित

**गदरपुर।** एनीमिया मुक्त भारत एवं पोषण अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया के प्रधानाचार्य मुन्ना लाल राजपूत ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ प्रशांत चौहान ने बताया कि एनीमिया (रक्ताल्पता- खून की कमी) को दूर करने के लिए यह कैंप लगाया गया है। महिला चिकित्सक डॉ. रेखा ने किशोर-किशोरियों, महिलाओं एवं बच्चों में होने वाली रक्त अल्पता के लक्षणों एवं एनीमिया की कमी से नवजात बच्चों में होने वाली बीमारियों के बारे में चर्चा की। डा. कल्पना पांडेय, आतिश कालड़ा, राधा मिगलानी, सुरेंद्र कौर, वंदना टम्टा, रश्मि आर्य, हेमलता चौहान, विमला रानी, सोनिया वैद्य मौजूद थे।

### सीसीटीवी कैमरे में चोर हुआ कैद

**काशीपुर, अमृत विचार :** बीती रात्रि एक चोर दुकान के बाहर लगी पानी की टोंटी को चुरा ले गया। चोरी की उक्त घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

टीचर कॉलोनी निवासी विकास नेगी की बाजपुर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने गली में नेगी फास्ट फूड नाम से दुकान है। बीती रात्रि एक चोर कंधे पर कट्टा टांगकर आया तथा दुकानों के बाहर चोरी का प्रयास करने लगा। जब उसके हाथ कुछ नहीं लगा तो चोर दुकान के बाहर लगी पानी की टोंटी को लेकर चंपत हो गया। चोरी की उक्त घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं दुकानदारों ने बताया कि चोर पूर्व में भी एक चाय के ठेले व व खाने के ढाबे से भगोने चोरी कर ले गये थे। उन्होंने बताया कि उक्त गली में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। शक जताया कि नशेड़ी लोगों ने ही घटनाओं को अंजाम दिया है।

# काशीपुर में शोभायात्रा निकाली


काशीपुर में मां हाट कालिका की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में मां हाट कालिका की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में कई श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा में मुख्य आयोजन हेमचंद पांडे ने मां की प्रतिमा को डोले में स्थापित किया गया। शोभा यात्रा मे सबसे आगे घोड़े पर पताका लिए बच्चे चल रहे थे। अंत में कलश लिए महिलाएं व मां के डोले को श्रद्धालु हाथ से खींचते हुए चल रहे थे।

शोभा यात्रा मोहल्ला सिघान घास मंडी से रतन टॉकीज रोड, सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग, महाराणा प्रताप चौक, कोतवाली रोड, पार्क रोड, मेन बाजार होते हुए घास मंडी पर समाप्त हुई। इसके बाद भंडारे और जागरण का आयोजन हुआ। इस दौरान मनोज सेठी, नरेंद्र बिष्ट, आकाश गर्ग, अंकित कुमार, राजेंद्र माहेश्वरी, टिंकू अग्रवाल, उत्कर्ष शर्मा, राजू दुआ, उत्कर्ष सारस्वत, युवराज अग्रवाल, हेमा पांडे, मान्य पांडे, पायल पांडे, समीक्षा पांडे आदि मौजूद रहे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय कुटरी में लगाया शिविर

**खटीमा, अमृत विचार :** एनीमिया मुक्त भारत एवं पोषण अभियान के अंतर्गत सोमवार को उप जिला अस्पताल की दो टीमों ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कुटरी, पचौरिया में शिविर लगाया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के डॉ. देश दीपक ने बताया कि एनीमिया (रक्ताल्पता- खून की कमी) को दूर करने के लिए यह एक समर्पित कैंप है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महिला चिकित्सक डॉ. शैलजा पांडेय ने किशोर-किशोरियों, महिलाओं एवं बच्चों में होने वाली रक्त अल्पता के लक्षणों एवं एनीमिया की कमी से नवजात बच्चों में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। आरके एसके काउंसलर विजेता पांडेय ने एनीमिया से बचने हेतु अपने भोजन में प्रयोग किए जाने वाले फल साग-सब्जी आदि के बारे में बताया। इस अवसर पर संजीव जोशी, नुपुर पांडेय, आशा फेसिलेटर कमला, आशा दीपा, हीरा बिष्ट आदि मौजूद थे।


खटीमा के कुटरी में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक करते चिकित्सक।

आयोजन | अध्यापन कार्य को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर दिया जोर

# शिक्षकों को शॉल व रामायण भेंट कर किया सम्मानित

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र रहे 92 वर्षीय हिमाचल यूनिवर्सिटी से सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ. राम बिहारी रुहेला ने विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने समय की शिक्षा के साथ साथ वर्तमान शिक्षा के बीच आये हुए बदलाव पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें अपने अध्यापन कार्य कार्य को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर जोर दिया।

साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकों के पास चिंतन और मनन के लिए पर्याप्त समय होता है। उन्हें छात्रों के बेहतर भविष्य के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में सदैव तत्पर रहने के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करने के लिए प्रोत्साहित किया। रुहेला ने अपनी आत्मकथा को शिक्षकों के साथ साझा करते हुए बताया कि मैंने ठेले पर मूंगफली और साइकिल पर बर्फ बेचकर हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इससे पूर्व रुहेला ने विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षकों व कर्मचारियों को हिमाचली शॉल और रामायण भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को सहभोज भी कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुप्ता समेत शिक्षकों ने रुहेला को अभिनंदन पत्र तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

उधर प्रधानाचार्य श्री गुप्ता ने विद्यालय परिवार की ओर से श्री रुहेला का आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा साझा किए गए अनुभवों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मेजर मुनीषकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्य, विजय पाल सिंह चौहान, मनोज शर्मा, अशोक गुप्ता, सुनील कुमार उपाध्याय, अशोक कुमार गुप्ता, जयदीप सिंह, कपिल भारद्वाज, अनिल कुमार सिंह, मनोज विश्नोई आदि मौजूद थे।


उदयराज कॉलेज में शिक्षकों को संबोधित करते पूर्व छात्र डॉ. रूहेला। ● अमृत विचार

### गन्ना सर्वे के लिए मास्टर ट्रेनरों की शुरू हुई ट्रेनिंग

**काशीपुर :** आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग स्थित सभागार में सत्र 2024-25 के गन्ना सर्वे के लिए मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग आयोजित की गई। इसमें वाइब्रेट के अजय द्वारा ट्रेनिंग प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर आयुक्त चंद्र सिंह इमलाल ने की और कहा कि गन्ना सर्वे गन्ना विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है। सर्वे से ही पता चलता है की कितनी गन्ना उत्पादन की संभावना है तथा फैक्ट्री को कितनी गन्ने की आपूर्ति की जा सकती है। इसके आंकड़े के आधार पर ही चीनी मिल अपनी योजनाओं बनाती हैं और आगामी पिराई सत्र में उसे लागू करती है। इस अवसर पर सहायक गन्ना आयुक्त मुख्यालय निलेश कुमार तथा सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।


गन्ना सर्वे के लिए ट्रेनिंग लेते मास्टर ट्रेनर। ● अमृत विचार

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर, अमृत विचार:** पुलिस ने गश्त के दौरान युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। केलाखेड़ा थाने में तैनात उपनिरीक्षक संजय सिंह बोरा गश्त के दौरान रम्पुराकाजी श्मशान घाट के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति खड़ा दिखा। अचानक पुलिस को देखकर वह गांव की ओर जाने लगा तो पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम विधि का मझरा सरकड़ी निवासी मोहम्मद अकरम बताया। तलाशी में आरोपी के पास एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जिसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

## एक नजर

### सिटी कॉन्वेंट की तारा का सैनिक स्कूल में चयन



खटीमा : सिटी कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा तारा बोहरा ने सैनिक स्कूल झुंझुनूं राजस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। तारा के चयनित होने पर प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### गर्मी में गांव में बिजली कटौती से लोग परेशान

काशीपुर : गर्मी बढ़ते ही बिजली कटौती शुरू हो गई है। इससे लोग गर्मी से बेहाल होने लगे हैं। गांव में दो से तीन घंटे बिजली कटौती की जा रही है। सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर में बिजली कटौती की गई। बताया कि करीब दो से तीन घंटे कटौती रही। वहीं शहर में भी बिजली कई बार गुल रही। किसानों की मानें तो मौजूदा समय में गर्मी के धान की पौध खेतों में लगाई जा रही है। बिजली कटौती होने से पानी का संकट बना हुआ है।

# सड़क निर्माण में गुणवत्ता से नहीं होना चाहिए समझौता : जिलाधिकारी

## तिकोनिया से रेलवे स्टेशन और ठंडी सड़क का आकस्मिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने तिकोनिया से रेलवे स्टेशन सड़क और ठंडी सड़क आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण सामग्री में गुणवत्ता में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

डीएम सोमवार की देर सायं तिकोनिया पहुंचीं। उन्होंने तिकोनिया से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन तक बन रही 1.1 किमी सड़क का जायजा लिया। उन्होंने लोनिवि को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सड़क की लेवलिंग ठीक से हो ताकि कहीं भी जलभराव नहीं हो तथा जल निकासी के लिए ड्रेनेज भी तैयार किया जाए। सड़क का निर्माण जल्द पूरा करने को कहा। इसके बाद वह ठंडी सड़क पहुंचीं। यहां जिला विकास प्राधिकरण की ओर से 1.25 किमी सड़क बनाई जा रही। डीएम ने जिला विकास प्राधिकरण सचिव को ठंडी सड़क के किनारे पार्किंग विकसित करने, पार्किंग के साथ लगते हुए पार्कों का सौंदर्यीकरण ठीक से करने, बिजली पोल को व्यवस्थित ढंग से लगाने और जलभराव से निजात को ड्रेनेज बनाने के निर्देश दिए ताकि ठंडी सड़क सुंदर बन सके। इस दौरान डीडीए सचिव विजय नाथ शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा आदि मौजूद रहे।



तिकोनिया में सड़क का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

## सोमनाथ मेले की तैयारियां शुरू

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** चौखुटिया विकास खंड के मासी में लगने वाले सोमनाथ मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

आगामी बारह मई को कनौणी आल के लोगों द्वारा रामगंगा नदी में पत्थर फेंककर इस ऐतिहासिक मेले की रस्म अदायगी की जाएगी। मेले को भव्य रूप देने के लिए मेला समिति ने एक बैठक का आयोजन भी किया और नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। मासी के सोमनाथ मंदिर में हर साल सात दिवसीय ऐतिहासिक सोमनाथेश्वर मेले का आयोजन किया जाता है। इस बार भी मेले को भव्य रूप प्रदान किया जा सके। इसके लिए समिति ने प्रयास शुरू कर दिए हैं।

समिति की बैठक में तय किया गया कि इस बार 11 मई को लगने वाले सल्टिया मेले से इसका शुभारंभ होगा और बारी के मुताबिक कनौणी आल के सदस्य 12 मई को रामगंगा नदी में पत्थर फेंककर रस्म अदायगी के साथ मुख्य मेले का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मासीवाल आल इस रस्म को दोहराएगा।

# शराबियों से बेतालघाट का मल्लाकोट अशांत

संवाददाता, गरमपानी

**भय**

- दिन ढलने के साथ ही लोगों में भय व्याप्त हो रहा है
- चौक बाजार क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध हो रही अवैध शराब

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के मल्लाकोट गांव में शराबियों के कारण माहौल अशांत होता जा रहा है। लगातार बिगड़ रहे माहौल से कभी भी बड़ी घटना सामने आने का अंदेशा बना है। चौक बाजार क्षेत्र में अवैध शराब आसानी से मुहैया हो जाने से दिन ढलने के साथ ही शराबी उत्पात पर उतारु हो जा रहे हैं।

तमाम गांवों को जोड़ने वाले रातीघाट-बेतालघाट मोटर मार्ग से सटा मल्लाकोट गांव दिन ढलने के साथ ही शराबियों के कारण अशांत हो जा रहा है। शराबियों के कारण गांव के बाशिंदे परेशान हैं। कभी भी अप्रिय घटना सामने आने का अंदेशा भी बढ़ता ही जा रहा है।

गांव के नजदीक चौक बाजार क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब से नशा करने वालों को आसानी से शराब उपलब्ध हो जा रही है जिससे शराब पीने के बाद अराजकता पर उतारु हो जा रहे हैं। खेत किसान मजदूर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव कृपाल सिंह मेहरा ने आरोप लगाया है की कई बार शराबियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई जा चुकी है बावजूद सुध नहीं ली जा रही।

गांव का माहौल लगातार अशांत होता जा रहा है। भविष्य में बड़ी घटना का अंदेशा भी जताया है। कृपाल सिंह ने माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

चेतावनी दी है कि यदि जल्द मामले में कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों को साथ लेकर आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।

# रील के चक्कर में युवा कर रहे खुद का नुकसान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया एक ऐसा माध्यम है, जिसका अच्छा और बुरा दोनों ही तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ सालों तक सोशल मीडिया का मतलब केवल उस पर अपने विचार और फोटो साझा करना होता था, लेकिन आज के दौर में सोशल मीडिया पर रील बनाकर पोस्ट करना आम बात हो गई है। चिंताजनक यह है कि इस रील के फैशन के चलते युवा अपनी मनोदशा खराब कर रहे हैं और साथ ही खुद को नुकसान तक पहुंचा रहे हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर रील डालने का चलन बढ़ता जा रहा है। इस शौक में बड़ी संख्या में युवा भी शामिल हैं। रील के चलन पर मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि रील दो तरह की प्रचलन में दिखाई दे रहीं हैं। एक में लोग समाज, राजनीति से जुड़े गंभीर मुद्दे पोस्ट करते हैं। हालांकि ऐसे लोगों की संख्या कम है। दूसरे वह लोग जो केवल अपनी लोकप्रियता की रील पोस्ट करते हैं। रील सोशल मीडिया के माध्यम से जल्द लोकप्रिय होने का माध्यम समझा जा रहा है। हालांकि मनोवैज्ञानिक इसे सस्ती लोकप्रियता की संज्ञा दे रहे हैं। उनका कहना है कि केवल किसी गाने पर नाच-गाकर या फिर किसी बॉलीवुड डायलॉग की नकल करके लोकप्रिय होना एक हल्के व्यक्तित्व की निशानी है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में ऐसे मामले भी पहुंच रहे हैं, जिसमें युवा रील पर लोकप्रियता नहीं मिलने पर खुद को नुकसान तक पहुंचा रहे हैं।

**इस मकड़जाल से बचें: डॉ. पंत**

**हल्द्वानी :** एसटीएच में कार्यरत मनोविज्ञानी डॉ. युवराज पंत ने बताया कि पिछले कुछ सालों में ऐसे युवा ओपीडी में आए हैं जो रील पर लोकप्रिय नहीं होने से डिप्रेशन के शिकार हो गए। बताया कि उन्हें लगता है कि उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। बताया कि असल में कुछ युवाओं का मानना है कि उसी व्यक्ति का जीवन सम्मान है, जो सोशल मीडिया की रील में प्रसिद्ध है। जबकि युवा लोकप्रिय होने के लिए बहुत ही सस्ते विषयों पर काम कर रहे हैं। जो उनके व्यक्तित्व को खराब कर रही है। बताया कि मरीजों पर अध्ययन में पता चला है कि रील में लोग उसे विषय पर ज्यादा काम करते हैं।

**मां-बाप रखें ध्यान**

**हल्द्वानी :** मनोविज्ञानी कहते हैं कि मां-बाप अपने बच्चों को हल्के विषयों पर रील बनाने से रोकें। रील बनाकर कुछ ही लोग लोकप्रिय होते हैं और जो लोग लोकप्रिय हैं वह अपने जीवन में आगे कितना सफल रहेंगे, इसका भी कोई पता नहीं है।

## नंधौर नदी में खनन का लक्ष्य पूरा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वन विकास निगम का नंधौर नदी में उपखनिज निकासी का लक्ष्य पूरा हो गया है। इसी के साथ नदी में फावड़े बेल्चों की खन खन भी बंद हो गई है।

वन निगम के डीएलएम धीरेश बिष्ट ने बताया कि खनन सत्र 2023-24 में नंधौर नदी से खनन का लक्ष्य 5.20 लाख घन मीटर निकासी का था। नदी के छह गेटों में उपखनिज निकासी के लिए 4 हजार से अधिक वाहन पंजीकृत हैं। इन वाहनों से उपखनिज निकासी की गई। सोमवार को 5.20 लाख घनमीटर निकासी का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

# शिकायत लेकर निगम पहुंचे लोग कोरे आश्वासनों के साथ लौटे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अनदेखी**

- खराब स्ट्रीट लाइटों से परेशान लोगों ने बताई समस्या
- बार-बार शिकायत के बावजूद वार्ड में अंधेरा पसरा हुआ है

**अमृत विचार :** नगर निगम के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। लोग शिकायत लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन कोरे आश्वासन के साथ वापस लौटना पड़ रहा है।

मंगलवार को ऐसी ही समस्या लेकर ऊंचापुल वार्ड 51 के लोग नगर निगम पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों को बताया कि कई माह से क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। जिस पर अधिकारियों जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए स्ट्रीट लाइट लगाने वाले संबंधित ठेकेदार का नंबर लोगों को दे दिया। जब लोगों ने ठेकेदार को फोन किया तो उसने बताया कि स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए सामान उपलब्ध नहीं है। इस पर लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। इधर, बिठौरिया निवासी मनोज जोशी और दमुवाढूंगा निवासी रेनू टम्टा ने बताया कि उनके क्षेत्र में भी कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक लाइटें ठीक नहीं हो पाई हैं। जिससे वार्ड में अंधेरा पसरा हुआ है।

> हाल ही में पथ प्रकाश विभाग की जिम्मेदारी मिली है। स्ट्रीट लाइट के मामले की जानकारी ली जा रही है।
> – **विमला जोशी**, सहायक आयुक्त, नगर निगम

## उत्तर प्रदेश

# ओलंपिक में खेलने के लिए तैयार हों छात्र

संवाददाता, लखनऊ

**पुनर्वास विश्वविद्यालय**

- तीन कैटेगरी में शामिल दिव्यांगों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण
- राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के बाद ओलंपिक में मेडल पाने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** इन्हें दिखता नहीं, लेकिन अनुभवों की उड़ान इन्हें ओलंपिक में मेडल पाने के लिए जोश भर रही है। पुनर्वास विश्वविद्यालय के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को तीन कैटेगरी में बांटकर अभ्यास कराया जा रहा है। विवि के कुलपति बताते हैं कि कुछ अनुभवी खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल पा चुके हैं, और अब इनका लक्ष्य ओलंपिक में मेडल पाने का है।

**इसलिए पट्टी बांधकर दिखा रहे दम-खमः** ओलंपिक के लिए तैयार हो रही दिव्यांगों की टीम में जिन्हें बिल्कुल नहीं दिखता, उन्हें ए श्रेणी में शामिल किया गया है। दूसरी कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जिनकी आंखों के सामने धुंधली तस्वीर आती है। तीसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को 40 फीसद तक दिखता है। चूंकि कोई एक दूसरे के साथ चीटिंग न करे, इसलिए खिलाड़ियों को आंखों में पट्टी बांधकर अभ्यस्थ कराया जा रहा है।

## मुसलमानों को कांग्रेस ने कुछ नहीं दियाः शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेस पर मुसलमानों के तुष्टिकरण के आरोपों पर कहा कि प्रधानमंत्री के बयान में कोई सच्चाई नहीं है। हकीकत यह है कि कांग्रेस ने मुसलमानों के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया। मुसलमानों की दुर्दशा के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के शासन काल में सच्चर कमेटी के नाम से एक आयोग बनाया गया। जिसके माध्यम से देश के मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षिक आदि स्थिति का आकलन किया गया।

### बरेली कॉलेज में 25 से होगी मिड टर्म परीक्षा

**बरेली :** बरेली कॉलेज में सभी मेजर विषयों की मिड टर्म परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी। कॉलेज की ओर से परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। वहीं एक फर्जी परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया, जिस पर छात्र परेशान हुए। बरेली कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि मिड टर्म परीक्षा पांच पालियों में कराई जाएगी। सभी छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि पर परीक्षा देनी होगी, नहीं तो उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। उनकी परीक्षा दोबारा संपन्न कराना संभव नहीं है। चतुर्थ सेमेस्टर की माइनर इलेक्टिव, द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की माइनर वोकेशनल परीक्षा की तिथि भी जल्द घोषित की जाएगी।

### 25 हजार का इनामी धरा

**लखनऊ :** उप्र. पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में सोमवार को 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया गया। मथुरा के वृंदावन थाने के वांछित अपराधी मोहित निवासी कैलाश नगर को पुलिस ने लूटे गए चांदी के आभूषणों, चोरी की मोटर साइकिल और अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं हरदोई के अतरौली थाना पुलिस ने दबिश के दौरान नवी, श्यामा, जाबिर, बलवीर, इरफान, संजीत और राहुल को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से पांच अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है।

### मेरठ -अलीगढ़ में मायावती करेंगी आज चुनावी सभाएं

**लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती मंगलवार को मेरठ व अलीगढ़ में चुनावी जनसभाएं संबोधित करेंगी। पहली सभा मेरठ में अल्लीपुर में होगी और दूसरी अलीगढ़ में महेश्वर इंटर कॉलेज में होगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल ने बताया कि प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार जारी है। विभिन्न सीटों पर प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख की चुनावी सभाएं पूर्व निर्धारित हैं। उक्त क्रम में ही मेरठ में प्रत्याशी देववृत्त त्यागी व अलीगढ़ में हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय के समर्थन में सभाएं प्रस्तावित हैं।

### फरीदपुर में बीच-बचाव में पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या, एक आरोपी धरा

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव ढकनी में मजदूरों के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे पूर्व प्रधान की सीने में गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने तमंचा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोली मारने वाले से भट्ठा मालिक का रुपयों के लेन-देन का भी विवाद बताया जा रहा है। परिजनों ने अभी किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। गांव ढकनी के रहने वाले पप्पू ने बताया कि उनके चचेरे भाई मोहम्मद मजहर हुसैन उर्फ बॉबी के दो ईंट भट्टे हैं। वह दो बार प्रधान भी रह चुके हैं। मजहर का गांव पदारथपुर में नहर पर न्यू हैदरी ब्रिक फील्ड के नाम से भट्ठा है। उनके भट्टे पर सोमवार को घोड़ा बुग्गी को लेकर मजदूरों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सुबह साढ़े नौ बजे के करीब मजहर खान भी पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। थोड़ी देर बाद मजदूर फिर से झगड़ने लगे। मजहर फिर बीच-बचाव करने पहुंचे।

### प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह लगे अंकुश

**बरेली :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह और प्रो. वेल्लादुरई नारायनन ने की। मुख्य अतिथि रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान रहे। प्रधानाचार्य ने वर्ल्ड अर्थ डे मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। नर्सिंग ट्यूटर निलेश विलसन और निकिता ठाकुर ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। इस दौरान विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-48

**बाएं से दाएं**

2. एक प्रकार की बहुवर्षीय
4. 1. देहयष्टि, मानव शरीर 2. संख्या
5. 1. सेना, फ़ौज 2. युद्ध का मोर्चा, युद्ध का क्षेत्र
7. 1. इंद्र का हाथी, ऐरावत 2. उच्चै :श्रवा।
8. अयोध्या का प्राचीन नाम, उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के किनारे स्थित एक हिंदू तीर्थ स्थान, अयोध्या।
9. 1. मनहूस होने की अवस्था या भाव, मनहूसी, मनहूसियत 2. उदासीनता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जिससे पुराना परिचय हो, बहुत गहरी जान-पहचानवाला 2. जाना-पहचाना हुआ।
3. 1. चलन, रीति, रस्म, प्रथा 2. द्विरागमन, गौना।
6. 1. गांव का मुखिया 2. सरदार, महतो।
7. 1. यहूदियों का बादशाह 2. यहूदियों के राजा दाऊद का बेटा 3. यहूदियों का तीसरा बादशाह जिसने यरूशलम नगर का निर्माण कराया और वह पैगंबर माना जाता है 4. पश्चिमी पाकिस्तान में अवस्थित एक पर्वत।



### वर्ग पहेली -47 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पी | 2 प | ■ | 3 कु | ■ | 4 खी | ■ |
| ■ | र | ■ | 5 सु | म | र | नी |
| 6 रो | क | था | म | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ना | ■ | 7 चा | 8 ल | बा | ज़ी |
| 9 न | ■ | 10 चौ | प | दा | ■ | ■ |
| जू | ■ | ■ | ■ | ई | ■ | ■ |
| 11 म | ख़ | लू | क | ■ | 12 खो | या |

## सुडोकू -127

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 4 | | 5 | | |
| | 5 | | | 6 | 1 | | | |
| | | 9 | | | 3 | | | |
| | 6 | 3 | | 7 | | 2 | | |
| | 8 | | 3 | | 9 | | 4 | |
| | | 2 | | | 6 | 8 | 9 | |
| | | | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 2 | 3 | | | | |
| | | 5 | | 9 | | 1 | | |

### सुडोकू -126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 05.18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आयेगा। घर और कार्यक्षेत्र में खुशियों का माहौल रहने वाला है। आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहेगी। संतान को लेकर परेशानी दूर होगी। बड़े-बुजुर्ग आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

**वृष** – आज मनमौजी स्वभाव के लोगों से थोड़ी दूरी बनाकर रखें। लोगों की आर्थिक मदद के लिए आपको अपनी जेब ढीली करनी पड़ सकती है। यदि आपने किसी से उधार लिया है तो उसे आज चुका दें। व्यस्तता के बावजूद घर को पर्याप्त समय देंगे।

**मिथुन** – आज प्रेमी जन के साथ मतभेद दूर होंगे। विशिष्ट और रचनात्मक प्रकृति की विधाओं में आप रुचि लेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में आपका मान बढ़ेगा। आज संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने की चेष्टा कर सकते हैं।

**कर्क** – आज आप अपने काम के बजाय दूसरों पर ज्यादा ध्यान दे सकते हैं। हालांकि, इससे आपकी कार्यक्षमता पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अपनी जिम्मेदारियों को समझें और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें। माता की सलाह लेना हितकर होगा।

**सिंह** – आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। भाग्य पूरी तरह से आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी आपकी मदद करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन बहुत ही खुशहाल रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**कन्या** – आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। धन की कमी दूर होगी। कुटुम्ब जनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। घर में बच्चों के साथ मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। सरकारी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी के प्रति व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** – आज अनावश्यक खर्चों को कम करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र की बाधा दूर होगी। प्रेम विवाह को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। विरोधी आपके सामने काफी कमजोर होते प्रतीत हो रहे हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज आपका पूरा दिन कल्पनाओं में बर्बाद हो सकता है। काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। परिवार में थोड़ी खींचतान हो सकती है। अपने जल्दबाजी वाले स्वभाव पर नियंत्रण लाएं। वरना व्यवसाय में बड़ा नुकसान हो सकता है।


**धनु** – आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सटीक सिद्ध होंगे। किसी महत्वपूर्ण योजना को बनाने के लिए आज का दिन बेहद शुभ है। गृह कलह से छुटकारा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ सुकून भरा समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रदर्शन की प्रशन्सा होगी।

**मकर** – आज प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। आपको अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस होगी। परिवार में सब आपकी प्रशन्सा करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित होना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

**कुंभ** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कई दिनों से काम का तनाव आज दूर होगा। आप लोगों को अपने अनुकूल करने में सफल रहेंगे। लेकिन किसी भी स्थिति में अपने सिद्धान्तों से समझौता न करें। आज आपको नई जानकारियां मिलेंगी।

**मीन** – आज का दिन बिल्कुल भी सही नहीं है। लोग आपको सही सलाह भी नहीं दे रहे हैं। इसीलिए इस समय शान्त होकर परिस्थितियों का स्वत: मूल्याङ्कन करना चाहिए। परिवार के विवाह योग्य सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 22.32 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- गंगा तेरे देश में – सुबह : 08.15
- शादी में जरूर आना – शाम : 06.16

**&pictures**
- हाथी मेरा साथी – सुबह : 08.17
- बंगाल टाइगर – शाम : 05.23

**Sony Pix**
- पैसिफ़िक रिम – सुबह : 08.20
- द डार्क नाईट राइसेस – रात : 06.41

**Zee Cinema**
- ये तो कमाल हो गया – सुबह : 09.00
- मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी – रात : 08.40

**Colors Cineplex**
- टार्जन – सुबह : 10.34
- और प्यार हो गया – रात : 08.49

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात :08.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शादी की 10वीं सालगिरह पर पत्नी पति के सीने से लग के बोली
सुनिए जी, अगर मुझे कोई भगा के ले जाए तो आप क्या करेंगे?
पति– हट पगली, कैसे सवाल पूछती है?
पत्नी– बताओ ना जानू...
पति– मैं बोलूंगा भाई भगा के क्यों ले जा रहे हो, आराम से ले जाओ,
मैं रोक थोड़ी रहा हूं! फिर पति देव की हुई जोरदार कुटाई...

कोयल ने कौवे से पूछा – तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला – बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# मालदीव में मुइज्जू

हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से अहम देश मालदीव के संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी की जीत को चीन समर्थक नेता के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण करार दिया जा सकता है। चीन और भारत के साथ मालदीव का नाजुक संतुलन लंबे समय से इसकी राजनीति में एक केंद्रीय विषय रहा है। हिंद महासागर में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए चीन और भारत दोनों ने ही मालदीव में निवेश किया है। बीते साल राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। वह मालदीव के कई बड़े प्रोजेक्ट चीन की कंपनियों को दे चुके हैं। संसद में उनकी पार्टी गठबंधन में थी परंतु उनके पास बहुमत नहीं था। मालदीव की संसद मजलिस में एमडीपी का बहुमत होने की वजह से राष्ट्रपति मुइज्जू की कई नीतियां लागू नहीं हो सकी थीं। अब संसदीय चुनाव में बंपर जीत के बाद उनकी ये भी परेशानी दूर हो गई है। नतीजों से साफ है कि मुइज्जू की ताकत बढ़ेगी। सरकार में चीन का दबदबा बढ़ सकता है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि चीन मालदीव के साथ अपनी परंपरागत दोस्ती को बनाए रखने के लिए काम करने का इच्छुक है। वह मालदीव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार का इच्छुक है तथा रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करना चाहता है। समझा जा सकता है कि मालदीव में चीन की सक्रियता बढ़ना भारत के हित में नहीं है। यानी मोहम्मद मुइज्जू की जीत भारत के लिए चेतावनी है। 1965 में मालदीव एक स्वतंत्र देश बना।

भारत इस द्वीपीय राष्ट्र को मान्यता देने वाला पहला देश था। 1972 में भारत ने मालदीव में अपना पहला उच्चायोग स्थापित किया, जबकि 2004 में मालदीव ने नई दिल्ली में अपना पहला पूर्ण राजनयिक मिशन खोला था। ठीक से देखा जाए तो भारत ने दो दशकों में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले कूटनीतिक संबंध बनाए रखे। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। विशेषज्ञ भारत को मालदीव के साथ रिश्तों में बदलाव की नसीहत दे रहे हैं। बता दें कि भारत के साथ मालदीव के रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब भारतीय सोशल मीडिया पर लोगों ने मालदीव पर्यटन का बहिष्कार अभियान शुरू किया था। यह मालदीव के तीन उपमंत्रियों द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के विचार को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपमानजनक बयान देने के खिलाफ था। कुल मिलाकर मोहम्मद मुइज्जू की जीत का असर भारत के साथ मालदीव के रिश्तों पर भी पड़ सकता है। आशंका है कि भारत और मालदीव के रिश्ते अभी और खराब हो सकते हैं।

# धधकती आग से जंगल हो रहे खाक



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी- बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है।

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। इन दिनों पहाड़ के अनेक स्थानों में जंगल आग की चपेट में हैं। अप्रैल महीने के तीसरे सप्ताह तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की सैकड़ों घटनाएं घट चुकी हैं। बहुमूल्य वन संपदा इस आग की भेंट चढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ दावाग्नि का दायरा भी बढ़ता जा रहा है।

कुमाऊं मंडल के नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के अनेक जंगल आग में धधक रहे हैं। नैनीताल जिले के ओखलकांडा, बेतालघाट, भवाली और भीमताल आदि क्षेत्रों के जंगल दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। इस वर्ष अल्मोड़ा जिले के जंगलों में आग लगने की करीब दो दर्जन वारदातें हो चुकी हैं। पिथौरागढ़ जिले के अस्कोट क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। डीडीहाट के कई क्षेत्रों में हफ्ते भर से जंगल जल रहे हैं। चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में भी जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। टनकपुर क्षेत्र के जंगल भी आग की तपिश से महफ़ूज नहीं हैं। मीडिया में छपी खबरों के अनुसार पिछले साल नवंबर से इस वर्ष अप्रैल महीने के तीसरे हफ्ते तक उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की करीब पौने चार सौ घटनाएं घट चुकी हैं। जिसमें करीब सवा चार सौ हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र की वन संपदा को क्षति पहुंची है। इस अवधि में कुमाऊं मंडल के जंगलों में करीब पौने दो सौ आग लगने की वारदातें हो गई हैं। जिसमें करीब डेढ़ सौ हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रभावित होने का अनुमान है।

वनों में आग की इन घटनाओं में करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा जलकर नष्ट हो गई है। पौधे, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और वनस्पति आग के भेंट चढ़ गई है। वनाग्नि ने पहाड़ के तापमान को बढ़ा दिया है। इस वर्ष जाड़ों में बारिश नहीं हुई। मौसम बेहद शुष्क है। जंगल का बिछावन एकदम सूखा हुआ है। कभी-कभार तेज हवाएं चल रहीं हैं। इस वजह से आग का दायरा और मारक क्षमता बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। जंगल बारूद की ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं।

पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या है। जंगलों में हर साल आग लगती है। वनाग्नि में बेशकीमती वन संपदा स्वाहा हो जाती है। पेड़-पौधों, अनेक प्रजाति के जीव-जंतुओं और विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति को अपूर्णीय क्षति पहुंचती है। वनों में शाखाओं, लताओं और झाड़ियों के जल जाने से पानी के प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने, भू-कटाव में बृद्धि और वृक्षों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जैव विविधता प्रभावित होती है। जंगल की अदृश्य दुनिया का वजूद ख़त्म हो जाता है, जिसे नुकसान में शामिल नहीं किया जाता है।

जंगल के सतह पर पत्तियों, टहनियों, गिरी हुई शाखाओं का बिछौना होता है। पहली नज़र में यह अकारण सड़ रहा मृतप्रायः ढ़ेर-सा लगता है। असल में यह जंगल की मिट्टी के भीतर अदृश्य दुनिया की छत के समान होता है। सबसे अधिक जीवन इन ढेरों के नीचे ही छिपा होता है। वनाग्नि में इन सूक्ष्म जीवों का विनाश हो जाता है।

उत्तराखंड के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का करीब सत्तर प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। प्रदेश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा उत्तराखंड की वनोपज से आता है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वनों की आमदनी का एक छोटा-सा हिस्सा ही वनों की सुरक्षा में खर्चा जाता है। वन महकमे के हिस्से में आने वाली रक़म का बड़ा हिस्सा विभाग के अफसरों और दूसरे कारिंदों की तनख्वाह वग़ैरह में खर्च हो जाता है। वनों की हिफाज़त और पौध रोपण के काम में नाममात्र की धनराशि खर्ची जाती है। हर साल पहाड़ के जंगलों में आग लगती है। पर जंगल की आग को आर्थिक और पारिस्थतिकी की दृष्टि से नहीं देखा जाता है।

वनों को आग से बचाने की बुनियादी जिम्मेदारी वन विभाग की है लेकिन जंगलात के पास वनाग्नि के प्रबंध की तकनीकी प्रशिक्षण की पुख़्ता व्यवस्था नहीं है। वन महकमा वनों को आग से महफ़ूज रखने के लिए पूर्व से बनी विभागीय कार्ययोजना की बात करने से कतराता रहा है। जंगलात महकमे की कार्ययोजना में वनाग्नि से निपटने के लिए सभी कारगर उपाय तय किए होते हैं। इस वास्ते प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व तय हैं। इसके लिए बाकायदा बजट का प्रावधान होता है लेकिन वन विभाग यथासमय कार्ययोजना पर अमल नहीं करता है।

उत्तराखंड के वन महकमे में आला अफसरों की भरमार है। अविभाजित उत्तर प्रदेश में जहां एक प्रमुख वन संरक्षक पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी संभालते थे। अलग राज्य बनने के बाद इस छोटे से प्रदेश में प्रमुख एवं मुख्य वन संरक्षक स्तर के करीब ढाई दर्जन आला अफसर तैनात हैं। इसके उलट जमीनी स्तर पर कर्मचारियों की कमी है। आला अफसरों के अनुपात में फील्ड स्टाफ में बढ़ोतरी नहीं हुई है। परिणामस्वरूप साल भर वन संपदा का अवैध दोहन होते रहता है। गर्मियों के मौसम में दावाग्नि अवैध दोहन के सबूत नष्ट कर देती है।

1985 में कुमाऊं मंडल में विदेशी आर्थिक सहायता से 'मॉर्डन फायर प्रोजेक्ट' शुरू हुआ था। करोड़ों रुपये की इस 'वन अग्नि शमन परियोजना' में रामनगर, नैनीताल, हल्द्वानी आदि सात डिविजन शामिल किए गए थे। परियोजना के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर, दर्जनों अग्नि शमन गाड़ियां, टैंकर आदि तमाम आधुनिक उपकरण खरीदे गए। वॉच टॉवर बने। वन विभाग के वन संरक्षक स्तर के एक अधिकारी को परियोजना निदेशक बनाया गया। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर को अग्नि शमन अधिकारी का दायित्व सौंपा गया था। कई वनाधिकारी जंगल की आग में काबू पाने के गुर सीखने अमेरिका भेजे गए। 56 लोगों का 'अग्नि संगठित दल' बनाया गया। इन्हें वनाग्नि से निपटने के लिए बाकायदा छह महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दरम्यान वनाधिकारियों ने जमकर हवाई उड़ानें भरी। खूब सेमिनार हुए। यह योजना दस साल में ही दम तोड़ गई। वन विभाग के अधिकारी वापस मूल विभाग में लौट गए। परियोजना से जुड़े दूसरे कर्मचारियों को भी वन विभाग में समायोजित कर लिया गया।

मौजूदा वक्त में पहाड़ के जंगलों का बुरा हाल है। जंगलों के क्षेत्रफल और वनावरण कागजों में भले ही बढ़ा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। बेशक पहाड़ में वन क्षेत्र में इज़ाफ़ा हुआ है लेकिन जंगल सिमट रहे हैं। पहाड़ के जंगलों में ब्रिटिश राज में बने ज्यादातर वन मार्ग और वन सीमा स्तंभों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। पहाड़ के राजस्व गांवों और वन सीमा पर लगे ब्रिटिशकालीन वन सीमा पिलर गायब हो चुके हैं। अव्यावहारिक वन कानूनों ने वनोपज पर स्थानीय निवासियों के नैसर्गिक अधिकारों को ख़त्म कर दिया है। इससे ग्रामीणों और वनों के बीच दूरी बढ़ी है। जंगलों से आम लोगों के सदियों पुराने रिश्ते को कायम किए बिना जंगलों को अवैध दोहन और दावानल से बचा पाना सरकार या वन विभाग के बूते से बाहर है। इस रिश्ते को बहाल करने के लिए सरकार और खुद वन महकमे को जंगलों के प्रति संवेदनशील दिखने और होने की आवश्यकता है। फिलवक्त इसके आसार नज़र नहीं आते हैं।

## व्यंग्य

# बच्चों के हक में हो शिक्षा

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है।

दिखावे और चकाचौंध के मौजूदा दौर में पारिवारिक और सामाजिक सिद्धांतों के बोझ तले बच्चों के जीवन की स्वाभाविकता लुप्त हो रही है। उनके कोमल मस्तिष्क में गलत सिद्धांतों का जहर भरकर और उन्हें अंधविश्वास की राह दिखा कर हम उनकी सामाजिक प्रकृति को प्रदूषित कर रहे हैं। घर में ही नहीं बल्कि विद्यालयों में भी अक्सर बच्चों को धर्म, जाति और संप्रदाय की दूरियों का एहसास कराया जाता है। इस तरह हम उनकी समझ को तोड़ मरोड़ देते हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि घर अगर बच्चों की पहली पाठशाला है तो विद्यालय दूसरी। विद्यालय में शिक्षक ही बच्चों का अभिभावक है। शिक्षक को एक आदर्श स्थापित करना चाहिए क्योंकि छात्र और शिक्षक का संबंध पतंग और डोर की तरह होता है। यदि डोर कमजोर हो गई तो पतंग किन राहों में भटक जाएगी, कहना मुश्किल है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

हम आज भी यह मानते हैं कि प्रत्येक बच्चा एक प्रयोग है, पर बच्चा किसके लिए है? माता-पिता के लिए शिक्षक के लिए या अपने आप के लिए। इसी प्रश्न के उत्तर में शिक्षण की समस्या समाई हुई है। पहले यह माना जाता था कि बच्चा माता-पिता के लिए है लेकिन अब ऐसा नहीं है। समाजशास्त्री यह मानते हैं कि बच्चा अपने आप में एक पूर्ण व्यक्तित्व है। हालांकि संस्कार और परंपराओं में अटका एक तबका आज भी ऊहापोह की स्थिति में है। इस कारण सदैव खींचतान की स्थिति बनी रहती है और इसका शिकार होते हैं बच्चे। शिक्षण प्रक्रिया भी इससे प्रभावित होती है जिसके कारण ना उसकी सही दिशा बन पा रही है और ना ही पद्धति।

व्यापक रूप से बच्चा आज अपने अभिभावकों, शिक्षकों व समाज की शुभकामनाओं का पात्र बनकर रह गया है। चाहे परिवार हो या विद्यालय सभी जगह बड़ों का बच्चों के प्रति अधिकारवादी रुख रहता है। बच्चा हमारी मर्जी से चले, हम जो कहें या करें उसी का पालन करें, हमारी बात मानें। ऐसी सोच आज भी जिंदा है। शिक्षकों में भी बच्चों के प्रति मैं ही ठीक हूं तथा आदेश का व्यवहार अधिक हावी रहता है। यह अधिकार वाद का रुख बच्चों में दबाव की स्थिति पैदा कर उनमें कुंठा की भावना और उनके व्यक्तित्व को कमजोर कर देता है।

दरअसल आज भी हमारी शिक्षण व्यवस्था चंद नियमों के तहत चलती है जिसमें आदेश और उपदेश की प्रधानता है। कौशल और विवेक की शक्ति पर भरोसा कम है। भले ही नई तकनीक और बदलाव की बात बार-बार कही जाती है, पर असल में धरातल पुरानी परंपराओं का ही पोषक है। स्कूलों में पुस्तकों का बोझ है, परीक्षाएं हैं और देखा जाए तो शिक्षण मात्र नौकरी पाने की चाह है। हमारा शिक्षण चिंतन इसी में उलझ कर रह जाता है की कितनी कक्षाएं हो,कितने पीरियड हो, कौन सा विषय पढ़ाया जाए, कौन सी पुस्तक पढ़ी जाए और कब कब परीक्षाएं ली जाएं। परीक्षा में पास फेल का दबाव बच्चों पर बना हुआ है तात्पर्य है। ऐसी शिक्षण व्यवस्था किस काम की जो केवल पुस्तकीय ज्ञान तक ही सीमित हो।

पहले ज्ञान की परिधि का दायरा बहुत सीमित था, अनुभव भी सीमित था। लेकिन समय के साथ-साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी की प्रगति के कारण ज्ञान का जो विस्फोट हुआ है उसमें पहले का ज्ञान नई पीढ़ी के लिए काम का नहीं रह गया है। आज शिक्षक को भी ऑलराउंडर बनने की जरूरत है। विषय से इतर ज्ञान ही आपको एक सफल शिक्षक बन सकता है क्योंकि ज्ञान के पथ पर बैसाखी के सहारे नहीं चला जा सकता। जाहिर है रटने रटाने की प्रवृत्ति से हटकर परिवर्तन लाना होगा पर यह परिवर्तन बच्चों की इच्छानुसार ही होना चाहिए। साथ ही हमें उस पढाई का ढांचा भी बदलना होगा जहां भारी बस्ती का बोझ ढोते-ढोते बच्चों की कमर झुक गई है।

हमें यह समझ लेना होगा की हर बच्चे में एक विशिष्टता है, इसलिए प्रत्येक बच्चा महत्वपूर्ण है। शिक्षा बच्चों को दिशाहीन और दिगभ्रमित करने वाली नहीं होनी चाहिए, क्योंकि व्यक्तिगत और सामाजिक संबंध जोड़ने की जो क्षमता बच्चों में होती है वह दूसरों में नहीं। इसमें शिक्षा और शिक्षक अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों की क्षमता को सही दिशा में बढ़ाएं और उनके जीवन में समृद्धि तथा इस स्थिरता लाए। हमें हमें यह भी समझना होगा की बच्चों की देखभाल करना विज्ञान ही नहीं कला भी है।

# मतदान - महायज्ञ



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए?

आदिम काल में कोई देवी, देवता की परिकल्पना नहीं थी। मनुष्य प्रकृति के कौतुक से डर कर उन्हें देवता मान कर उनका आदर व पूजन किया करता था। जैसे प्रतिदिन सूर्य का ताप व प्रकाश देखकर उन्हें देव मान लिया गया। उसी तरह चंद्रमा, वायु, जल, अग्नि आदि से डर कर या उनकी आवश्यकता देख उन्हें देव माना गया। ज्यों-ज्यों मनुष्य विकास करता गया, अपनी आवश्यकताओं तथा कल्पनाओं से नए-नए देव को गढ़ता गया। वैदिक काल में देवों की बढ़ी संख्या को देखकर वैदिक ऋषियों को यज्ञ में हविष्यान्न देने में कठिनाई होने लगी और वे पूछने लगे कि किस देवता को हम हविष्यान्न प्रदान करें (कस्मै देवाय हविषा विधेयम)। समय के साथ देवताओं की संख्या कम होने लगी और बहुदेव वाद से चल कर हम एक देव वाद होते हुए अद्वैतवाद तक पहुंचे।

आज हम प्रजातंत्र के युग में जी रहे हैं और इसमें मतदान सबसे बड़ा यज्ञ है। लोक के मत से हम आधुनिक देवों का निर्माण करते हैं। लोकसभा महायज्ञ का चुनाव सन्निकट होने के कारण देव पद पर चयनित किए जाने हेतु बहुत लोग मैदान में ताल ठोंक रहे हैं तथा मतदाता दिग्भ्रमित है। धर्म, जाति, परिवार, बाहुबल, धनबल के तीर से सभी इस युद्ध में विजय का वरण करना चाहते हैं। राजनैतिक दल उक्त पैमाने पर टिकट बांट चुके हैं और उम्मीदवार जनता के दरवाजे पर सर झुकाए घड़ियाली आंसू बहा कर मत मांग रहा है और जनता को लुभाने के लिए बढ़ चढ़ कर वायदे कर आकाश कुसुम खिला रहा है।

राजनैतिक शुचिता पर हो रही अनंत बहसों के बाद आज भी मुख्य दलों के उम्मीदवारों की सूची देख मतदाता चकित है। सर्वगुणसंपन्न इन उम्मीदवारों से अब क्या आशा रखी जाए? एक संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने जिसे टिकट दिया वह कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे हैं और उन पर कुछ माह पूर्व भाजपा ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर ईडी, सीबीआई की जांच की मांग कर रही थी। अब वह भाजपा में सम्मिलित होकर निष्कलंक होकर पुराने भाजपाइयों को पीछे ढकेल कर टिकट लेने में सफल हो गए हैं। सपा ने बसपा सरकार में रहे एक ऐसे पूर्व मंत्री को मैदान में उतारा है जो दूसरे जिले के हैं तथा एनआरएचएम में हुए अरबों के महा घोटाले में अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबे समय तक जेल में निरुद्ध भी रहे हैं। बसपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष को मैदान में उतारा है जो स्वयं तो बेदाग हैं लेकिन उनके पति की गणना पूर्वांचल के बाहुबलियों में है और वर्तमान में एक मुकदमें में दोषसिद्धि के पश्चात जेल में है। अभी यहां नामांकन प्रारंभ नहीं हुआ है, देखते हैं अन्य छोटे दलों या निर्दल प्रत्यासियों में कौन महाबली,धनबली इस सीट पर ताल ठोकता है। प्रदेश की अन्य बहुत सी सीटों पर घोषित उम्मीदवारों की छवि कमोवेश ऐसी ही है। मतदाताओं को स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को ढूढना कठिन हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में अभी पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ है। इस चरण में शांति व्यवस्था की कोई गंभीर समस्या तो नहीं आई लेकिन पहले चरण में देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीट पर हुए मतदान का प्रतिशत 62.37 रहा जो वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हुए 67.40 प्रतिशत तथा वर्ष 2014 के 66,44 प्रतिशत मतदान से कम है। चुनाव आयोग के अथक प्रयास,देश में बढ़ी साक्षरता एवं जागरूकता के बाद भी 37 प्रतिशत मतदाताओं का मतकेंद्र पर न आना गंभीर बात है। राजनैतिक दलों के खोखले आश्वासनों पर मतदाता का विश्वास घट रहा है। उम्मीदवारों का चाल, चरित्र, चेहरा मतदाता से छिपा नहीं है। चुनाव जीतने के बाद सांसद का मतदाताओं से किनारा कर लेने के कारण ' को नृप होइ हमहिं का हानी, वाले नजरिए से मतदाता मायूस और उदासीन होता जा रहा है। अच्छे उम्मीदवारों के अभाव में मतदाता के सामने पुनः वही प्रश्न उपस्थित है 'कस्मै उम्मीदवाराय मत विधेयम्'।

देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल-मई माह में होने वाली प्रचंड गर्मी और लू भी मतदाता को मतदान केंद्र से दूर रखती है। अभी हमारे आसपास के जनपदों में 43-44 डिग्री सेल्सियस की गर्मी पड़ रही है जो क्रमशः बढ़ती ही जाएगी। ऐसी प्रचंड गर्मी में मतदाता दोपहर को घर से बाहर निकलना नहीं चाहते। चुनाव यदि फरवरी से 15 मार्च तक समाप्त हो जाएं तो मतदाताओं को गर्मी से राहत रहेगी और मत प्रतिशत भी बढ़ेगा। 15 मार्च से हाई स्कूल, इंटर की परीक्षा भी हो सकती है।

## सोशल फोरम

# मर्यादावादी बनाम स्वच्छंदतावादी

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं।

पूरी पृथ्वी पर और विशेषतः भारतीय परंपरा में प्रेम की दो धाराएं रही हैं- मर्यादावादी और स्वच्छंदतावादी। मर्यादावादी धारा का प्रतिनिधित्व राम करते हैं और स्वच्छंदतावादी का कृष्ण। भारत ने कृष्ण को राम से अधिक महत्व दिया है। कृष्ण को पूर्णावतार और राम को अंशावतार बताया है। कृष्ण बहुआयामी हैं। वे गीता का ज्ञान भी दे सकते हैं। युद्ध के मैदान में सुदर्शन चक्र भी धारण कर सकते हैं। बांसुरी बजा सकते हैं और गोपियों के साथ रास भी रचा सकते हैं। राम युद्ध तो कर सकते हैं, लेकिन न बांसुरी बजा सकते हैं और न रास रचा सकते हैं। इसलिए अधूरे हैं। राम और कृष्ण आपस में कभी लड़ नहीं सकते, क्योंकि वे दोनों किसी तरह के अभाव में नहीं हैं। अपने-अपने स्वभाव के अनुसार चल रहे हैं।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राम की मर्यादा उनके भीतर से पैदा हुई है। मर्यादा में रहना उनका स्वभाव है। इसलिए वे कभी स्वच्छंदतावादी की निंदा नहीं कर सकते। लेकिन जो स्वभाव से नहीं, परिस्थिति वश मर्यादावादी हुए हैं, वे स्वच्छंदतावादी की निंदा अवश्य करेंगे, क्योंकि उसे भीतर ही भीतर यह सालता रहता है कि साला स्वच्छंदतावादी मौज कर रहा है और मैं वंचित हूं। अभाव, दुख और पीड़ा में जीने वाला हमलावर हो ही जाता है। स्वच्छंदतावादी अपने को बांधकर नहीं रखते, इसलिए उसके जीवन में अभाव नहीं के बराबर रहता है। जब अभाव नहीं, तो दुख भी नहीं और जब दुख नहीं, तो मर्यादावादी पर हमला करने की जरूरत भी नहीं। इसलिए आप देखेंगे स्वच्छंदतावादी कभी भी मर्यादावादी की आलोचना नहीं करते। उन्हें सुख भोगने से फुर्सत ही नहीं तो कौन, कब किस पर और क्यों हमला करे!

–फेसबुक वॉल से

# प्रेम, परिवार और पितृसत्ता

प्रेम करो तो जरुरी नहीं है कि प्रेमिका या प्रेमी का प्रेम में पितृसत्तात्मक व्यवहार न हो। प्रेमी ने बहुत सोच-विचार और वैचारिक मंथन के बाद तय किया कि शादी करेंगे। सोचा नए क़िस्म का परिवार बनाएंगें। लेकिन यह सपना बहुत जल्द टूट गया। प्रेमिका शादी के बाद पुंसवादी तेवर के साथ आचरण करने लगी, उसे लगा कि घर के सारे कामकाज करना तो मर्द का काम है, उसका काम तो सिर्फ़ पढ़ना है। वह खाती और घूमती, प्रेमी जो अब पति बन चुका था वह मातहत की भूमिका निभाने लगा, समानता का नारा अचानक कहीं गुम हो गया। कुछ महीने बाद प्रेमिका के शहर में प्रेमी की नौकरी लगी, प्रेमी ने घर न मिलने तक ससुराल में रहने का फैसला किया, लेकिन उसके बाद वह सास-ससुर की क़ैद से निकल नहीं पाया। उस पर प्रेमिका दवाब बनाने लगी कि घर जमाई होकर रहो। सास-ससुर की सेवा करो, उनके सब खर्चे उठाओ और घर का भाड़ा भी दो। प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि हम दोनों ने स्वतंत्र होकर घर बसाने का निर्णय लेकर ही शादी की थी और तुमने सहमति भी दी थी फिर अचानक तुम पलट क्यों रही हो? उसने कहा मेरे साथ शादी की है तो घर जमाई होकर रहना होगा। इसके बाद प्रेमी के स्वतंत्र परिवार बनाने, गैर-पुंसवादी परिवार बनाने की हत्या हो गई। संक्षेप में यह कहानी है एक शिक्षित महिला की।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

एक अन्य शिक्षित लड़की की राय जाने गैर शादी तय कर दी गई और सारे परिवार के कामकाज, देखभाल आदि का बोझा उसके ऊपर डाल दिया गया। वह पढ़ी लिखी होने के बावजूद अपने पैरों पर खड़ी नहीं हो पाई। तीसरे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित नहीं है लेकिन परिवार को सौंप दी गई हैं, उनकी शादी ऐसे परिवार में कर दी गई है जो खाते-पीते संपन्न परिवार हैं, इस तरह की लड़कियों के लिए परिवार ही धर्म है। चौथे क़िस्म की वे लड़कियां हैं जो शिक्षित हैं, पति भी शिक्षित है, और परिवार में वे पति की तरह ही कमाई करके लाती हैं, लेकिन मातहत की तरह रहती हैं। नौकरी करती हैं और घर के सभी दायित्व भी निभाती हैं। इन चारों क़िस्म की लड़कियों की धुरी है परिवार और सिर्फ़ परिवार। सवाल यह है क्या परिवार की संरचना में स्वतंत्रता, समानता और संप्रभु व्यक्तित्व के लिए कोई जगह है ? क्या परिवार का ढांचा व्यक्ति को स्वतंत्र यूनिट के रुप में देखता है ? क्या परिवार में लोकतंत्र, समानता और मित्रता के जीवन मूल्यों के लिए कोई नई जगह भारतीय समाज बना पाया है? हक़ीक़त यह है इन सभी सवालों के उत्तर हमारे पास नहीं हैं। क्योंकि परिवार को हम परम पवित्र मानकर चल रहे हैं। परिवार के बारे में सवाल खड़े करना गुनाह माना जाता है। अविवेकवाद के कारण ही परिवार के अंदर देखने, यथार्थ को देखने, स्त्री को देखने और सरकार को देखने के हमारे नज़रिए में विवेकवाद दाखिल नहीं होता। बिखरा और सड़ा परिवार हमारे राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या नहीं है। स्त्री उत्पीड़न भी प्रमुख समस्या नहीं है, लोकतांत्रिक हक़ों पर हो रहे हमले भी समस्या नहीं हैं।

हमारे समाज की दो आंखें हैं पुंसवाद और अविवेकवाद। इन दोनों ने परिवार, समाज, लोकतंत्र और राजनीति को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आज प्रेम के विकास में परिवार सबसे बड़ी बाधा है। जो खुलेआम परिवार के सड़े गले ढांचे को बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में आने वाले समय में स्त्रियों पर हमले बढ़ेंगे, प्रेमी-प्रेमिकाओं पर हमले बढ़ेंगे। कुछ राज्यों और पूरे देश में बलात्कार की घटनाएं जिस तरह तरह बढ़ी हैं उससे सबक़ लें, जिस तरह एक दल के नेता खुलेआम बलात्कारियों का समर्थन कर रहे हैं उससे सबक लें वरना वह दिन दूर नहीं जब औरतों को अकल्पनीय कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

# औद्योगिक प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग

औद्योगिक प्रदूषण में वृद्धि के कारण हाल के वर्षों ग्लोबल वार्मिंग कि समस्या लगातार बढती जा रही है। रासायनिक अपशिष्टों, कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग, रेडियोधर्मी सामग्रियों के कारण औद्योगिक प्रदूषण पर्यावरण तथा इसके सभी घटकों को हानि पहुंचा रहा है। आज पानी भारी धातुओं, खतरनाक रसायनों, रेडियोंधर्मी कचरे और कार्बनिक कचरे के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है। मृदा प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं तथा अन्य वनस्पतियों को भी हानि पहुंच रही है। वायु प्रदुषण के कारण हमें श्वांस के लिए भी साफ़ हवा नहीं मिल पा रही है और हम अनेक समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। जैव विविधता नष्ट होती जा रही है तथा ग्लोबल वार्मिंग की दर लगातार बढ़ रही है। कुल मिलाकर औद्योगिक प्रदूषण के कारण आज हम एक भयानक खतरे की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे हैं। स्पष्ट है कि औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी इस दिशा में प्रयास कर रहा है। हाल ही में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषित उद्योगों को बंद करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संदर्भ में बोर्ड ने 'निरीक्षण, रिपोर्ट तैयार करने और कार्रवाई के लिए एक मानक प्रोटोकॉल' भी तैयार किया है। इस प्रोटोकॉल में निर्धारित दिशा निर्देशों के आधार पर उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। सामान्य तौर पर, मामूली नियम उल्लंघन के लिए, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप इकाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत बंद करने के निर्देश जारी करने से पहले इकाई को एक अवसर दिया जाता है। वास्तव में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण अति आवश्यक है तभी हम और हमारी भावी पीढियां सुखी जीवन जी सकते हैं।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

### मापांग के पास छिरकानी में टूटा ग्लेशियर, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मुनस्यारी मिलम मार्ग पूरी तरह बंद

# मुनस्यारी में ग्लेशियर टूटने से 13 गांवों का संपर्क टूटा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी में एक बार प्रकृति ने कहर बरपाया है। बीते शनिवार को मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्र मापांग के पास छिरकानी में विशालकाय ग्लेशियर टूट जाने से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मुनस्यारी मिलम मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। जिस कारण जौहार घाटी के तेरह से अधिक गांवों के ग्रामीणों और चीन सीमा से सटे इलाकों में तैनात जवानों का देश दुनिया से संपर्क पूरी तरह भंग हो गया है।

बीते शनिवार को चीन सीमा को जोड़ने वाले छिरकानी नामक स्थान पर ग्लेशियर के टूटने की घटना सामने आई। जिस कारण मुनस्यारी मिलम मार्ग पर भारी मात्रा में बर्फ एकत्र हो गई है। मार्ग के बंद होने के कारण जौहार घाटी के बिल्जू, बुर्फू, खिलांच, टोला, गनघर, पांछू, मापा, मर्तोली, लास्पा, ल्वां, सुमतू, रिलकोट और रालम जैसे तेरह गांव पूरी तरह से देश दुनिया से कट गए हैं।


एवलांच के कारण मुनस्यारी मिलम मार्ग पर एकत्र बर्फ। ● अमृत विचार

इन गांवों में रहने वाले लोगों का मुख्य व्यवसाय भेड़ पालन है और माइग्रेशन का समय शुरू होने के कारण उन्हें निचले इलाकों की ओर जाना पड़ता है। लेकिन रास्ते बंद होने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

बताया जा रहा है कि सीमा सड़क संगठन ने छिरकानी के पास ग्लेशियर से आई कुछ बर्फ को तो हटा लिया है, लेकिन नीचे की ओर अब भी बर्फ जमी होने के कारण इस मार्ग पर किसी भी तरह की आवाजाही संभव नहीं है। न तो वाहन चल पा रहे हैं और न ही पैदल चलना आसान है। इस ग्लेशियर के टूटने के कारण जहां इन गांवों के लोगों की माइग्रेशन की राह मुश्किल हो गई है। वहीं 19 अप्रैल को मतदान करने निचले इलाकों में आए लोग भी अपने गांवों को वापस नहीं लौट पा रहे हैं। जानकारों की मानें तो मुनस्यारी मिलम मार्ग पर छिरकानी के पास हर साल गर्मी के मौसम में ग्लेशियर खिसकने की घटना होती है। इस साल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई थी, जिसके कारण ग्लेशियर का आकार बढ़ गया है और गर्मी के कारण यह धीरे धीरे खिसक रहा है। फिलहाल बीआरओ की टीम मार्ग खोलने का प्रयास कर रही है। लेकिन इसमें अभी कुछ दिन और लगने की संभावना जताई जा रही है।

## पिथौरागढ़ में भी दौड़ेंगे ई रिक्शा

**अल्मोड़ा :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ में यात्रियों को स्थानीय बाजारों में आवाजाही में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए अब पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय में शीघ्र चार ई रिक्शा का संचालन किया जाएगा। उम्मीद है कि जून महीने में यह सेवा यहां प्रारंभ हो जाएगी।

पालिका के अधिशासी अभियंता राजदेव जायसी ने बताया कि पूर्व में ई रिक्शा के संचालन के लिए यहां ट्रायल किया गया था। लेकिन बीच में चुनाव आचार संहिता लग जाने के कारण यह मामला आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने बताया कि आचार संहिता खत्म होने के बाद अब नगर में चार ई रिक्शा संचालित किए जाने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जून महीने से पिथौरागढ़ में ई रिक्शा का संचालन शुरू हो जाएगा।

# रानीखेत हाईवे पर उन्नीस करोड़ से होंगे सुरक्षा कार्य

**सड़क किनारे बनेंगे क्रैश बेरियर और पैरापिट**

संवाददाता रानीखेत

**अमृत विचार :** खैरना-रानीखेत स्टेट हाइवे पर सड़क किनारे सुरक्षात्मक कार्यों और सड़क सुरक्षा के लिए लोनिवि रानीखेत ने खैरना से लेकर मोहान तक 19 करोड़ रुपये का आंकलन शासन को भेजा गया है।

बजट पास होते ही सड़क किनारे सुरक्षात्मक कार्य होने से मार्ग से गुजरने वाले वाहनों में सवार यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

साथ ही सड़क किनारे क्रैश बेरियर और पैरापिट बनने से

> खैरना रानीखेत स्टेट हाइवे में सड़क किनारे के सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 19 करोड़ रुपये का आंकलन शासन को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। शीघ्र सुरक्षात्मक कार्य शुरू किए जाएंगे।
>
> **-केएस बिष्ट**, एई लोनिवि रानीखेत

सड़क किनारे के खतरनाक स्थानों में दुर्घटनाओं पर काबू पाया जायेगा।

स्टेट हाइवे से खैरना, गरमपानी, हल्द्वानी, रानीखेत, द्वाराहाट, दूनागिरी, अल्मोड़ा, गनियाद्योली, पिलखोली, सोनी, मोहान, रामनगर से आने जाने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को सफर में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल जाएगा।

## महिला से लूटपाट मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा :** नगर क्षेत्र में महिला से लूटपाट के एक मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पीडिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। जिसके पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। बीती 19 अप्रैल को वोट देकर आ रही महिला से चीनाखान में नौघर के पास एक युवक ने लूटपाट की थी।

आरोपी ने झपट्टा मारकर महिला के गले से उसके सोने के एक तोले का मंगलसूत्र लूट लिया था। जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। इस मामले में पीड़िता जानकी बिष्ट, निवासी पूर्व पोखरखाली ने कोतवाली में तहरीर सौंप आरोपी को गिरफ्तार किए जाने व उसके मंगलसूत्र को लौटाने की मांग की है। कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा ने बताया कि महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल के आस पास के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए है।

# चिंताजनक: गर्मी के मौसम में स्वच्छ पानी के लिए तरसेंगे अल्मोड़ा वासी

### कोसी बैराज की सफाई को नहीं मिला है बजट, एक लाख से अधिक लोग होंगे प्रभावित

**नौ साल से नहीं हो सकी है बैराज की सफाई**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** इस बार भी गर्मियों के सीजन में अल्मोड़ा की एक लाख से अधिक आबादी को पीने के लिए साफ पानी मुहैया होने की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। क्योंकि अल्मोड़ा शहर को पेयजल मुहैया कराने वाले कोसी बैराज की सफाई का प्रस्ताव लंबे समय से शासन की फाइलों में धूल फांक रहा है। बताया जा रहा है कि इस कार्य के लिए बजट अवमुक्त ना होने के कारण इस बार भी बैराज की सफाई होना मुश्किल है।

ऐसे में गर्मियों के मौसम में लोगों को प्रदूषित पानी से ही अपनी प्यास बुझानी पड़ सकती है। अल्मोड़ा नगर और उससे सटे ग्रामीण क्षेत्रों की एक लाख से अधिक की आबादी को अल्मोड़ा की कोसी नदी में बने बैराज से पानी की आपूर्ति की जाती है। मटेला पंपिंग योजना के जरिए बैराज से पानी पंपिंग कर नगर के मुख्य टैंकों में एकत्र किया जाता है। जहां से उसकी आपूर्ति नगर के अलग अलग मोहल्लों में होती है। कोसी नदी में बैराज का निर्माण आज से करीब आठ नौ साल पहले किया गया था। जिसके रखरखाव कर जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की दी गई है। निर्माण से लेकर अब तक बैराज की सफाई ना होने के कारण उसमें काफी मात्रा में सिल्ट और प्लास्टिक समेत अन्य प्रकार की गंदगी भर गई है। जिसे देखते हुए करीब एक महीने पहले सिंचाई विभाग ने बैराज की सफाई कराने के लिए शासन को करीब 85 लाख रुपये की प्रस्ताव भेजा था। जिसे अभी तक स्वीकृत नहीं मिल पाई है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जब तक सफाई के कार्य के लिए बजट स्वीकृत नहीं होगा यह कार्य संभव नहीं है। ऐसे में अब इस बार भी गर्मियों में नगर की एक लाख से अधिक आबादी वाले घरों में कोसी बैराज के गंदे पानी की आपूर्ति होगी। इधर जानकारों की मानें तो पिछले आठ नौ साल से कोसी बैराज की सफाई न होने के कारण बैराज के पानी की स्तर लगातार घटता जा रहा है। पेयजल आपूर्ति होने के साथ साथ बैराज से दो सिंचाई योजनाएं भी संचालित होती हैं। ऐसे में अगर बैराज का जल स्तर लगातार गिरता रहा तो पेयजल किल्लत तो होगी ही किसानों को सिंचाई के लिए भी पानी नहीं मिल पाएगा।


कोसी बैराज का दृश्य। ● अमृत विचार

## डीजे संचालक पर धारदार हथियार से किया हमला

संवाददाता, अल्मोड़ा

**पीड़ित ने एक युवक के खिलाफ दर्ज कराई नामजद रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** सोमेश्वर तहसील के एक गांव में विवाह समारोह के दौरान डीजे चलाने को लेकर हुए विवाद के दौरान कुछ युवकों ने डीजे संचालक को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने हमले के दौरान पहचान में आए एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने संबंधित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोमेश्वर के रनमन से लगे टाना सजोली गांव निवासी पंकज सिंह ने सोमेश्वर थाने में दी तहरीर में कहा है कि वह विवाह समारोहों में टैंट लगाने और डीजे चलाने का काम करता है। बीते दिनों एक विवाह समारोह की बुकिंग के चलते वह टैंट और डीजे लेकर सुनाड़ी गांव गया था। पंकज ने तहरीर में कहा है कि विवाह समारोह के दौरान उसने रात दस बजे तक डीजे चलाया और बाद में नियमानुसार दस बजे डीजे बंद कर दिया। जिस कारण विवाह समारोह में नाच रहे कुछ युवक भड़क गए और डीजे चलाने की जिद करने लगे। पंकज के अनुसार उसने उन्हें नियमों का हवाला देकर काफी समझाने की कोशिश की। लेकिन वह नहीं माने। देखते ही देखते नौबत मारपीट तक पहुंच गई। युवकों ने पंकज से मारपीट शुरू कर दी। एक युवक ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। युवकों की पिटाई से पंकज बेहोश हो गया। काफी देर बाद जब उसे होश आया तो वह मारपीट करने वाले युवकों में उसी गांव के मुकुल राणा को पहचान गया। अपना उपचार कराने के बाद अब पंकज ने पुलिस को मुकुल राणा और उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह ने बताया कि मुकुल राणा के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## भिंगराड़ा ब्लाक न बना तो पीएम आवास पर देंगे धरना: शर्मा

**टनकपुर :** जनपद चम्पावत के विकास खंड पाटी के भिंगराड़ा में अलग ब्लाक बनाने की मांग एक बार फिर से जोर पकड़ने लगी है। भिंगराड़ा के 75 वर्षीय समाज सेवी टीकाराम शर्मा ने जल्द भिंगराड़ा को ब्लाक न बनाने पर दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना देने की चेतावनी दी है।

शर्मा ने कहा कि वह वर्ष पिछले 40 सालों से भिंगराड़ा नाम से अलग ब्लाक बनाने की मांग कर रहे हैं। शर्मा ने बताया कि ब्लाक में चम्पावत ब्लाक की 7 ग्राम सभाएं, ओखलकांडा ब्लाक नैनीताल की 11 ग्राम सभाएं और पाटी की 24 ग्राम पंचायतें इसमें शामिल होंगी। शर्मा ने बताया कि भिंगराड़ा को ब्लाक बनाने की मांग को लेकर उन्होंने सभी सांसदों, सीएम और केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलकर ज्ञापन दिया। शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भिंगराड़ा को नया ब्लाक नहीं बनाया जाता है तो वह दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

## शिक्षक नियुक्त करो वरना आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के राजकीय इंटर कालेज खाटवे में लंबे समय से शिक्षकों के रिक्त पदों पर तैनाती ना किए जाने से अभिभावकों में कड़ा आक्रोश व्याप्त है। अभिभावकों ने कहा है कि यदि इस विद्यालय में शीघ्र शिक्षकों के पदों पर तैनाती नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन करने से भी कोई गुरेज नहीं करेंगे।

जिले के राजकीय इंटर कालेज खाटवे में कई सालों से महत्वपूर्ण विषयों के पद रिक्त चल रहे हैं। जिन पर तैनाती की मांग अभिभावक लंबे समय से करते आ रहे हैं। लेकिन विभाग अभिभावकों की इस मांग पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है। नया शिक्षण सत्र शुरू होने के बाद भी शिक्षकों की तैनाती ना होने से अब अभिभावकों में आक्रोश बढ़ने लगा है। अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय में भूगोल, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र विषय के प्रवक्ताओं के अलावा एलटी संवर्ग में विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों के शिक्षकों के पद रिक्त चल रहे हैं। लेकिन उन पर तैनाती के लिए विभाग जरा भी गंभीर नहीं है। अभिभावकों ने कहा कि शिक्षकों की कमी के साथ साथ विद्यालय के भवन की हालत भी काफी खस्ता हो गई है। जिस कारण स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लेकिन शिक्षा विभाग तमाम शिकायतों के बाद भी इस विद्यालय की सुध नहीं ले रहा है। अभिभावकों ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई ना होने पर उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। इधर मुख्य शिक्षा अधिकारी एबी बलौदी का कहना है कि रिक्त पदों की सूची निदेशालय को भेजी गई है। निदेशालय स्तर से शिक्षकों की नियुक्ति के बाद उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ऐसे विद्यालयों में तैनाती दी जाएगी।

## टेंट हाऊस में लगी आग, हजारों की क्षति

**टनकपुर :** ज्ञानखेड़ा गांव में रविवार रात्रि टेंट हाऊस में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए। बाद में फायर ब्रिगेड को सूचना देने पर फायर वाहन द्वारा आग पर काबू पाया गया। रविवार की रात्रि 9 बजे देव भूमि टेंट हाऊस में बिजली के शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। आग से रजाई गद्दे और टेंट का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने बताया कि शॉट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया गया है।

# मां भगवती की डोला रथ यात्रा आज

**सतचूली मंदिर में आयोजित होगा विशाल मेला**

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** विकास खंड लोहाघाट के खतेड़ा में चल रहे सतचूली महोत्सव में मां भगवती की जमान को गांव में ले जाया गया।

मंगलवार को महोत्सव का मुख्य आकर्षण मां भगवती की निकलने वाली डोला रथ यात्रा होगी। महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा के दिशा निर्देशन में चल रहे चार दिनी सतचूली महोत्सव के चलते क्षेत्र में काफी रौनक बनी हुई है। सोमवार को मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद ढोल नगाड़ों एवं ध्वजा के साथ माँ भगवती के जमान (डोले) को सतचूली मंदिर से देव स्थली खतेड़ा लाया गया। जहां देव धूनी प्रज्वलित करने के बाद रात्री जागरण किया गया। जहां देव डांगरों ने अवतरित होकर लोगों के कष्टों का निवारण किया। रातभर भजन कीर्तन, झोड़ों का गायन किया गया। संरक्षक डॉ. सुधाकर जोशी ने बताया कि मंगलवार को हनुमान जयंती को मां भगवती की भव्य डोला यात्रा निकाली जाएगी, मंदिर में विशाल मेला आयोजित होगा। आयोजन में दलीप सिंह, खड़क सिंह बोहरा, भुवन पांडेय, नाथ सिंह, त्रिलोक सिंह, रमेश सिंह, राजेंद्र सिंह सहयोग कर रहे हैं।


मां भगवती के डोले को सतचूली मंदिर से देवस्थली खतेड़ा लाया गया। ● अमृत विचार

# पेटिंग बनाकर पृथ्वी के संरक्षण को किया जागरूक


टनकपुर में शारदा घाट पर पेटिंग बनाते दि क्रिएशन एकेडमी के बच्चे। ● अमृत विचार



बैरती में राजकीय इंटर कालेज चित्रेश्वर में पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** पृथ्वी दिवस पर टनकपुर के दि क्रिएशन एकेडमी के बच्चों ने पेटिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान दि क्रिएशन एकेडमी की फाउंडर और जानी- मानी आर्टिस्ट सुषमा के नेतृत्व में बच्चों ने पृथ्वी बचाओ- जीवन पाओ जैसे संवेदनशील विषय पर पेंटिंग बनाकर लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने शारदा घाट पर अपनी पेंटिंग को पूर्ण रूप दिया।

बच्चों में प्रिया भट्ट, मनन भट्ट, प्रशांत सामंत और अर्चना भट्ट मौजूद रहे। बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

वहां मौजूद लोगों ने ऐसे कार्यक्रम के लिए सुषमा और उनकी टीम का उत्साहवर्धन किया। सुषमा ने बताया कि 'आजकल बच्चे मोबाइल में अधिक समय व्यतीत करते हैं। जिससे उनके शारीरिक और मानसिक पटल पर गहरा असर पड़ता है। हमें बच्चों को सामाजिक दृष्टि से सकारात्मक दिशा में ले जाने का प्रयास करना चाहिए।

### पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** पृथ्वी दिवस पर क्षेत्र के विद्यालयों में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गोपाल दत्त शिक्षण समिति बैरती- पान द्वारा क्षेत्र के राजकीय इंटर कालेज चित्रेश्वर एवं महाकालेश्वर के साथ ही यूनिवर्सल स्कूल तथा द्रोण पब्लिक स्कूल द्वाराहाट में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य बैरती- पान एडवोकेट अशोक कुमार ने कहा कि पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ में प्लास्टिक मुक्त भारत के तहत भाषण एवं चार्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उपरोक्त स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ में पर्यावरण को बचाने के लिए बच्चों को संस्था द्वारा पेड़ भी बांटे गए।


### पृथ्वी दिवस पर स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर किया जागरूक

**अल्मोड़ा :** पृथ्वी दिवस के मौके पर प्राथमिक विद्यालय हवालबाग समेत विकास खंड के अनेक विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान स्कूली बच्चों ने स्थानीय लोगों को पर्यावरण को हरा भरा रखने और पृथ्वी को मानवीय चूक के कारण हो रहे नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए उसके संरक्षण के लिए आगे आने के लिए जागरूक किया। रैली के बाद विद्यालय में पौधरोपण किया गया और प्लास्टिक कूड़ा नियंत्रण पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

# अल्मोड़ा की भारती पांडे बनी सीएसीएल की युवा प्रतिनिधि

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जिले के पल्यूं गांव की निवासी भारती पांडे सीएसीएल के राष्ट्रीय स्तर के चुनाव में पहली युवा प्रतिनिधि चुनी गई हैं। बीते शनिवार को हुए इस चुनाव का लक्ष्य सीएसीएल में युवा प्रतिनिधि चुनकर युवाओं की भागीदारी बढ़ाना था। वर्ष 1992 में स्थापित सीएसीएल एक राष्ट्रीय नेटवर्क है, जो भारत को बाल मजदूरी से मुक्त कराने के लिए प्रयासरत है और देश के सभी राज्यों में सक्रिय है।


भारती पांडे।

सीएसीएल की चुनाव प्रक्रिया ऑनलाइन हुई, जो दो दिन तक चली। चुनाव में उत्तराखंड के अल्मोड़ा से भारती पांडे ने चुनाव जीता। चुनाव प्रक्रिया में पूरे देश के राजस्थान, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल व उत्तराखंड आदि राज्यों से कुल सात युवा बतौर प्रत्याशी शामिल हुए । चुनाव के दौरान निर्वाचित भारती पांडे मूल रूप से अल्मोड़ा ज़िले के पल्यूं गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा गांव में रहकर आनंदमाई आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज धौलछीना से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई कुमाऊं विश्वविद्यालय से पूरी की और वर्तमान में वह सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा से पत्रकारिता में परास्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। भारती पांडे वर्तमान में उत्तराखंड यूथ नेटवर्क की राज्य संयोजक और इंडियन यूथ फेडरेशन की राष्ट्रीय संयोजक हैं और जलवायु परिवर्तन, समानता, महिला, बच्चों और वंचित तबकों के लिए आवाज उठाती रही हैं। साथ ही देश व राज्य के तमाम जन आंदोलनों में हिस्सा लेती हैं। इससे पहले भारती पांडे लगातार दो बार एशिया प्रशांत युवा ग्रीन क्षेत्र की कोषाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। सीएसीएएल की प्रथम राष्ट्रीय युवा प्रतिनिधि चुने जाने पर उन्होंने सभी का आभार जताया है और कहा है कि वह बाल अधिकारों को लेकर कार्य करेंगी और बाल श्रम के खिलाफ युवाओं की आवाज को मुखर करेंगी।

### पेशावर कांड की बरसी पर उपपा कार्यालय में गोष्ठी आज

**अल्मोड़ा:** पेशावर कांड की बरसी पर मंगलवार को उपपा कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा है कि देश की आजादी के महासंग्राम में 23 अप्रैल1930 का दिन विशेष महत्व रखता है।

जब वीर चंद्र सिंह गढ़वाली के नेतृत्व में गढ़वाल राइफल के जवानों ने पेशावर में आजादी के संग्राम में शामिल पठानों पर गोली चलानेअल्मोडसे इंकार कर दिया था। इस ऐतिहासिक घटना को याद करते हुए आज के दौर में उसके महत्व को समझने के लिए मंगलवार को परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में दोपहर एक बजे से एक विचार गोष्ठी आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी सहयोगियों, छात्र, युवाओं व अन्य सभी साथियों से संगोष्ठी में भागीदारी करने की अपील की है।

# धर्म दर्शन

## चारों वेदों के ज्ञाता थे हनुमान

**भगवान श्रीराम का वन गमन धरती पर ज्ञान, शील, आदर्श, संस्कार, नैतिकता आदि गुणों की स्थापना के लिए माता सरस्वती की इच्छा से हुआ। देवताओं के कहने पर मां सरस्वती मंथरा के मस्तिष्क में प्रवेश कर गयी थीं। वन में पत्नी सीता के हरण के बाद भगवान श्रीराम की भेंट ऋष्यमूक पर्वत पर रहने वाले सुग्रीव के मंत्री श्रीहनुमान से होती है। श्रीराम हनुमानजी से पहली मुलाकात में ही जान जाते हैं कि हनुमान चारों वेदों के ज्ञाता हैं।**


वाल्मीकि रामायण के किष्किन्धाकाण्ड के तृतीय सर्ग के 29 से 36 तक के श्लोक में खुद श्रीराम कहते हैं कि 'लक्ष्मण! हनुमान की बातों से प्रकट होता है कि इन्हें चारों वेदों, भाषा, व्याकरण का उत्कृष्ट ज्ञान है।' श्रीराम को उस पात्र की तलाश थी जिसके माध्यम से वे ज्ञान के प्रकाश को धरती के कोने कोने तक अधिष्ठापित कर सकें। रावण द्वारा ज्ञान के नकारात्मक प्रयोग को सकारात्मक बनाने के लिए ही भगवान ने हनुमान जी को लंका भेजा जिन्होंने मन-बुद्धि-चित्त और अहंकार से उत्पन्न विकृतियों को जलाने का काम किया।

दरलसल सत्ययुग में देवताओं का स्मरण करने से वे पृथ्वी पर आ जाते थे। इसका आशय है कि पृथ्वी पर ज्ञान का महत्व था। ज्ञान के बल पर दस मूर्त इंद्रियों एवं 4 मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार जैसे अमूर्त रूप में तालमेल बना रहता है। लेकिन युग में आए बदलाव के चलते त्रेतायुग में देवताओं का मंत्रों से जब आवाहन किया जाता था, तब देवता आते थे। इन मंत्रों का प्रयोग उच्च जीवनशैली जीने का विधिक तरीका है। लेकिन समय हमेशा बदलाव लाता है। द्वापर में यज्ञ-अनुष्ठान से देवता आते रहे। यज्ञ-अनुष्ठान व्यक्ति को कर्म से जोड़ता है। त्रेता का ज्ञान और द्वापर का कर्म ही विकास की प्रक्रिया है। युग बदला। भौतिक पदार्थों की महत्ता वाले कलियुग में सदाचरण से भगवान को वश में करने के लिए



शास्त्रों ने ज्ञान, कर्म के साथ निर्मल मन तथा भाव बनाने पर जोर दिया। परपीड़ा से बचने के लिए भगवान के सद्गुणों का निरन्तर चिंतन करने पर बल दिया।


इस प्रकार श्रीराम का वनगमन का उद्देश्य प्रकृति से जुड़े रहने का भी सन्देश है। विज्ञान के वर्तमान युग में भगवान श्रीराम का श्री हनुमान को गले लगाने का आशय भी महर्षि पतंजलि के योग शास्त्र की महत्ता को प्रतिपादित करता है। श्री हनुमान पवन के पुत्र हैं। गोस्वामी तुलसीदास के 'हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत्त उनचास' (सुंदरकांड, 25) से स्पष्ट है कि पवन में उनचास प्रकार के गैसतत्व हैं। हनुमान जी प्राणतत्व (आक्सीजन) के रूप में हैं जिसके शरीर में प्रवेश करने पर विकार रूपी व्याधियां नष्ट होती है। हनुमानचालीसा में 'अस कहि श्रीपति कंठ लगावें' से भी स्पष्ट होता है कि मनुष्य के कंठ में स्थित थायराइड ग्लैंड मॉनव शरीर की बेहतरी में महत्त्वपूर्ण कार्य करता है। यह ऐसा ग्लैंड है जहां से T3, T4 नामक हार्मोन्स बनता है जो पूरे तन-मन को स्वस्थ करता है। यही हार्मोन्स ऋषियों की दृष्टि में 'श्रीहरि' जैसा है। दस इंद्रियों वाले इस शरीर में पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति का योग ही सबसे सशक्त माध्यम है तो भगवान श्रीराम के वनगमन का आशय प्रकृति से जुड़ना परिलक्षित होता है तथा वायुमंडल में व्याप्त 15 प्रतिशत प्राणवायु (आक्सीजन) की महत्ता की ओर इंगित करता है। चारों वेदों का पूरा ज्ञान न भी हो सके तो शस्त्रों में सदाचार के जो तौर-तरीके बताए गए हैं, उनपर अमल करने का किंचित प्रयास भी हनुमान जी की उपासना है। क्योंकि इसी से 'बल-बुधि-विद्या देहि मोहिं' को साकार किया जा सकता है। हनुमानचालीसा में 'भूत-पिशाच निकट नही आवें' चौपाई में जिस भूत और पिशाच का जिक्र है वह मानसिक विकारों से मुक्ति की ओर इंगित करता है। भूत जहां भ्रांति का सूचक है वहीं पिशाच यज्ञ-अनुष्ठान में व्यवधान डालने वाले राक्षस को नहीं कहते बल्कि जो मस्तिष्क का खून पीता है, उसे बताया गया है। काम-क्रोध-मद-लोभ ऐसे मानसिक पिशाच जीवन को नारकीय बनाते हैं। रावण से युद्ध में लक्ष्मण को शक्तिबाण लगने पर आई मूर्छा को हनुमान जी प्राकृतिक ढंग से संजीवनी बूटी लाकर करते हैं। लक्ष्मण के शरीर में विषैले गैसों से आई मूर्छा के इस उपचार को वर्तमान मेडिकल साइंस के मरणासन्न व्यक्ति को तत्काल आक्सीजन गैस के उपचार की पद्धति से लिया जाना चाहिए। प्रकृति के देवता शंकर के 11वें अवतार से भी स्पष्ट है कि हनुमान की कृपा से दसों इंद्रियों के साथ ग्यारहवें मन को शुद्ध एवं पवित्र रखा जा सकता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

## विश्व का भरण-पोषण एवं कल्याण करने वाले अग्निदेव

सवितादेव (सर्वश्रेष्ठ परमात्मा अपने संकल्प शक्ति से) सृष्टि रचना के समय प्रारंभ में मनस्तत्व एवं धी अर्थात् बुद्धि अथवा धारणा-शक्ति का विकास करके, अग्नि से ज्योति जाग्रत करके, उनसे भूमंडल को भर देते हैं। सर्व प्रेरक के रूप में वही सवितादेव व्यापक प्रकाश को समस्त विश्व में फैलाने के लिए सूर्य आदि देवों को प्रखर सामर्थ्य से ओतप्रोत कर देते हैं। एक मात्र वह परमात्म चेतना ही समस्त कर्मों का ज्ञाता है और संपूर्ण विश्व का सृजेता एवं धारणकर्ता है। सब के प्रकाशक उन सविता देवता की स्तुति माहिमामयी है। जिन सवितादेव के कर्म, महिमा और सामर्थ्य शक्ति का अन्य सभी देवता अनुभव करते हैं, जो अपनी उत्पादक-क्षमता से संपूर्ण लोकों के रचयिता है, वे स्रष्टा रूप सवितादेव अपनी सृजनशीलता से इस विश्व ब्रह्माण्ड में सर्वत्र संव्याप्त हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक

हे सवितादेव! यज्ञीय कर्मों की प्रेरणा आप सभी को दें। यज्ञ कर्म संपादित करने वालों को ऐश्वर्य-संपदा से युक्त करके सत्कर्म की ओर प्रेरित करें। दिव्य ज्ञान के संरक्षक, वाणी के अधिपति आप हमारे ज्ञान में पवित्रता का संचार करें और हमारी वाणी में मधुरता का समावेश करें। आप देवों के पोषक, मैत्री भाव के विस्तारक, यज्ञीय ऊर्जा के संयोजक और सुख समृद्धि प्रदान करने वाले हैं। आप हमारे इस यज्ञ को सफल बनाएं। श्रेष्ठ भावना से युक्त हमारी इस आहुति को स्वीकार करें। दिव्य प्रकाश के रूप में अखिल ब्रह्मांड में व्याप्त, तिरछी ज्योति से फैलने वाले, दीर्घकाल तक व्यापक विस्तार करने वाले हे अग्ने! अन्नादि आहुतियों से शक्तिशाली और प्रत्यक्षतः दृश्यमान आपको, योगस्थ मन से घृत द्वारा यज्ञ हेतु प्रज्वलित करते हैं। आप नष्ट न होने वाली ज्वालाओं से, इस प्रदत्त आहुति को ग्रहण करें।



अखिल विश्व का भरण-पोषण एवं कल्याण करने वाले हे अग्निदेव! सर्वप्रथम अथवा ऋषि ने आपको भली प्रकार मंथन द्वारा उत्पन्न किया और सम्मानपूर्वक उच्च स्थान पर स्थापित किया। हे होता रूप अग्निदेव! सब कर्मों के ज्ञाता आप अपने प्रतिष्ठित स्थान को सुशोभित करें और श्रेष्ठ कर्मरूपी यज्ञ को संपन्न करें। देवों की तरह तृप्त करने वाले हे अग्ने! आप याजकों द्वारा प्रदत्त आहुति से देवताओं को आनंदित करते हुए याजकों को धन-धान्य एवं दीर्घायुष्य प्रदान करें। आप मधुर, स्निग्ध, रसरूप जल को उत्पन्न करें जो वृष्टि द्वारा पृथ्वी को सिंचित करे। उससे उत्पन्न हुई फलवती औषधियां याजक के रोगों को रोकने में समर्थ हों।

ऊर्ध्वमुख (यज्ञकुंड) से युक्त हे पृथिवि! आपका जो विशाल हृदय है, आप उसको मातृवत् प्राणशक्ति की संचारक वायु, जल एवं वनस्पतियों से पूर्ण करें। हे वायुदेव! आप दिव्य प्राण-ऊर्जा के साथ संचालित होते हैं, अतः यह पृथ्वी आपके निमित्त कल्याणप्रद हो। हे अग्निदेव!

सर्वोत्पादक सविता देवता जिस प्रकार अंतरिक्ष से हम सब की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार आप भी ऊंचे उठकर अन्न आदि पोषक पदार्थ देकर हमारे जीवन की रक्षा करें। मंत्रोच्चारण पूर्वक हवि प्रदान करने वाले याजक आपके प्रज्वलित स्वरूप का आवाहन करते हैं।

शाश्वत, सत्यस्वरूप, अविनाशी अग्निदेव को अंगिरा के समान ही हम परिपुष्ट करते हैं। हे समस्त ओषधिरूप हवियों! आप मंगलमय यज्ञकुंड में स्थित अग्निदेव को समर्पित होकर आनंद प्रदान करें। हे ओषधियों! आप पुष्पयुक्त और उत्तम फलों से युक्त होकर यज्ञाग्नि रूपी ऊर्जा को ग्रहण करें। यह अग्नि गर्भरूप में ऋतु के अनुरूप उत्पन्न होती है। यह यहां प्राचीन समय से ही स्थित है। हे जलसमूह! आप सुख के मूल स्रोत हैं, अतः आप पराक्रम से युक्त, उत्तम, दर्शनीय कार्य करने के लिए हमे परिपुष्ट करें। आपका जो सबसे कल्याणप्रद रस यहां विद्यमान है, उस रस के पान में हमें वैसे ही सम्मिलित करें, जैसे वात्सल्य स्नेह से युक्त माताएं अपने शिशुओं को कल्याणकारी दुग्धरस से पुष्ट करती हैं। जिस प्रकार परमेश्वर, सूर्यदेव के द्वारा अंतरिक्ष और भूमि को प्रकाशित करते हैं, उसी प्रकार हम भी श्रेष्ठ गुणों से युक्त जातवेदस् अग्नि को प्रजाओं के आरोग्य लाभ हेतु प्रज्वलित करते हैं।

## पौराणिक ग्रंथों में असुर

वाल्मीकि रामायण (उ.61/ 24) में उल्लिखित, मधुपुरी नरेश, कुख्यात असुर राज, लवण का उल्लेख है इसके पिता, भगवान शिव के भक्त मधु ने, अपने आराध्य की कृपा से यमुना के तटवर्ती भूभाग को विजितकर मधुवन के निकट मधुपुरी के नाम से नगर बसा एक स्वतंत्र राज्य की नींव डाली थी। लंकाधिपति राक्षसराज रावण की बहन कुंभीनसी मधु की पत्नी से लवण का जन्म हुआ था। स्पष्ट है कि रावण, लवणासुर का सगा मामा था। भगवान शिव से प्राप्त वरदान के कारण लवण के हाथों में शिव के वरद त्रिशूल के रहते वह अवध्य और अविजित था (वा.रा.उ.61/24)। इसी शूल के बल के अहंकार ने उसको आततायी बना दिया था। उसके विरूद्ध शस्त्रास्त्र धारी शत्रु की मृत्यु निश्चित थी।

श्रीराम द्वारा वनवास की समाप्ति और लंका विजय के बाद अयोध्या का राज्य भार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद अयोध्या पहुंच ऋषिगण च्यवनभार्गवादि ने आततायी बन चुके लवणासुर के अत्याचारों शिकायत कर उससे अभय दान का अनुरोध किया था। श्रीराम के आदेश पर अयोध्या से ससैन्य शत्रुघ्न ने उस पर आक्रमण किया था। मार्ग में शत्रुगघ्न ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में रात्रि विश्राम किया था। वहीं बनी रणनीति के अनुपालन में शत्रुघ्न ने लवणासुर की अनुपस्थिति में उसके राज भवन पर आक्रमण कर पहले वरदान प्राप्त भगवान शिव के कालजयी त्रिशूल को लवण की पहुंच से दूर कर, उसको युद्ध के लिए आमंत्रित कर मार डाला और मधुपरी को जलाकर वहीं पर "मथुरा" नगर का निर्माण कर वहीं अपनी राजधानी स्थापित किया (ब्रह्माण्ड3/186,वायु88/184-186,भाग.9/11/14)। राज्य का भधुवन नाम बदल शूरसेन कर दिया। कालांतर में इसी नाम से 'शूरसेन' प्रदेश सुविख्यात हुआ। लवणासुर के विरूद्घ अभियान कर अतीत में चक्रवर्ती सम्राट मान्धाता त्रिशूलधारी लवण के समक्ष, सैन्य आत्मघात कर चुका था (महाभा.अनु.14/267_68)। पुराणों में, दैत्य, दानव एवं राक्षस, 'असुर'शब्द के पर्याय या समानार्थी हैं। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द दिव्य शक्ति संपन्न, ऊर्जावान मानव समूह के लिए प्रयुक्त होता था और उन गुणों संपन्न मानवों-अदितपुत्र देवों, दितिपुत्र दैत्यों, दनु पुत्र दानवों की मानद उपाधिया संबोधन असुर हुआ करता था। बाद में स्वार्थ जनित परिस्थितियों ने, सुविधा भोगी, सुराप्रेमी सर्व सुविधा संपन्न स्वर्ग के सत्ताभोगी, विलास प्रिय देवताओं के विरूद्घ दैत्यों और दानवो को एक कर सशस्त्र संघर्ष को आमंत्रित कर दिया। यक्ष,गंधर्व, वानर, नाग आदि समूह के बहुत से लोगों ने बिना किसी श्रम, यज्ञों, कर्मकाण्डों आदि के नाम पर सुविधा भोगी देवताओं के विपरीत, यज्ञों, कर्म काण्डों का विरोध कर बिना पूर्व निर्धारित कर या उपहार लिए सर्वसमूह की रक्षा का व्रत लिया। उन्होंने "वयं रक्षामः" की घोषणा कर 'राक्षस' का सम्मानित विरूद् प्राप्त किया। कालान्तर में जब असुर समाज या समूह ने भी पर पीडन, लूटखसोट, अन्याय, अत्याचार एवं कामांधता का के कुमार्ग पर चलना शुरू कर दिया तब उनके गुणात्मक संबोधनों के सम्यक् अर्थ ही अनर्थ में बदल गए। यही नहीं दैत्य- दानवों के सशक्त और ऊर्जावान मान व समूह (परवर्ती जातिसंघ) असुर का अनर्थ प्रचलित हो गया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

# उत्तर प्रदेश

## पुष्टाहार बनाने का तरीका सीख सकेंगी महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टीएचआर प्लांट में प्रशिक्षण से लेकर सभी ऑनलाइन होंगे काम

**अमृत विचार :** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉकों पर संचालित टेक होम राशन यानी टीएचआर प्लांट की महिलाएं ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से प्रशिक्षित की जाएंगी। इसके लिए वर्ल्ड फूड प्रोग्राम एक-एक टैब देगा।

जिस पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग व तकनीकी सपोर्ट करने वाली संस्थाएं समय-समय वर्चुअल बैठक और प्रशिक्षण देंगी। पुष्टाहार में कब क्या बदलाव, वजन व उम्र के हिसाब से उचित पुष्टाहार तैयार करना, मिनरल व विटामिन की मात्रा आदि तौर-तरीके ऑनलाइन सिखाएं जाएंगे। टैब से आर्डर लेना, आंगनबाड़ी केंद्रों पर आपूर्ति करना और ऑनलाइन हाजिरी लगाना, भुगतान के बिल सीधे जिला मुख्यालय को भेजना समेत सभी काम होंगे। इन कार्यों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लखनऊ समेत कुछ जिलों में टैब वितरित हो चुके हैं। अब 12 मॉड्यूल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।दरअसल, केंद्रों पर पुष्टाहार खरीद और वितरण में पारदर्शित लाने के लिए ठेकेदारी व्यवस्था बंद कर करीब तीन साल पहले राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से प्लांट संचालित किए गए थे। शुरू में दरिया, दाल, घी, दूध बांटा गया। वर्तमान में हलवा, खिचड़ी व बर्फी का पाउडर बनने लगा। मिशन निदेशक अमनदीप डुली ने उपायुक्त स्वतः रोजगार को इससे अवगत कराया है।

## हत्या में शामिल रहे युवक का गोली लगा शव कार में मिला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे स्थित गांव झलरा के पास की घटना
- पिता ने पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया, पिस्टल व मोबाइल भी बरामद

**अमृत विचार :** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे पर गांव झलरा के पास स्थित एक चकरोड पर सोमवार सुबह कार में युवक का गोली लगा शव मिला। उसके पास पिस्टल और मोबाइल भी मिला। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस आत्महत्या मान रही है। हत्याकांड में शामिल युवक पांच माह पहले ही जमानत पर जेल से छूट कर आया था।

शहर कोतवाली क्षेत्र के नजीबाबाद रोड स्थित झलरा के पास त्रिलोकपुरी के रहने वाले रोहन का शव खुद की कार में खून से लथपथ पड़ा मिला। रोहन देर शाम घर से निकला था और सुबह तक घर नहीं पहुंचा। परिवार वालों ने उसकी काफी तलाश की। बताया जा रहा है कि युवक का शव कार की ड्राइविंग सीट पर था। जबकि उसके बराबर की सीट पर मोबाइल रखा हुआ था। पास ही एक पिस्टल भी पड़ा हुआ था। मृतक के पिता संजीव का कहना है कि उनका बेटा देर शाम घर से गया था। सुबह तक उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

फिर सुबह उसका शव कार में मिला। पिता का कहना है कि उसके बेटे की किसी ने हत्या कर दी है। कॉल डिटेल से ही पूरे घटना का पता चलेगा। बताया गया कि रोहन एक कॉलेज का पूर्व छात्र है। जो उसी कॉलेज के सामने 23 नवंबर 2022 को हुए शामिक हत्याकांड में अपने साथी यश कुमार के साथ जेल गया था। यश अभी जेल में ही बंद है, जबकि रोहन की करीब पांच माह पहले जमानत हो गई थी। जेल जाने की वजह से उसकी पढ़ाई भी बीच में छूट गई थी। पिता का कहना है कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। एक मामले में उसे फंसा कर जेल भेजा गया था। फिलहाल वह घर पर ही था। इस मामले में सीओ सिटी संग्राम सिंह का कहना है कि सोमवार को बंद कार में एक युवक का शव मिला है। उसके गन शॉट इंजरी है। पास में ही पिस्टल भी पड़ी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है। जांच विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने का प्रयास

**शाहबाद, अमृत विचार :** दहेज लाने के लिए देवर और जेठ ने महिला से अश्लील हरकतें कर बदनामी का डर दिखाया। तब भी बात नहीं बनी तो पति ने तीन तलाक देने के बाद परिजनों के साथ मिलकर उस पर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने का प्रयास किया।

पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई। तब पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती का निकाह पड़ोसी मोहल्ला निवासी युवक से जुलाई 2022 में हुआ थी। पिता ने हैसियत से बढ़कर दहेज दिया था। लेकिन पति और ससुराल के अन्य लोग इससे खुश नहीं थे। दहेज में कार और दस लाख रुपए की मांग करने लगे। पीड़िता ने दहेज लाने में असमर्थता जताई। आरोप है कि जेठ और देवर ने अश्लील हरकतें कीं।

## पीलीभीत-मैलानी रूट पर 25 से चलेंगी ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत से मैलानी के बीच आमान परिवर्तन के बाद रेल प्रशासन इस रूट पर लगातार ट्रेनें चलाने का निर्णय ले रहा है। इज्जतनगर रेल मंडल ने सोमवार को लालकुआं-वाराणसी के बीच ट्रेन चलाने का एलान किया। यह ट्रेन इज्जतनगर होते हुए मैलानी-लखीमपुर के रास्ते वाराणसी तक जाएगी।

बरेली होते हुए तीसरी ट्रेन इस रूट पर चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले दो ट्रेनें चलाने का पहले ही निर्णय लिया जा चुका है। अभी तक इस रूट पर 4 अप्रैल को मालगाड़ी चली थी। करीब आठ साल से बंद पड़े इस रूट पर गुरुवार से यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। 05055 लालकुआं-वाराणसी सिटी स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल से 24 जून के बीच प्रत्येक सोमवार को लालकुआं से 15:00 बजे चलकर इज्जतनगर से 16.55 बजे, भोजीपुरा से 17.57 बजे, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, लखीमपुर के रास्ते जाएगी। वापसी में 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआं स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल से 25 जून के बीच प्रत्येक मंगलवार को वाराणसी सिटी से 14:15 बजे चलकर लखीमपुर, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत के रास्ते भोजीपुरा से 04:15 बजे, इज्जतनगर से 05:05 बजे रवाना होगी। इससे पहले इस रूट पर रेल प्रशासन ने 05043/05044 रामनगर- लखनऊ- रामनगर इज्जतनगर के रास्ते और 05060/05059 लालकुआं-हावड़ा-लालकुआं एक्सप्रेस भोजीपुरा के रास्ते चलाने का एलान किया गया है।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष की अग्रिम जमानत 29 अप्रैल तक बढ़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका की मशीन प्रकरण में सोमवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष फातिमा जबीं की अग्रिम जमानत को 29 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। अब इस मामले में 29 अप्रैल नियत की गई है। वर्ष 2022 में जौहर विश्वविद्यालय में पुलिस ने जेसीबी से खोदाई कराकर जमीन में दबी रोड क्लीनिंग मशीन बरामद की थी। पुलिस ने दावा किया था कि इस मशीन को नगर पालिका ने मंगवाया था। इसका इस्तेमाल जौहर विवि में किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में सपा नेता आजम खां, पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां और अनवार, सालिम के सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने उस समय दावा किया था कि मशीन नगर पालिका द्वारा नहीं मंगवाई गई थी। इसके बाद नगरपालिका के दस्तावेज जला दिए गए थे।

## नगर आयुक्त मेरठ पर 10 हजार रुपए जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद वेतन वृद्धि से वंचित करने के मामले में कहा कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के अगले दिन वेतन वृद्धि देने के संबंध में कानून संवैधानिक न्यायालय द्वारा तय कर दिये गए हैं तो संबंधित अधिकारी द्वारा किसी अन्य सरकारी आदेश के आधार पर वेतन वृद्धि से इनकार करना संभव नहीं है। अगर कोई अधिकारी ऐसा करता है तो निश्चित रूप से इसे उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनदेखी माना जाएगा।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने श्रीपाल की याचिका को स्वीकार कर नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार का जुर्माना लगाते हुए की, साथ ही याची को 1जुलाई 2018 से 30 जून 2019 की अवधि के लिए ब्याज सहित वेतन वृद्धि का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। दरअसल नगर आयुक्त ने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले सेवानिवृत हुए याची के काल्पनिक वेतन वृद्धि के दावे को खारिज कर दिया था। इस पर न्यायालय ने उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत हलफनामे पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब नगर आयुक्त याची को वेतन वृद्धि देने के लिए सक्षम प्राधिकारी थे तो उन्हें इस संबंध में किसी अन्य अधिकारी से राय लेने की क्या आवश्यकता थी। कोर्ट ने नगर आयुक्त के मनमाने क्रियाकलाप पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नगर आयुक्त बच्चा या वार्ड नहीं है जो निदेशक, स्थानीय निकाय की गोद में बैठकर अपने अभिभावक या माता-पिता से निर्देश मांग रहा हैं कि मामले में क्या करना है। नगर आयुक्त की कार्रवाई को कोर्ट ने अस्वीकार करते हुए उन्हें भविष्य में सावधान रहने की चेतावनी दी हैं।

## वृद्धा ने गंगा में लगाई छलांग, गोताखोरों ने बचाया

**बबराला, अमृत विचार :** राजघाट गंगा में सोमवार को सुबह वृद्धा ने छलांग लगा दी। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर गोताखोर तुरंत गंगा में कूदे और वृद्धा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

राजघाट गंगा घाट पुल के दाहिने तरफ गंगा के जल में उतराती एक महिला दिखाई दी। दूर से देखने पर लग रहा था कि वह मर चुकी है लेकिन उसकी सांसे चल रही थीं और वह पानी की ऊपरी सतह पर उतरा रही थी। गंगा स्नान करने आए कुछ श्रद्धालुओं ने जब यह नजारा देखा तो शोर मचा दिया। आनन फानन घाट पर मौजूद गोताखोर गंगा में कूद पड़े और बेहोश महिला को बाहर निकाल लिया। पुलिस ने वृद्धा को उपचार के लिए सीएचसी गुन्नौर भेजा। सीएचसी में उपचार के बाद होश में आई वृद्धा की पहचान बदायूं जनपद के थाना इस्लामनगर के गांव कुंवरपुर निवासी गंगादेई (70 वर्ष) के रूप में हुई है।

## देश में विकास व विरासत का अद्भुद समन्वय: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मीडिया से बातचीत में योगी आदित्यनाथ ने दी जानकारी
- हाईवे, एयरपोर्ट, आईआईटी, आईआईएम, एम्स के विस्तार का दिया उदाहरण

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहना है कि भाजपा सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास कार्य हुए हैं। देश में विकास और विरासत के अद्भुत समन्वय का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए योगी आदित्यनाथ का दावा है कि ऐसा पहली बार भारत में देखने को मिला है।

सोमवार को मीडिया कर्मियों से बात करते हुए योगी ने कहा कि विकास से तमाम मुद्दों पर सार्वजनिक चर्चा की जाती है तो पब्लिक का रिस्पॉन्स मिलता है। जिन मुद्दों पर पब्लिक का सबसे ज्यादा समर्थन मिला है वो है इन्फ्रास्ट्रक्चर। अपनी बात के इस क्रम में योगी ने कई बड़े विकास कार्यो के उदाहरण दिए।

उन्होंने कहा, देश में हाईवे दोगुने हुए हैं। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे आज इनकी संख्या डेढ़ सौ से ज्यादा हैं। कांग्रेस के समय केवल एक एम्स बना था। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय 6 नये एम्स की स्थापना हुई। नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में इनकी संख्या 22 हो गई है। इसी तरह आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी का विस्तार और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज विकास की नई गाथा कह रहे हैं।

योगी के मुताबिक, आस्था से जुड़े केंद्रों के बारे में हमें नया स्वरूप देखने को मिला है। विरासत और विकास का ये अद्भुत समन्वय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो पाया है। जनता इन मुद्दों को पूरा समर्थन दे रही है। यह आगे भी जारी रहेगा।

## आंदोलन के कारण घंटों देरी से पहुंची ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन की वजह से पांचवें दिन बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। सियालदह, पंजाब मेल, शहीद और गंगा सतलज जैसी ट्रेनों के इंतजार में गर्मी में यात्री परेशान हो गए। सोमवार को 15 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। किसान आंदोलन के कारण सोमवार को 13006 पंजाब मेल चार घंटे 21 मिनट, 13152 सियालदह चार घंटे 19 मिनट, 13308 गंगा सतलुज 11 घंटे 48 मिनट, 12203 सहरसा अमृतसर गरीबरथ 12 घंटे, 12332 हिमगिरी आठ घंटे, 12358 दुर्गियाना पांच घंटे 12 मिनट, 12491 मोरध्वज एक्सप्रेस एक घंटा और 14674 शहीद एक्सप्रेस दो घंटे 35 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इसके अलावा 15212 जननायक एक्सप्रेस शार्ट ओरिजनेट और 15211 शार्ट टर्मिनेट की गई। ट्रेनों के इंतजार से गुस्साए यात्रियों ने एक्स पर रेलवे अधिकारियों से शिकायतें कीं उन्हें पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन की जानकारी दी गई।

## झूठे आरोप न्यायिक प्रणाली की छवि बिगाड़ रहेः हाईकोर्ट

**विधि सवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में न्यायिक प्रक्रिया को मजाक समझने वाले लोगों के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नतीजों से जरा भी डरे बिना अदालतों पर आरोप लगाने की प्रवृत्ति को न्याय प्रशासन के व्यापक हित में नहीं देखा जा सकता है। इसे सख्ती से खत्म किया जाना चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि जिन आरोपों के आधार पर मामले के स्थानांतरण की मांग की जाती है, वे नागरिकों के बीच न्यायालय के अधिकार और नैतिक ईमानदारी को खराब दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करते हैं, जिससे न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ ने अलियारी नामक महिला की पुनरीक्षण याचिका को 20 हजार रुपए के जुर्माने के साथ खारिज करते हुए पारित किया, साथ ही पुनरीक्षणकर्ता को आदेश की तिथि से 15 दिनों के भीतर महानिबंधक के पक्ष में बैंक दस्तावेज के माध्यम से धनराशि जमा करने का निर्देश दिया। दरअसल महिला पुनरीक्षणकर्ता ने वर्तमान याचिका जिला न्यायाधीश, चंदौली के एक आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की थी।

# संभल के दंगल में क्या खिलेगा कमल!

**रामपुर, अमरोहा और मुरादाबाद जैसी सीटों से सटे हुए संभल लोकसभा क्षेत्र को सपा का गढ़ माना जाता है। यहां से सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और उनके भाई प्रोफेसर रामगोपाल यादव चुनाव लड़कर सांसद बने थे।**



मनोज त्रिपाठी


करीब 19 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर 48 फीसदी मुस्लिम और 10 फीसदी यादव वोटों के चलते सपा चार बार चुनाव जीत चुकी है। दो बार बसपा का भी हाथी भी कामयाब रहा है। हालांकि 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने यहां सारे जातीय समीकरण ध्वस्त करते हुए भगवा लहरा दिया था। पहले की तरह इस बार भी सपा की सारी उम्मीदें यहां मुस्लिम-यादव समीकरण पर ही टिकी हैं जबकि भाजपा रालोद से गठबंधन की ताकत के बीच मोदी-योगी के नाम और काम के सहारे तथा जातीय सेंधमारी करके कमल खिलाने में लगी है। हालांकि सपा की वोटों की रणनीति में इस बार जानकारों के मुताबिक बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी स्पीड ब्रेकर बनता नजर आ रहा है। संभल लोकसभा सीट से सपा ने पहले मौजूदा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन 27 फरवरी को उनका निधन हो जाने के बाद अखिलेश यादव ने उनके पौत्र व कुंदरकी के विधायक जियाउर्रहमान बर्क को प्रत्याशी घोषित कर दिया था। भाजपा ने इस सीट पर एक बार फिर से परमेश्वर लाल सैनी पर भरोसा जताया है। सैनी 2019 का चुनाव 1.74 लाख मतों से सपा के शफीकुर्रहमान बर्क से हार गए थे। बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी सौलत अली इस सीट पर सपा के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। बसपा संभल सीट दो बार जीत चुकी है। 1996 में उसके टिकट पर डीपी यादव और 2009 में शफीकुर्रहमान बर्क जीते थे।

### 2014 का परिणाम

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | मत% |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सत्यपाल सिंह सैनी | 3,60,242 | 34.08% |
| सपा | शफीकुर रहमान बर्क | 3,55,068 | 33.59% |
| बसपा | अकील उर रहमान खान | 2,52,640 | 23.90% |
| आरपीडी | डीपी यादव | 36,134 | 3.42% |
| कांग्रेस | प्रमोद कृष्णम | 16,034 | 1.52% |



### 2019 का जनादेश




| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सपा | शफीकुर रहमान बर्क | 658,006 |
| भाजपा | परमेश्वर लाल सैनी | 4,83,180 |
| कांग्रेस | मेजर जगत पाल सिंह | 12,105 |

**सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन के बाद मैदान में उतरे उनके पौत्र विधायक जियाउर्रहमान की राह में बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी बन रहा स्पीड ब्रेकर**

**1989** से 2004 तक हुए छह चुनावों में यहां यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे

- पिछले चार दशक से इस लोकसभा क्षेत्र में जीत दर्ज करने को तरस रही है कांग्रेस
- बहुजन समाज पार्टी 1996 व 2009 में संभल सीट पर फहरा चुकी विजय पताका

**1998** और 99 में मुलायम सिंह यादव और 2004 में भाई रामगोपाल जीत थे चुनाव

### आधी आबादी के पास भी किस्मत की चाबी

संभल सीट पर महिला मतदाता महत्वपूर्ण हैं। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में महिला वोटरों की संख्या 8,82,282 है। चंदौसी विधानसभा में सबसे ज्यादा 1,83,072 महिला मतदाता किसी एक प्रत्याशी की तरफ झुकने पर परिणाम बदलने की ताकत रखती हैं। भाजपा के लिए राहत की बात है कि इस सीट से उसकी विधायक गुलाब देवी प्रदेश में मंत्री हैं।

### चार दशक से कांग्रेस को जीत का इंतजार

- संभल लोकसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आई थी। पहला चुनाव जनता पार्टी के टिकट पर लोकदल प्रत्याशी ने जीता। इसके बाद 1980 और 1984 में कांग्रेस को विजय मिली। इसके बाद से संभल सीट पर कांग्रेस को जीत का इंतजार है। यादव परिवार का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर 1989 से 2004 तक लगातार छह चुनावों में यादव बिरादरी के नेता ही जीतते रहे। 1989 और 1991 में जनता दल के टिकट पर श्रीपाल यादव चुनाव जीते। वर्ष 1998 और 1999 में यह सीट हाई प्रोफाइल बन गई जब मुलायम सिंह यादव ने यहां से चुनाव जीता था। 2004 में प्रो. रामगोपाल यादव चुनाव जीते थे।
- साल 2009 में सपा ने यहां से इकबाल महमूद को टिकट दिया था। उस समय डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क सपा में थे और मुरादाबाद सीट से सांसद थे। उनकी और इकबाल महमूद के परिवार में लंबे समय से राजनीतिक अदावत थी। इसी कारण नाराज शफीकुर्रहमान बर्क बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और इकबाल महमूद को हराकर सांसद बने थे। इससे सबक लेकर 2014 में सपा ने डॉ. बर्क को ही प्रत्याशी बनाया। लेकिन मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सैनी के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में डॉ. बर्क ने आरोप लगाया था कि इकबाल महमूद के समर्थकों ने उनका विरोध किया। साल 2019 में भी दोनों खेमों में बगावत सामने आई, लेकिन सपा-बसपा का गठबंधन होने के कारण डॉ. बर्क को बड़े अंतर से जीत मिली।

**19** लाख के आसपास मतदाता हैं इस सीट पर

**48%** इस लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता

**11%** प्रतिशत माने जाते हैं यादव बिरादरी के वोटर


**20%** आंकड़ा माना जाता है यहां दलित वोटर का

### पांच विधानसभा सीटों में चार पर सपा काबिज, एक भाजपा के पास

- संभल लोकसभा सीट में जो पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं, उनमें कुंदरकी, बिलारी, असमोली व संभल सीट पर सपा का कब्जा है जबकि चंदौसी सीट भाजपा के पास है। चंदौसी से माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी विधायक हैं।

### युवा और बुजुर्ग सांसद का रिकार्ड संभल लोकसभा क्षेत्र के ही नाम पर

- वर्ष 1980 में संभल लोकसभा सीट से सबसे युवा सांसद कांग्रेस के टिकट पर विजेंद्र पाल सिंह यादव बने थे। इसके बाद सबसे बुजुर्ग सांसद सपा के टिकट पर वर्ष 2019 में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क बने और सांसद रहते हुए ही 94 साल की उम्र में उनका बीमारी से निधन हुआ।




### भाजपा ने सपा से सीट छीनने के लिए जीत का समीकरण बनाया

- भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर सैनी को सैनी बिरादरी के डेढ़ लाख वोट एकमुश्त मिलने की उम्मीद है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी उनके लिए सैनी बिरादरी मतों को गोलबंद कर गए हैं। सैनी मतों के बाद परमेश्वर की कोशिश तीन लाख से अधिक दलित मतदाताओं में सेंधमारी की है। माना जा रहा है, यदि दलित मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में वोट किया और मुस्लिम वोट बंट गए तो भाजपा के लिए अपने परंपरागत मतों के साथ मोदी के नाम और काम के सहारे जीत की राह खुल सकती है।



# कम मतदान से चौकन्ना दलों ने किया अब नए सिरे से माइक्रो मैनेजमेंट

**दूसरे चरण की तैयारी**

**1977** से अब तक चार चुनावों में मतदान कम होने पर बदल गई सरकार पर एक बार नहीं हुआ सरकार को कोई खतरा

चुनाव डेस्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर कम मतदान की घबराहट भाजपा, सपा और बसपा को चैन नहीं लेने दे रही है, तो राजनीतिक विश्लेषक भी किसी सर्वमान्य नतीजे पर पहुंचने में नाकाम नजर आ रहे हैं। फिलहाल दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रमुख दल ज्यादा से ज्यादा वोटिंग कराने की रणनीति बनाने में जुटे हैं। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस ने नए सिरे से अपनी चुनावी टीम को जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारियों को नए सिरे से ज्यादा वोटिंग के संदेश पहुंचाए जा रहे हैं।

दिग्गजों के बूथों पर भी नहीं पड़े बंपर वोट, अब माइक्रो मैनेजमेंट

राजनीतिक दलों ने पहले चरण के मतदान का हिसाब-किताब लगाने पर पाया है कि ज्यादातर दिग्गजों, मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों और यहां तक कि संगठन के बड़े पदाधिकारी भी अपने अपने बूथों पर बंपर वोटिंग कराने में नाकाम साबित हुए हैं। इसी कारण सभी दलों की चुनाव संचालन समिति और थिंक टैंक ने रणनीति में बदलाव करते हुए माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर देना शुरू कर दिया है।

**जोश बनाए रखने के लिए बताया जा रहा दूसरे का नुकसान:** पहले चरण में मजबूत पकड़ होने का दावा करने वाली भाजपा और सपा का कम मतदान से मायूसी हाथ लगने के साथ संभावित परिणाम को लेकर गणित गड़बड़ा गया है। हालांकि हर दल अपना जोश बरकरार रखने के लिए आरोप-प्रत्यारोप के तहत कम मतदान से दूसरे का नुकसान बता रहा है। विपक्ष जहां इसे भाजपा के लिए खतरे की घंटी बता रहा है तो भाजपा नेता जनता द्वारा विपक्ष की चुनौती नाकारा जाना बता रहे हैं। हालांकि राजनीतिक जानकार कम मतदान को सभी दलों के लिए अच्छा संकेत नहीं बता रहे हैं। एक आंकड़ा यह भी आया है कि 1977 से लेकर अब तक चार चुनाव में वोटिंग कम हुई तो सरकारें बदल गईं। सिर्फ एक बार वोटिंग कम होने पर भी सरकार नहीं बदली थी।

इस बीच चुनाव आयोग ने भी जिला प्रशासनों को मतदान बढ़ाने के उपाय तेज करने को कहा है। भाजपा ने अपने मिशन 80 को देखते हुए बूथ पर सक्रियता बढ़ाने को कहा है। पन्ना प्रमुखों को हर बूथ पर मजबूती से तैनात रहने को कहा गया है। अब हर बूथ से वोटर निकलने का नया लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ संगठन के पदाधिकारियों को हर जिले में नए सिरे से जिम्मा दिया जा रहा है।

# बसपा के लिए लालगंज सीट बचाने की चुनौती

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार।** लालगंज संसदीय सीट इस पर बसपा के लिए नाक का सवाल है। 2019 में इस सीट पर कब्जा जमाने वाली भाजपा ने इस बार नए चेहरे को मैदान में उतारा है। जबकि पार्टी की सांसद सीमा आजाद ने टिकट न मिलने की वजह से ही भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा ने यहां से 2014 की मोदी लहर में जीतीं नीलम सोनकर पर फिर से विश्वास जताया है। जबकि सपा से पूर्व सांसद दरोगा प्रसाद सरोज तो बसपा से डॉ. इंदु चौधरी मैदान में हैं।

वैसे तो लालगंज सुरक्षित सीट पर कभी बसपा तो कभी सपा का कब्जा रहा, लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो भाजपा की नीलम सोनकर ने यहां अच्छे- खासे मतों से जीत दर्ज की। भाजपा ने इसीलिए 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें मैदान में उतारा पर पार्टी की अंतरकलह और सपा- बसपा के गठजोड़ की वजह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। नीलम को इस सीट पर सीमा आजाद ने हराया। इस बार सीमा आजाद को उम्मीद थी कि बसपा प्रमुख मायावती उन्हें दोबारा मैदान में उतारेंगी पर ऐसा नहीं हो सका। पार्टी ने उनका टिकट काटकर डॉ. इंदु चौधरी को अपना चेहरा बना दिया। सीमा ने पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। इसे बसपा के लिए बड़ा झटका माना गया। इस बार सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। सीट सपा के खाते में है। पार्टी ने यहां से दो बार सांसद रह चुके दरोगा सरोज पर फिर से विश्वास जताया है।

अगर यहां हुए संसदीय चुनावों में जीत की बात करें तो चार बार बसपा, तीन बार कांग्रेस, जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी दो- दो बार, भाजपा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी को एक- एक बार जीत मिली। जनता दल ने भी दो बार यहां से परचम लहराया।




- **बसपा सांसद भाजपा के खेमे में जा चुकी हैं**
- **पूर्व सांसद पर भाजपा ने लगाया है इस बार दांव**

### पांचों विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- लालगंज संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं। सभी सीटें आजमगढ़ जिले में ही पड़ती हैं। विधानसभा सीटों में अतरौलिया, निजामाबाद, फूलपुर- पवई, दीदारगंज और लालगंज सीटें शामिल हैं। खास बात यह है कि सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी का ही कब्जा है।

# चार सीटों पर कांग्रेस की दांव पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इस चरण में आठ सीटों पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। कांग्रेस सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर इसी चरण में मैदान में है। गठबंधन के तहत सपा बाकी चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर मैदान में हैं। कांग्रेस ने गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली के रूप में मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतार रखा है। मथुरा की सामान्य सीट पर कांग्रेस ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगाया है, तो बुलंदशहर में शिवलाल वाल्मीकि को उतारा है। अब पार्टी चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रही है।



- मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर सपा के साथ गठबंधन में पार्टी लड़ रही चुनाव

इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद पार्टी ने गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। वहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में कांग्रेस बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता ही नहीं खुला है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रही थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी चुनौती देने की कोशिश करती नजर आ रही है।

### 'सीता' का रोड शो



मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में टीवी सीरियल रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखालिया और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी ने रोड शो किया।

**कन्नौज लोकसभा सीट** | सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की चुनौती दरकिनार कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का चुनाव नहीं लड़ने का फैसला

# सपाइयों को लगा झटका, भाजपा को आसान दिख रहा रास्ता

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लेकर सपा कार्यकर्ताओं को जोरदार झटका दिया है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक द्वारा निरंतर दी जा रही चुनौती को दरकिनार करते हुए सपा अध्यक्ष ने खुद को देश भर में प्रचार के लिए खाली रखने का फैसला लिया है। अखिलेश यादव के इस फैसले से सपा खेमे में मायूसी है। माना जा रहा है कि इस निर्णय ने भाजपा की राह इस सीट पर आसान कर दी है।

अभी तक प्रत्याशी की घोषणा न होने तथा अखिलेश द्वारा बार-बार कन्नौज से फिर से चुनाव लड़ने की संकेत देने से सपा कार्यकर्ता इस बार जीत का ताना-बाना बुनने में जुटे थे। माना जा रहा था कि 2019 के चुनाव में हुई पत्नी डिंपल यादव की हार का बदला लेने के लिए अखिलेश यादव इस बार कन्नौज के मैदान में ताल अवश्य ठोंकेंगे। इस भरोसे के दम पर ही सपाई खेमे में नामांकन से लेकर प्रचार तक की रणनीति बनाई जा रही थी। हालांकि विधानसभा चुनाव 2022 में सपा के हाथ से कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ और रसूलाबाद विधानसभा चली गईं थीं। केवल बिधूना सीट पर ही 'साइकिल' दम दिखा सकी थी। कन्नौज विधान सभा क्षेत्र जिसे सपा के लिए अभेद्य माना जाता था, उसे भी नौकरी से इस्तीफा देकर आए आईपीएस अधिकारी भाजपा प्रत्याशी असीम अरुण ने छीन लिया था। हालांकि जीत का अंतर जिले की तीनों विधानसभाओं में खासा कम रहा था। लंबे समय से कन्नौज सपा का गढ़ रहा है, लेकिन 2019 से यह वर्चस्व खत्म हो गया। ऐसे में यह चुनाव कन्नौज में सपा के अस्तित्व की लड़ाई का माना जा रहा है। सपाई भाजपा की चुनौती से मुकाबले के लिए अखिलेश को अजेय प्रत्याशी मान रहे थे। राजनीतिक पंडित भी मान रहे थे कि सांसद व भाजपा प्रत्याशी से नाराज जनता चौंकाने वाला फैसला ले सकती है। लेकिन तेज प्रताप यादव के रूप में नये चेहरे की घोषणा से गणित गड़बड़ाता दिख रहा है। सपा के ही एक वरिष्ठ नेता की माने तो यह निर्णय पार्टी के भविष्य को लेकर आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। उनका कहना है कि भाजपा से नाराज लोधी वोट तेजी से सपा की तरफ रुख कर रहा था। इस फैसले से इस वोट को भी झटका लगना तय है। उन्होंने यहां तक कहा कि पार्टी का यह फैसला कहीं न कहीं भाजपा के लिए राह आसान करने वाला है। हालांकि बताया यह जा रहा है कि मौजूदा समय में अखिलेश नेता प्रतिपक्ष हैं तथा पीडीए के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए खुद को खाली रखना चाहते हैं। इसलिए पार्टी के व्यापक हित और विधानसभा में अपनी जिम्मेदारी को देखते हुए लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है।





- परिवार के प्रतिनिधि के तौर पर बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के दामाद तेज प्रताप पर सपा ने लगाया दांव
- कभी सपा का गढ़ रहे कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की चार विस सीटों पर भाजपा ने जमा रखा है कब्जा

### 20 साल से परिदृश्य से गायब है कांग्रेस

- इस बार तो कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और पीडीए के बैनर पर चुनाव लड़ा जा रहा है। कन्नौज की सीट सपा के खाते में है तो कांग्रेसी साइकिल को ही मजबूती प्रदान करेंगे। लेकिन इस बार भी ईवीएम में 'हाथ' का निशान नहीं दिखने से कांग्रेसी निराश हैं। आखिरी बार कांग्रेस के चुनाव निशान पर 2004 में विनय शुक्ला ने चुनाव लड़ा था। उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से 20 साल से कन्नौज में हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस से प्रत्याशी मैदान में ही नहीं आया।

### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक--985 फ्लैग- 1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 84300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55900-56100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,550 |
| सोना रवा | 75,400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,700 |
| चांदी (999) | 83,600 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74300 |
| सिल्वर (पक्की) | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,400 |
| चांदी आभूषण | 83,300 |

### हल्द्वानी मंडी

चावल :शरबती- 67-75 मसूरी- 50 बासमती- 102 दाल दलहन : काला चना- 78 साबुत चना दाल- 75-90 मूंग साबुत- 125-130 राजमा- 137-145 दाल उड़द- 115 साबुत मसूर दाल- 105 मसूर दाल- 80-105 उड़द साबुत- 125-140 काबुली चना- 115-130 अरहर दाल- 170 लोबिया/करमानी- 125 सोयाबीन- 72 मूंगफली- 70 मटर (सूखी)- 55-64 मक्का- 22

### आईएफसीआई में सरकार ने 500 करोड़ की पूंजी डाली

**नई दिल्ली।** आईएफसीआई लि. ने कहा कि सरकार को तरजीही आधार पर इक्विटी शेयर जारी करने से उसे 500 करोड़ की पूंजी मिली है। शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने कहा, सरकार को 12,39,77,188 शेयरों का आवंटन 18 अप्रैल को किया गया है।

# सेंसेक्स ने 560 अंकों की लगाई छलांग निफ्टी भी 22,300 के हुआ पार

## एशियाई-यूरोपीय बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी से घरेलू सूचकांक में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों की खरीदारी आने से सोमवार को घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक उछलकर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 560.29 अंक यानी 0.77 प्रतिशत चढ़कर 73,648.62 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में यह 679.47 अंक बढ़कर 73,767.80 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 189.40 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।



सेंसेक्स समूह में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.93 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड में सर्वाधिक 2.53 प्रतिशत, औद्योगिक उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.65 प्रतिशत की बढ़त रही।

### भू-राजनीतिक तनाव कम होने से बदला बाजार का रुख

एचडीएफसी सिक्योरिज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के नरम पड़ने से सोमवार को अधिकांश वैश्विक बाजारों में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट निचले स्तर पर बंद हुआ। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को मिश्रित रुख के साथ बंद हुए थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया के तनाव में कुछ राहत मिलने से भारतीय बाजार ने पिछले शुक्रवार के सुधारात्मक रुख को जारी रखा। मझोली और छोटी कंपनियों के प्रति नए सिरे से रुझान बढ़ने से पुनरुद्धार सभी क्षेत्रों में देखा गया। कच्चे तेल की कीमतों में कुछ राहत दिखी है लेकिन अभी भी यह ऊंचे स्तर पर बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.80 प्रतिशत गिरकर 86.59 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## जोमैटो ने मंच शुल्क बढ़ाकर प्रति ऑर्डर पांच रुपये किया

**नई दिल्ली।** होटल से खाना ऑर्डर की सुविधा देने वाला ऑनलाइन मंच जोमैटो ने चुनिंदा बाजारों में अपने शुल्क को 25 प्रतिशत बढ़ाकर चार से पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया है। कंपनी के ऐप के मुताबिक उसने अपनी अंतर-शहरी फूड डिलिवरी सर्विस इंटरसिटी लीजेंड्स को भी रोक दिया है। जोमैटो के प्रवक्ता ने कहा कि यह कारोबारी कदम है जिन्हें हम समय-समय पर विभिन्न कारकों के आधार पर लेते हैं। सूत्रों के मुताबिक मंच शुल्क में बढ़ोतरी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहरों में लागू होगी। जोमैटो ने पिछले साल अगस्त में प्रति ऑर्डर मंच शुल्क पिछले अगस्त से लेना शुरू किया था। उस समय यह दो रुपये प्रति ऑर्डर था। इससे धीरे-धीरे बढ़ाकर अब पांच रुपये प्रति ऑर्डर कर दिया गया है।

# सौर क्षेत्र में वित्तपोषण 4% घटकर 8.1 अरब डॉलर पर

- **अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक रहा**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऊंची लागत और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े मसले के कारण जनवरी-मार्च अवधि में वैश्विक स्तर पर सौर क्षेत्र में कंपनियों का वित्तपोषण चार प्रतिशत घटकर 8.1 अरब डॉलर रह गया।

अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने सोमवार को रिपोर्ट में कहा कि सौर क्षेत्र में पिछले साल की समान तिमाही में 8.4 अरब डॉलर का निवेश आया था। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में आए 5.5 अरब डॉलर के निवेश की तुलना में मार्च तिमाही में वित्तपोषण 47 प्रतिशत अधिक रहा। मेरकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने कहा कि सौर क्षेत्र अनिश्चितता और चुनौतीपूर्ण निवेश का सामना कर रहा है। यह क्षेत्र कई बाधाओं से जूझ रहा है, जिसमें लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की आशंका, मुद्रास्फीति से निर्माण एवं श्रम की लागत बढ़ने और व्यापार विवादों एवं सीमा शुल्क के साथ आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में इकोफी ने 1.08 करोड़ डॉलर का निवेश पाया, इनसोलार ने 80 लाख डॉलर जुटाए, और मेटाफिन ने उद्यम पूंजी (वीसी) वित्तपोषण से 50 लाख डॉलर की इक्विटी वित्त जुटाया। घरेलू ऋण वित्तपोषण खंड में रिन्यू ने 28.83 करोड़ डॉलर मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का पुनर्वित्तपोषण किया। एम्पइन एनर्जी ट्रांजिशन ने 2.69 करोड़ डॉलर का निवेश जुटाया जबकि हस्क पावर सिस्टम्स को दो करोड़ डॉलर मिले।

# आवासीय परियोजनाओं में 1500 करोड़ निवेश करेगी एक्सपीरियन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आवासीय संपत्तियों की मांग में तेज वृद्धि के बीच रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स अपनी विस्तार योजनाओं के तहत नोएडा में लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

गुरुग्राम स्थित एक्सपीरियन डेवलपर्स ने अपनी नई परियोजना 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा के साथ पंजीकृत किया है। यह एक्सपीरियन होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एक्सपीरियन डेवलपर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नागराजू राउथू ने कहा कि कंपनी नोएडा में प्रवेश



कर रही है, जो दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में महत्वपूर्ण रियल एस्टेट बाजार है। कंपनी ने आवासीय परियोजना को विकसित करने के लिए नीलामी प्रक्रिया के जरिए राज्य सरकार से जमीन खरीदी है। निवेश के बारे में पूछे जाने पर राउथू ने कहा कि यह करीब 1500 करोड़ है। इस परियोजना में 3बीएचके अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

## टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को सीईओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** टाटा पावर-डीडीएल ने गजानन एस. काले को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि काले ने 19 अप्रैल को सीईओ का पद संभाल लिया था। टाटा पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि मैं गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं। बिजली वितरण के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले काले निश्चित तौर पर टाटा पावर-डीडीएल को कामयाबी की नई बुलंदियों पर ले जाएंगे।

टाटा पावर के अध्यक्ष (टी एंड डी) संजय बांगा ने कहा कि गजानन वितरण क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं मुझे पूरा यकीन है कि उनके नेतृत्व में टाटा पावर-डीडीएल उद्योग जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेगी। बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का संयुक्त उद्यम है।

# भारत के लिए 7% की वृद्धि दर को बनाए रख पाना संभव

- **विनिर्माण व बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से आर्थिक वृद्धि दर 8% रहने की संभावना**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिडे ने सोमवार को कहा कि अनुकूल मानसून, उच्च कृषि उत्पादकता और बेहतर वैश्विक व्यापार के दम पर चालू वित्त वर्ष और उसके बाद भी भारत के लिए सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को बनाए रख पाना मुमकिन है। हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विनिर्माण और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की वजह से आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत रहने की संभावना है।

भिडे ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि को अनुकूल मानसून और बेहतर वैश्विक व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र से भी समर्थन मिलने की संभावना है। सात प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना संभव लगता है। लंबी अवधि में खाद्य मूल्य स्थिरता हासिल करने के लिए उत्पादकता में सुधार की जरूरत प्रमुख कारक बनी रहेगी। सजग करने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों के बारे में पूछे जाने पर एमपीसी सदस्य ने कहा कि चिंता का एक क्षेत्र वैश्विक परिवेश है। वैश्विक मांग में सुधार की गति धीमी है और आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान है। यदि मौजूदा भू-राजनीतिक संघर्षों को जल्द खत्म नहीं किया गया तो यह मांग के साथ लागत कीमतों के मामले में भी बड़ी चुनौती पैदा करेगा।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

### उत्तरी दिल्ली में गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में चार हमलावरों ने सोमवार को गोगी गिरोह के सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि नरेन्द्र मलिक को छह से सात गोलियां लगीं और एसआरएचसी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि यह गैंग वार का मामला है क्योंकि नरेन्द्र गोगी गिरोह का था। दोपहर दो बजे मलिक तरुण और अमित के साथ दयाल मार्केट में टाटा एस वाहन में बैठा था, तभी चार लोग बाइक से आए और उन्होंने मलिक पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अमित वहां से भाग निकला जबकि तरुण के पैर में चोट लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। डीसीपी ने कहा कि मलिक 2017 में हुई लूट और 2019 में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले में शामिल था। हमने जांच के लिए छह टीम गठित की हैं। तरुण के पुलिस रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। हमें महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। हम घटना की सीसीटीवी फुटेज हासिल कर रहे हैं और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में श्रीनगर में नौ स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** एनआईए ने आतंकवाद से जुड़े मामले में सोमवार को श्रीनगर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए अधिकारियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर कार्रवाई की। एजेंसी 2022 में दर्ज किए गए मामले के तहत आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों से संबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मामले में संदिग्ध लोग द रेसिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े हैं, जो लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा है। लश्कर और टीआरएफ दो प्रतिबंधित संगठन हैं और ये संगठन कश्मीरी युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल होने के लिए लगातार उकसाने में शामिल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों संगठन युवाओं को बहला-फुसला कर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तैयार करते हैं और ये संगठन ट्विटर, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय हैं।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से गड़िया (18) की मौत हो गई। पटेलपारा मुतवेंडी गांव का रहने वाला गड़िया 20 अप्रैल को मुतवेंडी गांव से तीन किमी दूर किसी काम से गया था कि तभी वह नक्सलियों द्वारा लगाए आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पिछले दिनों नैमेड थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से एक अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली जंगल के रास्तों में आईईडी लगा देते हैं, जिसमें ग्रामीण भी हताहत होते हैं।

### पंजाब पुलिस ने तस्कर को किया गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गमदूर सिंह उर्फ विक्की के साथ अंतर्राज्यीय हथियार कार्टेल चलाने वाले मलकीत सिंह उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया और उनके पास से छह पिस्तौल, 10 कारतूस और 10 मैगजीन बरामद कीं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि आरोपी मलकीत सिंह उर्फ नवाब गोपी घनशामपुरिया और हैरी चड्ढा गिरोह का सहयोगी और सदस्य है। नवाब के खिलाफ पहले से ही लगभग 30 आपराधिक मामले दर्ज हैं, और गिरोह से अब तक लगभग 100 अवैध हथियार बरामद किये गये हैं।

# बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लिए 2016 की भर्ती परीक्षा रद

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने चयन प्रक्रिया से हुई नियुक्तियों को अमान्य करार दिया

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन प्रक्रिया के जरिए हुई नियुक्तियों को रद करते हुए सोमवार को इसे अमान्य करार दे दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने सीबीआई को नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया।

24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 2016 एसएलएसटी परीक्षा दी थी। कुछ याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि 25,753 नियुक्ति पत्र जारी हुए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक के कुछ अपीलकर्ताओं के अनुरोध को रद कर दिया। एसएससी अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि आयोग पूरा आदेश पढ़ने के बाद उच्चतम न्यायालय में अपील करेगा और उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद




- **24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा और 25,753 नियुक्ति पत्र किए गए थे जारी**

उसके परिसर के बाहर इंतजार कर रहे सैकड़ों आकांक्षी खुशी में रो पड़े। उनमें से एक ने कहा कि हम इस दिन का इंतजार कर रहे थे। सड़कों पर किए संघर्ष के बाद आखिरकार न्याय मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित खंडपीठ ने एसएलएसटी-2016 के जरिए नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के शिक्षकों तथा ग्रुप-सी और डी पदों पर एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित कई याचिकाओं तथा अपीलों पर सुनवाई की। सुनवाई 20 मार्च को पूरी हुई थी और पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने एसएलएसटी-2016 में बैठे लेकिन नौकरी न पाने वाले अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था।

### पूर्व न्यायाधीश गंगोपाध्याय ने मुख्यमंत्री ममता के इस्तीफे की मांग की



**तामलुक।** हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने अदालत के फैसले को उचित करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की मांग की। गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। गंगोपाध्याय ने कहा कि राज्य प्रशासन में घोटाला करने वाले पूरे समूह को फांसी दे देनी चाहिए।

### उच्च न्यायालय का आदेश अवैध, इसे चुनौती देंगे: ममता बनर्जी



**रायगंज।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं नियुक्तियों को रद करने के हाईकोर्ट के आदेश को अवैध करार देते हुए कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में चुनावी रैली में भाजपा पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया।

# धुएं से लोगों को सांस लेने में हो रही है दिक्कत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में लगी आग से निकलने वाले जहरीले धुएं से लोगों ने सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की। भीषण आग लगने के कुछ घंटों बाद भी सोमवार को धुएं का गुबार उठ रहा है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, कचरे के पहाड़ से उत्पन्न गैस से रविवार शाम 'लैंडफिल' में आग लग गई। दमकल सेवा के महानिदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूटने से टिन पैनल से बनी दीवार भी गिर गई। पोल्ट्री मार्केट की तरफ कई मीटर लंबी दीवार खड़ी की गई थी। घड़ोली के ग्रामीणों ने बताया कि 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं बहुत जहरीला है। हम जलन से आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। धुएं से वे बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं।

### लैंडफिल में आग

#### पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट मांगी

दिल्ली सरकार ने आग की वजहों और गर्मियों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए कार्य योजना पर पर्यावरण विभाग से रिपोर्ट देने का सोमवार को निर्देश दिया। राय द्वारा जारी आदेश में पर्यावरण और वन विभाग के प्रधान सचिव को 48 घंटे में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

#### घटना की जांच होगी: आतिशी

आतिशी ने कहा कि लैंडफिल साइट में लगी आग के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। कल उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने साइट का दौरा किया था। आज महापौर शैली ओबेरॉय स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल का दौरा करेंगी। दमकल की गाड़ियां रात भर घटनास्थल रहीं और आग पर काबू पा लिया है।

#### पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, गाजीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मणिपुर के 11 केंद्रों पर पुनर्मतदान में हुए 37.54 प्रतिशत मतदान

- **शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति के कारण इन केंद्रों पर मतदान हुआ था प्रभावित**
- **आयोग ने 19 अप्रैल को अमान्य घोषित कर पुन: मतदान कराने का दिया था निर्देश**

**इंफाल, एजेंसी**

इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर पूर्वाह्न 11 बजे तक हुए पुनर्मतदान में 37.54 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को इन मतदान केंद्रों पर कराए गए मतदान को अमान्य घोषित कर दिया था, जिसके बाद आयोग के निर्देश के बाद नये सिरे से इन केंद्रों पर मतदान कराने का निर्णय लिया गया।

निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा कि सभी 11 केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए सुबह से ही कतार में खड़े हुए हैं। शुक्रवार को दंगे जैसी स्थिति से इन मतदान केंद्रों पर मतदान प्रभावित हुआ था। सोमवार को अब तक किसी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा होने की सूचना नहीं मिली है। वहीं इन केंद्रों पर पुनर्मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ।

संघर्ष ग्रस्त मणिपुर में कुछ मतदान केंद्रों पर गोलीबारी, तोड़-फोड़, ईवीएम को नष्ट करने और बूथ पर कब्जा करने के आरोपों की घटनाएं सामने आईं थी। शुक्रवार को इनर मणिपुर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट पर 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। वहीं इन घटनाओं के निर्वाचन आयोग ने इन केंद्रों पर दोबारा से मतदान कराने का निर्देश राज्य निर्वाचन अधिकारी को दिया था।

### अरुणाचल प्रदेश में आठ केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश

**ईटानगर।** निर्वाचन आयोग ने अरुणााचल प्रदेश में आठ केंद्रों पर पुन: मतदान कराने का आदेश दिया है जहां 19 अप्रैल को एकसाथ कराये लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी और हिंसा होने की जानकारी सामने आयी थी। उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी लिकेन कोयु ने कहा कि आयोग के रविवार के आदेश में इन आठ केंद्रों पर मतदान को अमान्य घोषित किया और 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर दो बजे तक नए सिरे से मतदान कराने का आदेश दिया।

## झारखंड के प. सिंहभूम में 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव से पहले प. सिंहभूम जिले में प्रशासन ने 3.24 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया है। माओवाद प्रभावित सिंहभूम जिले में 13 मई को मतदान होगा। जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि चुनाव से पहले सघन अभियान शुरू कर 2162 किग्रा चूरापोस्त (मादक पदार्थ) जब्त किया है। एसपी आशुतोष शेखर के साथ चौधरी ने मादक पदार्थ एवं अवैध धन के प्रसार पर रोक लगाने के लिए अभियान की अगुवाई की। वाम चरमपंथ से प्रभावित जिलों में पिछले साल 46 माओवादी घटनाओं में 22 लोगों की जान गयी थी।

# कर्नाटक में मुस्लिम समुदायों ने नेहा के हत्यारोपी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**धारवाड़ (कर्नाटक), एजेंसी**

कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या के मामले में सोमवार को मुस्लिम पुरुष और महिलाएं सामने आईं और हिंदू मृतक छात्रा के परिवार का समर्थन करते हुए अपने ही समुदाय के आरोपी फैयाज खोंडुनाईक के खिलाफ प्रदर्शन किया।

हिरेमथ के परिवार के साथ एकजुटता दिखाने और इस नृशंस कृत्य की निंदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की दुकानें आधे दिन के लिए बंद रहीं। दुकानदारों ने पोस्टर लगाया जिस पर लिखा था, नेहा हिरेमथ को न्याय दो। अंजुमन-ए-इस्लाम की धारवाड़ इकाई के नेतृत्व में मुस्लिम छात्रों ने भी बैनर और तख्तियां लेकर शहर में एक मार्च निकाला, जिन पर लिखा था, एक मनुष्य की हत्या मानवता की हत्या के बराबर है और छात्राओं का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। चूंकि भाजपा भी नेहा हत्याकांड के खिलाफ अपने राज्यव्यापी विरोध के तहत शहर में प्रदर्शन कर रही है इसलिए इस दौरान आरक्षित पुलिस बलों की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# महिला पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव के आरोप में 7 पर केस

- **कर्नाटक में मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने पीड़िता से किया दुष्कर्म, लीं तस्वीरें**

**बेलगावी, एजेंसी**

कर्नाटक में मुस्लिम दंपति सहित सात लोगों पर विवाहित महिला को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है। आरोपियों ने महिला को धमकी दी कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानीं, तो वे उसकी तस्वीरें वायरल कर देंगे। पीड़िता की शिकायत पर सौंदत्ती में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।

पीड़िता के अनुसार जो हिन्दू और विवाहित है, मुख्य आरोपी रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उनसे दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला से यौन संबंध बनाए और तस्वीरें लीं, जिनका इस्तेमाल कर उसे धर्म परिवर्तन के लिए ब्लैकमेल किया गया। रफीक ने उस पर अपने पति से तलाक लेने, धर्म बदलने के लिए राजी नहीं होने पर तस्वीरों को वायरल करने, मारने की धमकी दी। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने कहा कि दंपति ने बुर्का पहनाया और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। संदिग्धों ने महिला को बेलगावी में रहने और आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर किया था।

### कर्नाटक पुलिस को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक में महिला से दुष्कर्म और धर्मांतरण पर राज्य पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिन में जवाब देने को कहा है। आयोग ने बताया कि कर्नाटक में 28 वर्षीया महिला से दुष्कर्म और बलपूर्वक धर्मांतरण की खबरें मीडिया में हैं जो चिंताजनक और निंदनीय हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मामले को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है और तीन दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने को कहा है। आयोग ने कहा है कि कर्नाटक में महिलाओं के बलपूर्वक धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे है।



**आज का मुकाबला**
चेन्नई बनाम लखनऊ
समय : शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 06 | 324 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| हर्षल पटेल | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |

# हार से ऊर्जा और खिताब पाने की मिली प्रेरणा : गुकेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद चेन्नई के 17 वर्षीय युवा ने रचा इतिहास



अधिकांश खिलाड़ियों के लिये जीत सबसे बड़ी प्रेरणा होती है लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चैंपियन बनने की प्रेरणा मिली।

चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने चौदहवें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह इस साल के आखिर में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गुकेश ने टोरंटो से कहा कि मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन विश्राम का था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है।

गुकेश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे ही भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पोरोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा चैलेंजर बने थे। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा शुरू ही से फोकस प्रक्रिया पर भरोसा करने पर, सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे।

### खुश हूं, इत्मीनान है कि आखिरकार जीत गया

यह पूछने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है, गुकेश ने कहा यह खूबसूरत पल था। मैं बहुत खुश था और इत्मीनान है कि आखिर जीत गया। गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नकामूरा के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरती। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर फेबियानो कारूआना और इयान नेपाम्नियाश्चि की बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो टाइब्रेक होता। गुकेश ने कहा मैं टाइब्रेकर की तैयारी कर रहा था। मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू की, हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है।

# अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी : नकवी

कराची, एजेंसी



● भारत के साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने को लेकर बोले पीसीबी अध्यक्ष

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय शृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट शृंखला खेलना शानदार होगा। नकवी ने कहा देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है। फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है।

## खेल डायरी

### भारत को अमेरिकी पिकलबॉल प्रतियोगिता में 10 पदक

**मुंबई।** स्ताव्य भसीन, धीरेन पटेल और हेमल जैन ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत अमेरिकी ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में 10 पदक जीतने में सफल रहा। भारत ने फ्लोरिडा में 14 से 20 अप्रैल तक हुई इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। भसीन ने जूनियर एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि पटेल पुरुष एकल 5.0 में शीर्ष पर रहे। हेमल ने पुरुष एकल 3.5 में शीर्ष स्थान हासिल किया। भसीन ने पुरुष युगल 5.0 में रजत और जूनियर पुरुष युगल तथा जूनियर मिश्रित युगल में कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। रोनव मोटवानी ने पुरुष युगल 5.0 और जूनियर एकल में दो रजत पदक जीतने के अलावा जूनियर पुरुष युगल में कांस्य पदक जीता। पुरुष एकल 5.0 में हिमांशु देवास्कर ने कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों की संख्या को दोहरे अंक तक पहुंचाया।

### सिटसिपास को हराकर रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कैरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

### ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली धावक पर लगा प्रतिबंध

**मोनाको।** तोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 तोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी।

### भावेश, सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया।

### रमित टंडन व एल गोयूना स्क्वाश टूर्नामेंट में हारे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतर्राष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इससे पहले दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया था।

# तिलक के अर्धशतक से संभली मुंबई

## राजस्थान रॉयल्स को दिया 180 का लक्ष्य, संदीप ने झटके पांच विकेट, वढेरा अर्धशतक से चूके

जयपुर, एजेंसी

तिलक वर्मा के अर्धशतक और निहाल वढेरा के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 179 रन बनाए।

वर्मा ने 45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों की मदद से 65 रन की पारी खेलने के अलावा वढेरा (49) के साथ पांचवें विकेट के लिए 99 रन जोड़कर टीम को खराब शुरुआत से उबरा जो 52 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई इंडियन्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में छह रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (06) और इशान किशन (00) के विकेट गंवा दिए।

ट्रेंट बोल्ट के पारी के पहले ओवर में ही बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित गेंद को हवा में लहरा गए और विकेटकीपर संजू सैमसन ने आसान कैच लपका। अगले ओवर में संदीप शर्मा ने इशान को कप्तान सैमसन के हाथों कैच कराके मुंबई को दूसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव (10) ने बोल्ट पर दो चौके मारे लेकिन संदीप की गेंद को मिड ऑन पर रोवमैन पावेल के हाथों में खेल गए। मोहम्मद नबी (23) ने आवेश खान की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके लगाए जिससे टीम ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। युजवेंद्र चहल नबी को अपनी ही गेंद पर लपककर आईपीएल में 200 विकेट के आंकड़े को छूने वाले पहले गेंदबाज बने और मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 52 रन किया।

वर्मा ने रविचंद्रन अश्विन पर छक्का और आवेश पर चौका मारा जबकि निहाल वढेरा ने चहल की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। वढेरा ने अश्विन की गेंद पर दो रन के साथ 13वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर आवेश पर दो छक्कों के साथ उनके ओवर में 19 रन बटोरे।

वर्मा ने चहल पर छक्के के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि वढेरा ने भी इसी ओवर में लगातार दो छक्के मारकर 16वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। वढेरा हालांकि अगले ओवर में बोल्ट की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर संदीप को आसान कैच दे बैठे। कप्तान हार्दिक पंड्या 10 गेंद में 10 रन बनाने के बाद आवेश की गेंद पर पगबाधा हुए। वर्मा ने पारी के अंतिम ओवर में संदीप की पहली गेंद पर पावेल को कैच थमाया। संदीप ने इसके बाद गेराल्ड कोएट्जी (00) और टिम डेविड (03) को आउट करके पारी में पांच विकेट पूरे किए।



रोहित का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते ट्रेंट बोल्ट। ● एजेंसी

**मुंबई 179/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 6 | 5 | 1/0 |
| इशान किशन का सैमसन बो संदीप | 0 | 3 | 0/0 |
| सूर्यकुमार यादव का पावेल बो संदीप | 10 | 8 | 2/0 |
| तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप | 65 | 45 | 5/3 |
| मोहम्मद नबी का एवं बो चहल | 23 | 17 | 2/1 |
| निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट | 49 | 24 | 3/4 |
| हार्दिक पंड्या पगबाधा बो आवेश | 10 | 10 | 1/0 |
| टिम डेविड का पराग बो संदीप | 3 | 5 | 0/0 |
| गेराल्ड कोएट्जी का हेटमायर बो संदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| पीयूष चावला नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 2 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

### बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल



**बर्लिन।** महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था।

नडाल ने कहा अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं। नडाल लंबे समय से चोटों से जूझ रहे है और इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप इनडोर पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप के बीच खेली जाती है।

## चेपॉक में मिलेगी लखनऊ को चुनौती

चेन्नई, एजेंसी





● पिछले सप्ताह लखनऊ में चेन्नई सुपर किंग्स को करना पड़ा था हार का सामना

गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था।

केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई।

## भाग्यशाली थे कोहली का विकेट मिल गया : सॉल्ट

कोलकाता, एजेंसी



● इंग्लैंड के बल्लेबाज ने समझाया कैसे काम करती है हॉक-आई प्रणाली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर हर्षित की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला होता है। सॉल्ट ने कहा कि इस फैसले पर अलग-अलग मत हो सकता है। हमारे नजरिए से हम खुशकिस्मत थे कि यह फैसला हमारे पक्ष में रहा।

### कोहली पर लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है।

## बॉलीवुड हलचल

### फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हुमा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हुमा कुरैशी इन दिनों विपुल मेहता के निर्देशन में बन रही फिल्म गुलाबी की शूटिंग गुजरात में कर रही है। इस फिल्म का निर्माण जिसे जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे और इकोलोन प्रोडक्शंस के विशाल राणा कर रहे हैं ।यह फिल्म अहमदाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें हुमा ऑटो रिक्शा ड्राइवर की भूमिका निभा रही हैं। वह ऑटो रिक्शा चलाने के साथ-साथ पढ़ना चाहती है और दूसरे लोगों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हुमा कुरैशी फिल्म गुलाबी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। विशाल राणा ने बताया, हम तपती गर्मी की चुनौतियों बीच वहां के क्षेत्रीय लोगों के साथ शूट कर रहे हैं। हुमा बहुत सशक्त अभिनेत्री हैं। वह बिना किसी शिकायत के दिन के बारह-बारह घंटे शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने काफी लंबा और सशक्त सीन सिर्फ एक टेक में शूट किया। कैमरे के सामने वह जितने शानदार तरीके से विविध भावनाएं प्रस्तुत करती हैं, उससे हम सब बहुत प्रभावित हैं।

### अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे अमिताभ



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ''कल्कि 2898 एडी'' के निर्माताओं ने इस फिल्म में अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म का एक छोटा सा टीजर वीडियो शेयर किया गया, जिसमें देखने को मिला कि सफेद कपड़े से ढका हुआ एक शख्स गुफा में बैठकर शिव लिंग की पूजा कर रहा है। फिर एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है, जो उससे पूछ रहा है कि क्या तुम मर नहीं सकते, तुम भगवान हो। कौन हो तुम। इसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं मैं द्वापर युग से दशावतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं। द्रोणाचार्य का पुत्र हूं अश्वत्थामा। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

## युकी ने बीएमडब्ल्यू ओपन टेनिस में जीता युगल खिताब



**म्यूनिख।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है।

इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था।

## मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था : मरीना

नई दिल्ली, एजेंसी



● 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर मिजोरम की युवा मिडफील्डर मरीना ने जताई खुशी

● 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप व 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में जाना है लक्ष्य

भारतीय महिला हॉकी टीम के 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने वाली मिजोरम की युवा और ऊर्जावान मिडफील्डर मरीना लालरामनघाकी ने कहा कि मुझे अपनी क्षमताओं पर भरोसा था। अपने चयन को लेकर मरीना ने कहा कि जब मुझे कोर ग्रुप में मेरे चयन की खबर मिली तो मैं खुशी से अभिभूत हो गई। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण था और मेरी आँखे भर आई। मुझे हमेशा आत्मविश्वास था मेरी क्षमताओं और सफल परीक्षणों ने मेरे विश्वास की पुष्टि की।

उन्होंने कहा मेरा अंतिम लक्ष्य 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम की सफलता में योगदान देना है। हालांकि, वर्तमान में मेरा ध्यान भारतीय टीम की टीम में जगह बनाना है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। हॉकी में मरीना का सफर 10 साल की उम्र में स्कूल के दिनों से शुरू हुआ। उनकी प्रतिभा को जल्द ही पहचाना गया, जिससे उनका चयन मिज़ोरम के थेनजॉल में साई महिला हॉकी अकादमी में हो गया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# अमेरिकी सेना में शामिल होंगे भारतीय सेना के प्रतिनिधि

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिकी सेना में जल्द ही भारतीय सैन्य प्रतिनिधियों की तैनाती होने जा रही है। कर्नल रैंक के ये प्रतिनिधि 3 अमेरिकी सैन्य कमांड में रहेंगे। इसका फैसला पिछले साल जून में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था।

अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ऐसा पहली बार हो रहा है जब अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने किसी देश के सैन्य प्रतिनिधि को अपनी तीनों प्रमुख कमांड में रहने का मौका दिया है। कमांड में भारतीय प्रतिनिधि की लायजनिंग ऑफिसर के तौर पर मौजूदगी का मकसद दोनों देशों के बीच अहम सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। इससे अमेरिका और भारत के रक्षा बलों के बीच संचालन क्षमता भी बढ़ेगी। फैसले के मुताबिक भारत की कमांड में भी अमेरिकी रक्षा अधिकारी तैनात होंगे। दोनों देशों का मानना है कि एक-दूसरे की सेना में इस तरह की नियुक्ति से आपसी सैन्य सहयोग बढ़ेगा। बता दें कि इस समय भारत दुनिया के विभिन्न देशों में अपने रक्षा प्रतिनिधि तैनात कर रहा है। अभी 62 देशों में भारत के रक्षा सलाहकार मौजूद हैं। इनकी संख्या 2030 तक बढ़ाकर 75 की जाएगी।

## भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा

**लंदन।** भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अब पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों से कुछ अलग हैं। तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा।

# पिछले साल सांसदों-विधायकों पर दर्ज 2 हजार मामलों का हुआ निपटारा

*सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया गया कि पिछले साल देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज कुल मामलों में से दो हजार से ज्यादा मामलों में फैसला हुआ। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने एक हलफनामा दायर कर यह जानकारी दी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें मांग की गई है कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट ने वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया को न्याय मित्र नियुक्त किया है।*



- 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 7928 उम्मीदवारों में से 1500 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 1070 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 17वीं लोकसभा (2019-2024) के लिए चुने गए 514 उम्मीदवारों में से 225 सदस्यों यानी कि 44 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। मामले में सुप्रीम कोर्ट की मदद कर रहे वकील हंसारिया ने हलफनामे में बताया कि 1 जनवरी 2023 तक 4,697 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें से 2,018 मामलों में बीते साल फैसला हो गया। हलफनामे में बताया गया कि साल 2023 में नेताओं के खिलाफ 1746 नए मामले दर्ज हुए। ऐसे में 1 जनवरी 2024 तक नेताओं के खिलाफ लंबित आपराधिक मुकदमों की कुल संख्या 4,474 हो गई है।
- उच्च न्यायालयों से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक सूची भी दाखिल की, जिसमें एक जनवरी, 2023 तक सांसदों के खिलाफ 4,697 आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे और पिछले वर्ष 2,018 मामलों पर फैसला सुनाया गया। हलफनामे के मुताबिक, 2023 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,746 नये आपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए और एक जनवरी, 2024 तक कुल 4,474 मुकदमे लंबित हैं।

### जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सुनवाई में आई तेजी

विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एमपी/एमएलए कोर्ट में सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई में तेजी आई है। हालांकि कोर्ट द्वारा और दिशा निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि लंबित मामलों की भी जल्द सुनवाई हो सके। हलफनामे में कहा गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालयों द्वारा सख्ती से समीक्षा की जानी चाहिए। वकील विजय हंसारिया ने कोर्ट में एनजीओ एडीआर की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कुल 2,810 उम्मीदवारों में से 501 उम्मीदवार यानी कि 18 प्रतिशत उम्मीदवार दागी हैं। इनमें से भी 327 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें जनप्रतिनिधि अगर दोषी पाए गए तो उन्हें पांच साल या ज्यादा की सजा हो सकती है।

### इन राज्यों में निपटाए गए मामले

हलफनामे के अनुसार, उत्तर प्रदेश की एमपी-एमएलए कोर्ट में दर्ज 1300 मामलों में से 766 बीते साल निपटाए गए। दिल्ली में दर्ज 105 मामलों में से 103 का निपटारा बीते साल कर दिया गया। इसी तरह महाराष्ट्र में 476 मामलों में से 232 में फैसला हो गया। बंगाल के 26 में से 13 में, कर्नाटक में 226 में से 150 मामलों, केरल में 370 में से 132, बिहार में 525 मामलों में से 171 में फैसला हो चुका है। हलफनामे के अनुसार, लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। जिनके अनुसार, तीन साल से ज्यादा समय से लंबित मामलों में राज्यों के संबंधित हाईकोर्ट्स समीक्षा रिपोर्ट तलब करें। साथ ही मांग की गई कि नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड की तरह एक वेबसाइट बनाई जाए, जिससे लंबित मामलों की रियल टाइम जानकारी इस पर अपलोड की जाए। सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाने की मांग की गई है, जो लंबित मामलों की समीक्षा करे।

## एक नजर



### मंगलुरु ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते श्रद्धालु

**मंगलुरु।** कर्नाटक के कतील में दुर्गा परमेश्वरी मंदिर में हर साल अप्रैल में अग्नि केली उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालु 8 दिन का उपवास करते हैं। उत्सव के आखिरी दिन वे ताड़ के जलते पत्तों को एक-दूसरे पर फेंकते है, मान्यता है कि इससे देवी-देवता खुश हो जाते हैं।

### श्रीलंका में भी होगी रामायण यात्रा विकसित करने में मदद करेगा भारत

**कोलंबो।** श्रीलंका में रामायण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को विकसित करने के लिए रामायण ट्रेल की का उद्घाटन किया गया है। इसे लेकर श्रीलंका में भारतीय राजदूत संतोष झा ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों से अपने आवास में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि श्रीलंका में रामायण से जुड़ी ऐतिहासिक जगहों को जोड़ने के लिए भारत द्वारा क्या मदद की जा सकती है। इस दौरान भारतीय राजदूत ने ट्रस्ट के ट्रेजरी गोविंद देव गिरी महाराज से भी मुलाकात की। बता दें कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या राम मंदिर के निर्माण को तैयार करने वाली संस्थाओं में से एक है।

### चीन के लिए जासूसी करने के संदेह में तीन जर्मन गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी में चीन के लिए जासूसी करने और सेना की ओर से संभावित तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली प्रौद्योगिकी की जानकारी भेजने के संदेह में सोमवार को तीन जर्मन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। अभियोजकों ने बताया कि तीन जर्मन नागरिकों पर जून 2022 से कुछ समय पहले से चीनी खुफिया विभाग के लिए काम करने का आरोप है। उन पर जर्मन निर्यात कानूनों का उल्लंघन करने का भी संदेह है। संघीय अभियोजकों ने बताया कि कि जर्मनी गोपनीयता कानूनों की वजह से संदिग्धों में से एक की पहचान केवल थॉमस आर के रूप में की गई है जो कथित तौर पर चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय के एक कर्मचारी का एजेंट था।

### वकीलों का आरोप- डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के दौरान तोड़ा कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं लेकिन इससे पहले रिपब्लिकन उम्मीदवार और अमेरिका के ट्रंप के खिलाफ कोर्ट में गुप्त धन से संबंधित मामले में सुनवाई हो रही है। ट्रंप पर इस तरह का पहला आपराधिक मुकदमा चल रहा है। सुनवाई के दौरान वकील मैथ्यू कोलांगलो ने बताया कि ये पूरी तरह से साजिश और धोखेबाजी से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार करने के लिए एक आपराधिक योजना बनाई।

# सियाचिन साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प की राजधानी: राजनाथ

## दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पहुंचे रक्षा मंत्री, बोले- यह सामान्य भूमि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और इसे भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी बताया। उन्होंने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों से भी बातचीत की। उन्होंने उनके साथ मिठाइयों का आदान-प्रदान भी किया।

राजनाथ सिंह ने कहा, दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर आप जिस तरह से देश की रक्षा करते हैं, उसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। सियाचिन की भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है। यह देश की संप्रभुता और दृढ़ता का प्रतीक है।

राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, 'सियाचिन हमारे राष्ट्रीय संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, मुंबई हमारी आर्थिक राजधानी है और हमारी तकनीकी राजधानी बेंगलुरु है। सियाचिन भारत की वीरता और बहादुरी की राजधानी है।' इस अवसर पर सेना प्रमुख मनोज पांडे भी रक्षा मंत्री के साथ रहे। इस अवसर पर, लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में कुमार की पोस्ट पर 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे क्योंकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद जवानों ने नारे लगाए। राजनाथ सिंह 24 मार्च को सैनिकों के साथ होली मनाने के लिए सियाचिन जाने वाले थे, लेकिन 'खराब मौसम' के कारण कार्यक्रम को बदलकर लेह कर दिया गया, जहां रक्षा मंत्री ने लेह सैन्य स्टेशन पर सशस्त्र बलों के साथ इस अवसर का जश्न मनाया।



सोमवार को सियाचिन के बेस कैंप में मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और सैनिक।

### माइनस 40 डिग्री में रह रहे सैनिक

13 अप्रैल को बैसाखी के दिन पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ऑपरेश शुरू हुआ। इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती पाक सेना नहीं, बल्कि वहां का माइनस 40 डिग्री तापमान था। यहां ऑक्सीजन की कमी और बर्फीली हवाएं जान लेने पर उतारू थीं, लेकिन सेना के जवानों की हिम्मत के आगे वो भी नहीं टिक सकीं।

### ऐसे सियाचिन को किया गया सुरक्षित

इसके बाद भारतीय वायुसेना के हंटर विमान ने लेह के ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्र से लड़ाकू अभियान शुरू किया। लेह से जैसे-जैसे ग्लेशियर के ऊपर बड़ी संख्या में हमले किए जाने लगे, इसने ग्लेशियर पर तैनात भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। इसके बाद चीता और एमआई 8 हेलीकॉप्टर्स ने उड़ान भरी और बिलाफोंड ला और सिया ला चोटियों को सुरक्षित कर लिया। बाद में पूरे ग्लेशियर को ही सुरक्षित कर लिया गया।

## सैन्य खुफिया प्रमुख ने विफलताओं की जिम्मेदारी ले पद से दिया इस्तीफा

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा, हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजरायल की सुरक्षा में सेंध लगायी थी। युद्ध के कुछ ही समय बाद, हलीवा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि सरकार और सेना को खुफिया चेतावनियां और दैनिक अलर्ट प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सैन्य विभाग के प्रमुख के रूप में हमले को न रोक पाने का दोष उन पर है और वह इस आरोप को स्वीकार करते हैं। आपको बता दें कि सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों की तरफ से किए गए हमले में करीब 1200 लोगों की मौत हो गई थी 200 से ज्यादा नागरिकों को बंधक बना लिया गया था।



# आतंकवाद को खत्म करने के लिए ईरान-पाक सहमत



पाकिस्तान में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ मौजूद पीएम शहबाज शरीफ।

इस्लामाबाद, एजेंसी

- इजराइल से तनाव के बीच ईरान आपसी व्यापार बढ़ाएगा

पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद किसी देश के पहले राष्ट्र प्रमुख के रूप में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरानी राष्ट्रपति ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमति व्यक्त की है। दोनों पड़ोसियों ने कथित आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ जैसे को तैसा हवाई हमले किए जाने के महीनों बाद आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।

राज्य संचालित रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को पीएम शहबाज और ईरानी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच व्यापार और संचार बढ़ाने पर चर्चा की।

संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा कि ईरान-पाकिस्तान के बीच वर्तमान व्यापार संतोषजनक नहीं है, पहले कदम के रूप में हमने इसे बढ़ाकर 10 अरब डॉलर करने का निश्चय किया है। शहबाज ने कहा कि विवाद की चुनौतियों के बीच पाकिस्तान और ईरान के बीच संधि को मजबूत करना होगा। शहबाज ने रायसी को राजनीतिक बुद्धिमत्ता और विवेक का महासागर बताया और कहा कि उनके नेतृत्व में ईरान आगे बढ़ेगा।

## रथ खींचने की मची होड़



**मदुरै :** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में चिथिराई उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्री थायुमानवर मंदिर के रथ खींचे। यह रथ शहर की सड़कों से होकर गुजरा। इसी के साथ मट्टुवरकुझालम्मी के देवता का भी रथ खींचा गया। उत्सव के 11वें दिन चिथिराई के मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मीनाक्षी अम्मन मंदिर में एकत्रित हुए। यह उत्सव 12 अप्रैल से शुरू हुआ था। इस दौरान भक्तों ने मीनाक्षी सुंदर महादेव, सोम सुंदर महादेव, हर हर शंकर महादेव, संबो शंकर-महादेव, कदंबवन सुंदर - महादेव और आल्लाला सुंदर महादेव का जाप करते हुए रथ खींचा। ● एजेंसी

## उपचुनाव में नवाज शरीफ की पार्टी का दबदबा, 10 सीटें जीती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हुए उपचुनाव में सत्ताधारी पीएमएलएन पार्टी का दबदबा देखने को मिला है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएलएन ने उपचुनाव में नेशनल असेंबली की दो सीटों और प्रांतीय असेंबली की 10 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह दावा किया गया है।

पाकिस्तान में कुल पांच नेशनल असेंबली सीटों, जिनमें पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा की दो-दो नेशनल असेंबली सीट और सिंध की एक नेशनल असेंबली सीट पर उपचुनाव हुए। बलूचिस्तान की भी दो असेंबली सीटों पर उपचुनाव कराए थे, जिनमें सबसे ज्यादा नवाज को सीट मिलीं हैं।

# मिथुन, उषा समेत 67 हस्तियां सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को 67 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। 25 जनवरी को ये सम्मान घोषित किए गए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत कुछ लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत कुछ हस्तियों को पद्मश्री दिया गया। इस बार 2024 के लिए 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है।

आज के समारोह में इनमें से कुछ हस्तियों को सम्मान नहीं मिल सका, इन्हें अगले हफ्ते सम्मानित किया जाएगा। पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को पद्म भूषण से सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

**विज्ञान** हर वर्ष की तरह 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी उल्कावृष्टि

# लिरिड रोमांचक आसमानी आतिशबाजी शुरू

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लिरिड उल्कापात यानी रोमांचक आसमानी आतिशबाजी सोमवार रात से शुरू हो गई है। जिसके मंगलवार रात तक चरम पर रहने की संभावना है। यह उल्कावृष्टि हर वर्ष इसी दौरान होती है। जो 23 अप्रैल रात तक चरम पर रहेगी।

आकाशीय घटनाओं में उल्कावृष्टि सर्वाधिक रोमांचक मानी जाती है। साल में कई मौके आते हैं, जब इस खगोलीय घटना का लुत्फ उठाया जा सकता है। लिरिड उल्का बौछार हर साल जनवरी की शुरुआत और अप्रैल के अंत के बीच होती है। इस वर्ष 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। जिसके 23 अप्रैल की रात तक जारी रहने की संभावना है। हालांकि चांदनी रात के कारण इस घटना मे उल्काओं की संख्या कम ही देखी जा सकती है, लेकिन बड़े आकार के रंगबिरंगी उल्काओं को देखने का मौका अवश्य मिलेगा।

बुधवार से उल्काओं की संख्या मे कमी आ जाएगी। मगर 29 अप्रैल तक इस घटना को देखा जा सकेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि प्रति घंटे 10 से 15 लिरिड्स उल्कापात देखे जा सकते हैं।

चांदनी रात के कारण इस वर्ष भले ही इनकी संख्या कम नजर आएगी, लेकिन पूर्व में इनकी संख्या 100 प्रति घंटे की दर से भी देखी गई हैं। अधिकांश उल्कापात किसी गुजरते धूमकेतु के मलबे के कारण होते हैं। लिरिड्स उल्कापात धूमकेतु थैचर के छोड़े गए मलवे के कारण होती है।



नैनीताल से लिया गया उल्कावृष्टि का नजारा (**फाइल फोटो**)

### एस्ट्रोटूरिज्म का रोमांचक हिस्सा है उल्कावृष्टि

उल्कावृष्टि एस्ट्रोटूरिज्म का सर्वाधिक लोकप्रिय हिस्सा माना जाता है। हालांकि भारत में इस पर्यटन को लेकर अधिक लोग नही जानते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में यह पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी भागीदारी निभाता है। भारत में इस पर्यटन की शुरुआत करीब एक दशक पहले हुई। पर्वतीय क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता है। नगरीय क्षेत्रों में प्रकाश प्रदूषण के कारण एस्ट्रोटूरिज्म की संभावना बहुत कम हो जाती है।

# 66 हजार भारतीयों को अमेरिकी नागरिकता

- रिपोर्ट से खुलासा, नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बना भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की नवीनतम संसदीय रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 65,960 भारतीय आधिकारिक तौर पर अमेरिका के नागरिक बन चुके हैं। इसी के साथ मैक्सिको के बाद भारत अब अमेरिका के लिए नए नागरिकों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है। 2022 तक चार करोड़ 60 लाख विदेशी मूल के नागरिक अमेरिका में निवास कर रहे थे, जो कि 33 करोड़ 30 लाख जनसंख्या वाले देश का 14 प्रतिशत है।

15 अप्रैल की नवीनतम यूएस नेचुरलाइजेशन पॉलिसी रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022 में 969,380 लोग नियमानुसार अमेरिकी नागरिक बने। अमेरिका में नियमानुसार नागरिकता मिलने के मामले में मैक्सिको पहले स्थान पर है, इसके बाद भारत, फिलीपींस, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य के लोग शामिल हैं।

नवीनतम सीआरएस रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में मैक्सिको के 1,28,878 लोगों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। उनके अलावा भारत के 65,960, फिलीपींस के 53,413, क्यूबा के 46,913, डोमिनिकन गणराज्य के 34,525, वियतनाम के 33,246 और चीन के 27,038 नागरिकों को अमेरिकी नागरिकता दी गई थी। सीआरएस की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 तक अमेरिका में विदेशी मूल के नागरिकों में 28,31,330 लोग भारत से थे। बता दें कि मैक्सिको (1,06,38,429) के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। इसके अलावा 22,25,447 लोग चीन से हैं।

### 42 फीसदी लोग नागरिकता के लिए अयोग्य




आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में रह रहे भारत में जन्मे कुल लोगों में से 42 फीसदी ऐसे हैं, जो कि मौजूदा समय में अमेरिकी नागरिकता के लिए अयोग्य हैं। 2023 तक भारत में जन्मे लगभग 290,000 विदेशी नागरिक जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड पर थे, वे अब नागरिकता के पात्र हो चुके हैं। कुछ जानकारों ने अमेरिका के आव्रजन विभाग के नागरिकता के आवेदनों पर कार्यवाही को लेकर चिंता जताई है।

## स्वदेश लौटने के बाद पहली विदेश यात्रा पर चीन जाएंगे नवाज

**इस्लामाबाद।** तीन बार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सोमवार को चीन की पांच दिवसीय निजी यात्रा पर जाएंगे। यहां वह अपना मेडिकल चेकअप कराएंगे। ब्रिटेन में चार साल के आत्म-निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटने के बाद 74 वर्षीय शरीफ की यह पहली अंतर्राष्ट्रीय यात्रा होगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो के साथ उनकी 'निजी यात्रा' पर विदेश मंत्री इशाक डार भी होंगे। पार्टी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि शरीफ की यात्रा निजी है और यात्रा के दौरान उनका मेडिकल चेकअप होगा। सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंजाब प्रांत के विकास कार्यों से संबंधित बैठकें भी करेंगे और चीनी कंपनियों के मालिकों से भी मुलाकात करेंगे।